वर्ष- 13 अंक - 86
लखनऊ, बुधवार 26 नवम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



राम भेद से नहीं, भाव से जुड़ते हैं : केशव प्रसाद मौर्य 03
डीएम-एसपी ने सिमौनी धाम मेले की तैयारियों का लिया जायजा 12

## -: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,23,980/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,13650/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 92,990/10 ग्राम |
| चांदी | = 161,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### विंध्यधाम को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपित गिफ्तार

**मिर्ज़ापुर।** उत्तर प्रदेश में मीरजापुर जिले का विंध्याचल धाम सोमवार देर रात उस समय दहल उठा जब पुलिस कंट्रोल रूम को मां विंध्यवासिनी मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी देने वाले का मोबाइल नंबर ट्रेस कर पुलिस ने प्रयागराज के सिविल लाइंस इलाके में रहने वाले 42 वर्षीय मयंक को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में उसे लगभग 20 वर्षों से मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। मीरजापुर पुलिस ने प्रयागराज पुलिस से समन्वय कर तुरंत कार्रवाई की। तलाशी अभियान में सीओ सिटी, बम डिस्पोजल टीम, एलआईयू, एलीटेज विभाग, मंदिर धाम सुरक्षा प्रभारी तथा थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल शामिल रहा।

### बदरी विशाल के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट मंगलवार शुभ मुहूर्त में अपराह्न 2 बजकर 56 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गये। मान्यता है कि छह माह मनुष्य और छह माह दवेता भगवान बदरीनाथ की पूजा करते हैं। आज पूरे विधि-विधान और अंखड दीपक की रोशनी में मां लक्ष्मी और भगवान बदरीनाथ को घृत कंबल ओढ़ा कर कपाट बंद किये गये। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भगवान बदरी विशाल में 16 लाख 60 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए।

### बिहार को एआई हब बनाने की तैयारी

**पटना।** नई सरकार के गठन के बाद मंगलवार को पहली मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य में 'बिहार आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस मिशन' को स्थापित किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुये मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी। मंत्रिपरिषद की बैठक के उपरांत पारित किये गये प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने दी।

### जॉर्जिया में बरेली के मेडिकल छात्र की खाई में गिरकर मौत

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के देवरनिया क्षेत्र के रहपुरा गनीमत गांव के एमबीबीएस छात्र मोहम्मद सफ़वान जॉर्जिया में एक हादसे का शिकार हो गया। यूनिवर्सिटी के पास घूमते वक्त सफ़वान का पैर फिसल गया और गहरी खाई में गिरने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने इस हादसे की खबर परिवार दी है। छात्र मोहम्मद सफ़वान जॉर्जिया की सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ यूरोप में एमबीबीएस अंतिम वर्ष का छात्र था। हादसे में मौत की खबर से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता इरफान अहमद बेटे की मौत से गमजदा हैं। उनका कहना है कि डॉक्टर बनाने का सपना देखा था लेकिन इस हादसे से सब खत्म हो गया।

### पश्चिम बंगाल में एसआईआर के बाद 10 लाख से अधिक नाम मतदाता सूची से हटने का अनुमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद निर्वाचन आयोग का अनुमान है कि राज्य की मतदाता सूची से 10 लाख से अधिक नाम हटाए जाएंगे। यह अनुमान दोस्तरीय अधिकारियों द्वारा संकलित और बीएलओ ऐप पर अपलोड किए गए प्रपत्रों के प्रारम्भिक मूल्यांकन के आधार पर लगाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि हटाए जाने वाले नामों में मृत मतदाता, दोहरी प्रविष्टियां, अन्य राज्यों में स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके मतदाता तथा लापता अथवा अनुपलब्ध मतदाता शामिल होंगे।

# श्रीराम मंदिर पर मोदी ने फहरायी धर्म ध्वजा

**जयश्रीराम के उद्घोष से गूजा परिसर**

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने ध्वज फहराया।

इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के जरिए 'संकल्प सिद्धि' के लिए रामनगरी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत हुआ। रोड शो और पूजा अर्चना के बाद उन्होंने संघ प्रमुख भागवत के साथ ध्वजारोहण का कार्य पूरा किया।

इस दौरान जयश्रीराम, जय जय हनुमान के गगनभेदी नारों संग अयोध्यावासियों ने प्रधानमंत्री के काफिले पर पुष्पवर्षा भी की। श्रीराम की अयोध्या ने प्रधानमंत्री का पूरे रास्ते में अभूतपूर्व स्वागत किया।

अयोध्यावासियों के एक हाथ में भगवा ध्वज तो दूसरे हाथ में तिरंगा फहरा रहा था। वहीं स्वागत से अभिभूत प्रधानमंत्री ने भी हाथ हिलाकर अयोध्यावासियों का अभिवादन किया। अयोध्या पहुंचने पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया।





### ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मंगलवार को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है। प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान एवं आत्मगौरव का प्रतीक है। श्री योगी ने अपनी बातों का आगाज सियावर रामचंद्र भगवान, माता जानकी, सरयू मैया की जय, भारत माता की जय और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ किया। मुख्यमंत्री के साथ ही समूचा मंदिर परिसर जय-जयकार से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने भव्य मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले कर्मयोगियों का भी अभिनंदन किया।

### भारत को गुलामी की मानसिकता से दूर करके रहूंगा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अयोध्या के राम मंदिर के शिखर पर औपचारिक रूप से धर्म ध्वज फहराया और कहा कि भारत को गुलामी की मानसिकता से दूर करके ही रहेंगे। इस दौरान उन्होंने राम के अस्तित्व को नकारने वालों को भी निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं संपूर्ण विश्व के करोड़ों राम भक्तों को इस अविस्मरणीय क्षण की इस अद्वितीय अवसर की शुभकामनाएं देता हूं। श्री मोदी ने कहा कि मैं आज उन सभी भक्तों को भी प्रणाम करता हूं हर उस दानवीर को भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए अपना सहयोग दिया। मैं राम मंदिर निर्माण से जुड़े हर श्रमवीर, हर कारीगर, हर योजनाकार, हर वास्तुकार का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि आने वाली सदियां और सहस्त्र शताब्दियों तक ये धर्म ध्वज प्रभु राम के आर्दशों और सिद्धांतों का उद्घोष करेगा, ये धर्म ध्वज आह्वान करेगा कि सत्य की जीत होती है असत्य की नहीं।

### आज सदियों के घाव भर गए, सदियों का संकल्प सिद्धि को प्राप्त हुआ : भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्मध्वज फहराने को ऐतिहासिक बताया है और कहा कि आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन है। राम मंदिर के निर्माण के लिए न जाने कितने लोगों ने प्राण न्योछावर किए, आज उन सबकी आत्मा तृप्त हुई होगी। डॉ. भागवत ने श्रीराम मंदिर आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि आज सदियों के घाव भर गए हैं और सदियों का संकल्प सिद्धि को प्राप्त हो गया है और 500 से चल रहे यज्ञ की पूर्णाहुति हो गई है। यह धर्मध्वज सहस्र शताब्दियों तक उद्घोष करेगा। सूर्य भगवान उस संकल्प का प्रतीक हैं।

गौरतलब है कि श्री मोदी आज सुबह अयोध्या पहुंचे। साकेत महाविद्यालय पर उनका हेलीकॉप्टर उतरा। वहां से काफिले संग टेढ़ी बाजार होते हुए उन्होंने श्रीराम मंदिर परिसर में प्रवेश किया। इस दौरान अयोध्यावासियों ने जयश्रीराम, जय जय हनुमान के गगनभेदी नारों संग उनका स्वागत किया। अयोध्यावासी एक हाथ में भगवा ध्वज तो दूसरे हाथ में तिरंगा फहराते हुए प्रधानमंत्री का स्वागत करते रहे। प्रधानमंत्री ने भी पूरे रास्ते में हाथ हिलाकर अयोध्यावासियों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री ने सप्त मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुह्य और माता शबरी मंदिर में पहुंचकर प्रधानमंत्री ने शीश झुकाया। प्रधानमंत्री ने शेषावतार मंदिर व माता अन्नपूर्णा मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया।

श्री मोदी अयोध्या में साकेत विश्वविद्यालय हैलीपेड पहुंचे। यहां श्री योगी और राज्यपाल पटेल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की तरफ प्रस्थान किया।

श्री राम मंदिर परिसर में राम दरबार पहुंचकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दर्शन-पूजन और आरती की।

यहां पुजारियों ने तीनों विशिष्टजनों को राम नामी गमछा ओढ़ाया व प्रसाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस प्रमुख भागवत ने विधिविधान से पूजन-अर्चन कर रामलला का भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भारत शिपबिल्डिंग, शिप रिपेयर और समुद्री इनोवेशन का ग्लोबल हब बनेगा : राजनाथ

**हमारे कुछ शिपयार्ड इस दशक में 100 फीसदी स्वदेशी कंटेंट हासिल करने की राह पर**

एजेंसी, नई दिल्ली।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भरोसा जताया है कि आने वाले एक दशक में भारत शिपबिल्डिंग, शिप रिपेयर और समुद्री इनोवेशन के लिए एक ग्लोबल हब बनेगा। उन्होंने कहा कि आज हम एयरक्राफ्ट कैरियर से लेकर एडवांस्ड रिसर्च वेसल और एनर्जी बचाने वाले कमर्शियल जहाज तक सब कुछ डिलीवर करने में सक्षम हैं। दुनिया के समुद्री इतिहास में भारत की छाप है। हमारे पुरखों के लिए समुद्र सरहद नहीं थे, वे सांस्कृतिक, आर्थिक और स्ट्रेटेजिक जुड़ाव के पुल थे। आज इस विरासत का सम्मान करते हुए हम पुरानी यादों से पीछे मुड़कर नहीं देखते, बल्कि हम एक मकसद के साथ आगे देखते हैं।

रक्षा मंत्री मंगलवार को नई दिल्ली में 'समुद्र उत्कर्ष' सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने न सिर्फ मसालों, कपास और मोतियों का व्यापार किया, बल्कि वे महाद्वीपों के पार विचार, मूल्य और संस्कृति भी ले गए। भारत के लिए समुद्री व्यापार पर निर्भरता खास तौर पर ज्यादा है। भारत का लगभग 95 फीसदी व्यापार वॉल्यूम के हिसाब से और लगभग 70 फीसदी वैल्यू के हिसाब से समुद्री रास्तों से होता है। ऐसा हिंद महासागर में भारत की स्ट्रेटेजिक लोकेशन और 7,500 किमी. लंबी कोस्टलाइन की वजह से भी है। ट्रांसपोर्टेशन का यह तरीका महाद्वीपों के बीच बल्क कार्गो ले जाने, ग्लोबल सप्लाई चेन को आसान बनाने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं को सपोर्ट करने का सबसे सस्ता और कुशल तरीका बना हुआ है।

### सिर्फ देश की रक्षा ही नहीं, बल्कि इंसानियत की भी सेवा की

रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल ही में हमने म्यांमार भूकंप के दौरान ऑपरेशन ब्रह्मा लॉन्च किया, जिसमें भारतीय जहाज सतपुड़ा, सावित्री, घड़ियाल, करमुक जैसे स्वदेशी प्लेटफॉर्म तैनात किए गए, जिनसे बड़े पैमाने पर ज़रूरी मानवीय राहत पहुंचाई गई। भारत में बने प्लेटफॉर्म ने बार-बार दिखाया है कि वे सिर्फ देश की रक्षा ही नहीं, बल्कि इंसानियत की भी सेवा करते हैं।

# अरुणाचल हमारा, इस पर भारत का कब्जा अवैध : माओ निंग

**भारतीय मूल की महिला से बदसलूकी के आरोप भी नकारे**

एजेंसी, बीजिंग।

चीन ने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया है। मंगलवार को चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि जांगनान (अरुणाचल प्रदेश) हमारा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चीन ने भारत के अवैध तरीके से बसाए अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी।

चीन का यह बयान भारतीय महिला पेम वांगजॉम थांगडॉक के साथ शंघाई एयरपोर्ट पर बदसलूकी के आरोपों के सवाल पर आया। चीन ने पेम के साथ बदसलूकी के आरोपों को भी नकार दिया है। माओ ने कहा कि महिला के साथ कोई जबरदस्ती, हिरासत या परेशान करने जैसा व्यवहार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि एयरलाइन ने महिला को आराम, पानी और खाने की सुविधा भी दी। ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय पेम ने आरोप लगाया था कि चीनी अधिकारियों ने उनके भारतीय पासपोर्ट को अवैध बताया था, क्योंकि उसमें जन्मस्थान के तौर पर अरुणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। वह 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही थीं। शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पर उनका 3 घंटे का ट्रांजिट था। चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी है।



वो अरुणाचल को 'दक्षिणी तिब्बत' का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है, इसका अंदाजा वहां के एक रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है। 2015 में चाइनीज एकेडमी ऑफ सोशल साइंस के रिसर्चर झांग योंगपान ने ग्लोबल टाइम्स को कहा था कि जिन जगहों के नाम बदले गए हैं वो कई सौ सालों से हैं। चीन का इन जगहों का नाम बदलना बिल्कुल जायज है। पुराने समय में जांगनान (चीन में अरुणाचल को दिया नाम) के इलाकों के नाम केंद्रीय या स्थानीय सरकारें ही रखती थीं। इसके अलावा इलाके के जातीय समुदाय जैसे तिब्बती, लाहोबा, मोंबा भी अपने अनुसार जगहों के नाम बदलते रहते थे। जब जैंगनेम पर भारत ने गैर कानूनी तरीके से कब्जा जमाया तो वहां की सरकार ने गैर कानूनी तरीकों से जगहों के नाम भी बदले। झांग ने ये भी कहा था कि अरुणाचल के इलाकों के नाम बदलने का हक केवल चीन को होना चाहिए।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी, 15 फरवरी को भारत-पाकिस्तान की टक्कर

**आठ जगहों पर 29 दिन में होंगे 55 मैच**

एजेंसी, मुंबई।

भारत-श्रीलंका की मेजबानी में अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड की तारीखों का ऐलान हो गया है। टूर्नामेंट की शुरुआत सात फरवरी से होगी। पहला मैच भारत और यूएसए के बीच मुंबई में होगा। फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा। वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार 20 टीम हिस्सा लेने जा रही है। मुंबई में मंगलवार शाम एक भव्य समारोह में आईसीसी चेयरमैन, बीसीसीआई अध्यक्ष समेत रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हरमनप्रीत कौर सरीखे दिग्गजों की मौजूदगी में इसकी घोषणा हुई।




वर्ल्ड क्रिकेट के दो सबसे बड़े चिर प्रतिद्वंद्वि यानी भारत और पाकिस्तान की टक्कर 15 फरवरी को कोलंबो के आर। प्रेमदासा स्टेडियम में होगा। एशिया कप में फाइनल समेत तीन मैच में भारत से मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान बदले की आग में जल रहा होगा। पाकिस्तान वाला मुकाबला भारत का तीसरा ग्रुप मैच होगा। सात फरवरी को मुंबई में यूएसए से भिड़ने के बाद भारत का अगला मैच 12 फरवरी को दिल्ली में नामीबिया से होगा। उसके बाद पाकिस्तान से 15 फरवरी को कोलंबा में भिड़ेगा और अपना आखिरी ग्रुप मैच 18 फरवरी को अहमदाबाद में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेगा। टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के दौरान एक दिन में तीन मैच होंगे।

### इन आठ जगहों पर होंगे वर्ल्ड कप के मैच

भारत में मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता और चेन्नई को बतौर मेजबान चुना गया है जबकि श्रीलंका में कोलंबो के दो स्टेडियम और कैंडी में मैच खेले जाएंगे। इस तरह सात शहरों के आठ अलग-अलग मैदानों पर वर्ल्ड कप होगा।

### 55 मैच के बाद मिलेगा चैंपियन

टूर्नामेंट में कुल 55 मुकाबले खेले जाएंगे। भारत बतौर डिफेंडिंग चैंपियन टूर्नामेंट में उतरेगा। पिछली बार अपनी कप्तानी में भारत को खिताब जिताकर टी-20 फॉर्मेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा को इस बार टूर्नामेंट का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है।

# दिल्ली धमाके में गिरफ्तार आतंकी डॉ. मुजम्मिल को अल-फलाह विवि लेकर पहुंची एनआईए

एजेंसी, पलवल।

दिल्ली ब्लास्ट में शामिल हरियाणा के फरीदाबाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार किए गए आतंकी डॉ. मुजम्मिल शकील को मंगलवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम लेकर फरीदाबाद पहुंची। टीम ने उसे फरीदाबाद, सोहना और फतेहपुर तगा में अलग-अलग जगहों पर ले जाकर करीब चार घंटे तक जांच और पूछताछ की। इस दौरान उसके ठिकानों की बारीकी से पड़ताल की गई।

पुलिस के अनुसार सबसे पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मुजम्मिल को अल-फलाह यूनिवर्सिटी लेकर पहुंची, जहां वह पढ़ाई के साथ रह भी रहा था। जांच टीम ने उसके हॉस्टल रूम, पढ़ाई से जुड़े स्थान, मेडिकल केबिन और




उन जगहों की शिनाख्त करवाई जहां वह मरीजों का इलाज करता था।

टीम ने यह पता लगाया कि परिसर में उसकी गतिविधियां क्या थीं और वह किन छात्रों के संपर्क में रहता था।

टीम ने उसकी अलमारी को भी दोबारा खंगाला। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी टीम ने उसे उस स्थान पर लेकर गई जहाँ से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट 10-12 सूटकेस में भरा हुआ मिला था। यहाँ लगभग 15-20 मिनट तक पूछताछ हुई कि यह रसायन क्यों और किस मकसद से जमा किया गया था। इसके बाद टीम फतेहपुर तगा स्थित उस घर में पहुँची, जहाँ से 2,563 किलो अमोनियम नाइट्रेट के 50 कट्टे बरामद किए गए थे। पूछताछ में मुजम्मिल ने स्वीकारा कि वह दो बार कार में भरकर यह कट्टे यहाँ लाया था और इन्हें आगे किसी बड़ी साजिश के लिए जमा किया जा रहा था।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी टीम मुजम्मिल को सोहना मंडी भी लेकर गई। यहाँ उससे दो बीज भंडारों की पहचान करवाई गई, जिनसे उसका संपर्क रहा था। टीम ने मौके पर विस्तृत पूछताछ की। फरीदाबाद में ढाई से तीन घंटे और सोहना में लगभग 40-45 मिनट तक सभी स्थानों की तस्दीक और शिनाख्त पूरी करने के बाद टीम उसे वापस दिल्ली लेकर चली गई।

# मिर्ज़ापुर : जामा मस्जिद में लगी आग, दरी कारखाना भी जला

मिर्ज़ापुर, समृद्धि न्यूज।

मिर्ज़ापुर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में सोमवार देर रात को आग लग गई। उसकी चपेट में आकर एक दरी कारखाना जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

इमाम जाहिद कादरी ने बताया कि आग रात करीब ढाई बजे के आसपास लगी हैं। वह मस्जिद के सटे कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान पीरवाजी शहीद मोहल्ले का साहिल अपने भाई को खोजते हुए मस्जिद पहुंचा और अंदर आग की लपटें देख तुरंत इमाम को जगाया। उसने आसपास के लोगों को इकट्ठा करते हुए आग की सूचना पुलिस को दी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। मंगलवार सुबह उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद और चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच शुरू की। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि शुरुआती जांच में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में आरोपी नजर आ रहे हैं, जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद ने घटना को चुनार की गंगा-जमुनी तहजीब पर चोट करार देते हुए कहा कि चुनार हमेशा भाईचारे की मिसाल रहा है, यह घटना अमन-चैन खराब करने की साजिश हो सकती है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।



**सीसीटीवी में संदिग्ध कैद, पुलिस ने शुरू की जांच, शांति बनाए रखने की अपील**

# ज्वालामुखी विस्फोट के कारण कई उड़ानें रद्द

एजेंसी, नई दिल्ली।

इथोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी विस्फोट से निकले राख के बादलों की वजह से भारत से पश्चिम एशियाई शहरों को जाने वाली कई उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं।

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को बताया कि उसने सोमवार और मंगलवार को अबतक कुल 13 उड़ानें रद्द की हैं। अकासा एयर ने भी बताया कि उसने कल और आज जेद्दा, कुवैत और अबु धाबी को जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं।

एयर इंडिया ने बताया कि सोमवार को सात उड़ानें रद्द कीं। इनमें अमेरिका के नेवार्क से दिल्ली, न्यूयॉर्क से दिल्ली, दुबई से हैदराबाद, कतर के दोहा से मुंबई, दुबई से चेन्नई, दम्मम से मुंबई



और दोहा से दिल्ली की उड़ानें शामिल हैं। एयरलाइंस ने आज चेन्नई-मुंबई, हैदराबाद-दिल्ली, मुंबई-हैदराबाद, हैदराबाद-मुंबई, मुंबई-कोलकाता और कोलकाता मुंबई उड़ानें रद्द की हैं। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि वह जो विमान ज्वालामुखी से निकले राख के बादलों वाले इलाकों से होकर गुजरे हैं उनकी जांच की जा रही है। उसने बताया कि प्रभावित यात्रियों को ग्राउंड टीम हरसंभव सहायता मुहैया करायी जा रही है। अकासा एयर ने एक बयान में बताया कि उसने 24 और 25 नवंबर की जेद्दा, कुवैत और अबु धाबी की सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं, हालांकि उसने कोई संख्या नहीं बतायी हैं। उसने प्रभावित यात्रियों को पूरा रिफंड देने का वादा किया है। स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने बताया कि एयरलाइंस की सिर्फ दुबई की उड़ानों में देरी हो रही है लेकिन कोई उड़ान रद्द नहीं हुई है। वहीं इंडिगो के प्रवक्ता ने रद्द उड़ानों की संख्या बताने से इनकार कर दिया है।

**सतर्कता** | एसआईआर में ओटीपी या लिंक की कोई आवश्यकता नहीं, साइबर ठगी संभव

# बीएलओ बन मतदाताओं से ओटीपी मांगे, तो देने की जरूरत नहीं : रिणवा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान गणना प्रपत्र भरने के लिए कुछ अराजक तत्वों द्वारा बूथ लेवल अधिकारी या निर्वाचन विभाग का प्रतिनिधि बनकर मतदाताओं से मोबाइल नंबर पर ओटीपी मांग रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं को स्पष्ट रूप से कहा है कि एसआईआर के गणना प्रपत्र को भरने की प्रक्रिया में बीएलओ द्वारा किसी भी प्रकार का ओटीपी नहीं मांगा जा रहा है।

ऐसे मामलों में उन्होंने मतदाताओं को पूरी तरह से सतर्क एवं जागरूक




रहने की अपील की है। इस प्रकार की गतिविधियां साइबर ठगी या धोखाधड़ी अंतर्गत संदेहास्पद हैं। यदि किसी मतदाता से फोन कॉल, मैसेज या अन्य माध्यम से ओटीपीमांगने का प्रयास किया जाता है तो ऐसी कॉल पर ध्यान न दिया जाए, न ही ओटीपीसाझा करें तथा ऐसी कॉल को तुरंत अस्वीकार कर दें। एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रह का कार्य कर रहे हैं।

गणना प्रपत्र भरने में भी सहयोग कर रहे है, मतदाता स्वयं गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध करा सकते हैं।एसआईआर संबंधी प्रक्रिया में ओटीपी या लिंक की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए है कि इस प्रकार की अफवाहों एवं धोखाधड़ी से निपटने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं, शिकायत मिलने पर एजेंसी को सूचित कर कठोर कार्रवाई कराएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को जागरुक करते हुए अपील की है कि एसआईआर के दौरान सतर्क रहें एवं किसी भी प्रकार की अफ़वाहों पर ध्यान न देते हुए अपने बीएलओ से ही संपर्क करें। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही अपने गणना प्रपत्र को भरें। आपका सहयोग शुद्ध, पारदर्शी मतदाता सूची के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा और लोकतंत्र की मजबूती का आधार बनेगा।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

- शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के घेराव का ऐलान
- यूटा के नेतृत्व में जनपद के शिक्षकों ने की प्रभावी प्रतिभागिता



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

शि न्यूज़क्षा अधिकार अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता से छूट दिए जाने की माँग को लेकर आज देशभर के 22 राज्यों के करीब एक लाख से अधिक शिक्षकों ने आज दिल्ली के जंतर- मंतर पर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। 28 शिक्षक संगठनों के द्वारा संयुक्त रूप से गठित अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनरतले शिक्षकों ने सरकार को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि संसद के शीतकालीन सत्र में सेवारत शिक्षकों को टीईटी से मुक्त किए जाने संबंधी संशोधित अध्यादेश पारित नहीं किया जाता है तो देशभर के लाखों अध्यापक संसद का घेराव करेंगे। आरटीई लागू होने से पूर्व के नियुक्त अध्यापकों को टीईटी से छूट दिए जाने का अध्यादेश पारित किया जाए। धरना प्रदर्शन में अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक बासवराज गुरिकर, सह संयोजक एवं यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर, प्रदेश संगठन मंत्री यादवेन्द्र शर्मा ने संबोधित किया वहीं यूटा के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ,जिला संरक्षक हेमंत तिवारी,महामंत्री आत्रेय मिश्रा,विपिन मिश्रा कोषाध्यक्ष चंदन सिंह,बृजभूषण पांडेय,अरुण मिश्रा,गिरीश पांडेय सहित सहित सैंकड़ो की संख्या में पहुंचे शिक्षकों ने प्रभावी प्रतिभागिता की कर शिक्षकों की आवाज को बुलन्द किया।

### बहराइच से रिसिया मोड़ व नानपारा से रुपईडिहा के मार्ग चौड़ीकरण पर कार्यवाही शुरू

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** सांसद डॉ. आनन्द गोंड़ के प्रयास से जिले में एनएच 927 के बहराइच से रिसिया मोड़ तथा नानपारा से रुपईडिहा तक के टू लेन सडक को फोर लेन में परवर्तित किए जाने का काम तथा एन एच 730 के बहराइच नवगढ मार्ग के फ़ोर लेन करने की योजना पर काम शुरू हो गया है । इस मामले में सांसद श्री गोंड ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर मार्गों के चौड़ीकरण की मांग की थी। बहराइच सांसद डॉ. आनन्द गोंड़ ने राजमार्ग 927 पर बहराइच से रिसिया मोड़ तथा नानपारा से रुपईडिहा के तक टू लेन मार्ग को चौडा कर फोर लेन करने तथा एनएच 730 पर बहराइच– नवगढ के फोर लेन चौड़ीकरण की मांग की थी। इस सम्बन्ध में केन्द्रीय परिवहन मंत्री श्री गडकरी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत आख्या के आधार सांसद श्री गोंड को अवगत कराया।

# सबसे कम उम्र के बच्चे आद्या ने संविधान की प्रस्तावना सुनाने का बनाया रिकार्ड

- इंडिया बुक ऑफ़ रिकार्ड 2025 में दर्ज है आद्या का नाम




गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

संविधान दिवस के विशेष अवसर पर जनपद गोंडा के लिए गर्व का क्षण आया है जिले के न्यू इंदिरा नगर कालोनी निवासी शिक्षक अरुण मिश्र की पुत्री नन्ही आद्या मिश्रा (जन्म 10 फ़रवरी 2020) ने भारत के संविधान की प्रस्तावना को महज 38.38 सेकंड में सुनाकर एक विशिष्ट रिकॉर्ड अपने नाम किया है। यह उपलब्धि 8 जनवरी 2025 को इंडिया बुकिंग ऑफ़ रिकार्ड द्वारा आधिकारिक रूप से प्रमाणित की गई है, महज 4 वर्ष 10 माह 29 दिन की आयु में आद्या द्वारा किया गया यह प्रदर्शन उनकी अद्भुत स्मरणशक्ति, तालमेल और आत्मविश्वास का प्रमाण है। इतनी कम उम्र में प्रस्तावना जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पाठ को सटीकता और गति के साथ प्रस्तुत करना अत्यंत सराहनीय है। आद्या के शिक्षक पिता के अनुसार, आद्या को पढ़ने-सुनने का विशेष शौक है और वह नियमित रूप से अभ्यास करती है उसका सपना सिविल सेवक बनकर देश और समाज की सेवा करना है, शिक्षकों और परिवार ने इस सफलता को प्रेरणा का स्रोत बताते हुए कहा कि आद्या की यह उपलब्धि गोंडा जनपद ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है, संविधान दिवस पर आद्या मिश्रा की यह सफलता बच्चों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता और प्रेरणा जगाने वाली मिसाल पेश करती है।

# आयुक्त ने किया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

- आयुक्त ने शहर गोंडा के पोलिंग बूथ संख्या 89, 86, 88 और 83 का किया स्थलीय निरीक्षण



गोण्डा, ,समृद्धि न्यूज़

देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने सोमवार की शाम मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने सबसे पहले विकास भवन, गोण्डा पहुंचकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और पुनरीक्षण कार्य को तेज गति से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण हों, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी फील्ड स्तर पर सतर्कता रखें। समीक्षा के बाद आयुक्त सुशील तहसील सदर पहुंचे, जहां उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम के साथ पुनरीक्षण कार्यक्रम की वास्तविक प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों, फार्मों और प्रगति रिपोर्ट को बारीकी से जांचते हुए निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके उपरांत आयुक्त ने शहर गोंडा के पोलिंग बूथ संख्या 89, 86, 88 और 83 का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ से फार्मों के डिजिटाइजेशन की स्थिति, नए मतदाताओं के पंजीकरण और त्रुटि संशोधन से संबंधित जानकारी ली। आयुक्त ने बीएलओ को निर्देश दिया कि प्रत्येक फार्म का समय पर सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए, ताकि मतदाता सूची शुद्ध और अद्यतन बनाई जा सके।

# पंकज कुमार श्रीवास्तव ने की यात्रियों व कर्मचारियों के लिए चर्चा

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ से मिलकर जनहित में रेल यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों की सुरक्षा एवं सुविधा के संबंध में चर्चा करते हुए अवगत कराया अवगत कराया। भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा मंडल रेल प्रबंधक को दिए सुझाव पत्र पर गंभीरता से विचार करते हुए निराकरण हेतु आग्रह किया। 15 सूत्रीय सुझाव पत्र में पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत गोंडा जंक्शन एवं आसपास क्षेत्र से जुड़ी जन समस्याओं के निराकरण से ही देवीपाटन मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों की स्थिति में सुधार होगा तथा रेल यात्रियों को सीधा लाभ प्राप्त होगा एवं कर्मचारियों के सुख सुविधा के बारे में विभाग द्वारा व्यवस्थाएं बनाई जाएगी। जेडआरयूसीसी मेंबर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मंडल रेल प्रबंधक द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित निर्देशित किया गया है।

# हर्षोउल्लास के साथ मना मनकापुर में राम विवाह कार्यक्रम

मनकापुर/गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



राम विवाह के शुभ अवसर पर मनकापुर नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ राम विवाह की सुंदर झांकी निकाली गई इस अवसर पर बारातियों का जगह-जगह स्वागत सत्कार नगर वासियों ने किया।

झांकी के पीछे माताएं बहने मंगल गीत गाती हुई साथ-साथ चल रही थी, जगह-जगह लोग गोले पटाखे दाग कर राम विवाह की शोभा बढ़ा रहे थे, ऐसा लग रहा था मानो राम जी की बारात आज यहां आ रही है नगरवासी सज धज कर बारात के साथ-साथ चल रहे थे, छोटे बच्चे नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे, चारों तरफ रास्ते में लोगों ने पुष्प वर्षा करके भगवान श्री राम और चारों भाइयों का स्वागत किया। इस अवसर पर विवाह स्थल को फूल मालाओं से सजाया गया था। कार्यक्रम में पंडित राम छवि, राधेश्याम मिश्रा, सभासद शास्त्री नगर वैभव सिंह, श्रवण कुमार, दिवाकर सिंह, गुड्डू वर्मा, रामकुमार, मनीष वर्मा, रमाशंकर कसौधन, आर के नारद मुकेश चौबे, अभिषेक गुप्ता, दुर्गेश कसौधन, आशीष गुप्ता, सुनील, सत्यम, शिवम शर्मा, अमन गुप्ता, दिव्या दिव्यदर्शनी, शिवा प्रियदर्शनी, किरन देवी, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और आरएसएस के कार्यकर्ता साथ में चल रहे थे। राम और चारों भाइयों के जयकारे पूरे रास्ते में लोगों ने लगाकर गगन भेदी जयकारे लगाए राम बारात की शोभा देखकर नगर वासी भावुक हो रहे थे।

# जनाब फात्मा ज़हरा की शहादत पर निकला मातमी जुलूस

उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब की बेटी जनाब फात्मा ज़हरा की शहादत के मौके पर उतरौला के मोहल्ला पटेल नगर स्थित,श स्वर्गीय तौकीर हुसैन के इमामबाड़े से गमगीन माहौल में जुलूस निकाला गया। जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होता हुआ मोहल्ला रफी नगर स्थित इमामबाड़ा स्वर्गीय नाजिम हुसैन में सम्पन्न हुआ। जुलूस में शामिल लोग गमगीन माहौल में नौहा व मातम करते हुए चल रहे थे। जुलूस में मास्टर शारिब अली जाफरी, मशरकैन आदि ने नौहा ख्वानी की, जिस पर स्थानीय अंजुमन कमरे बनीहाशिम के सदस्य अम्मार रिज़्वी, डॉ आरिफ, तालिब रिज़्वी, सज्जाद जाफरी, अलहम्द, अहमद अली जाफरी, सैफ रिज़्वी, अम्बर रिज़्वी, अशरफ रिज़्वी, शम्मू रिज़्वी, एडवोकेट नजीब हैदर, एस आमिर, शावेज़ रिज़्वी, अनुष जाफरी, मीनू रिज़्वी, दानिश, समन, इफ़्फु जाफरी, औन आब्दी, शब्वाल रिज़्वी, खुशहाल रिज़्वी आदि ने सीना जनी की। जुलूस में लोगो ने जनाब फात्मा जहरा का पुरसा दिया। जुलूस में ऐमन रिज़्वी, समीर रिज़्वी, डॉ नेहाल, हसनैन अली आब्दी, अरशद रिज़्वी, अनीसुल हसन एडवोकेट, शानदार रिज़्वी, फरमान रिज़्वी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत कस्बा चौकी प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# न.प. अध्यक्ष ने महिला सफाईकर्मियों को बांटे सूट व साड़ियाँ

- नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने किया वितरण

बलरामपुर समृद्धि न्यूज।



आदर्श नगरपालिका परिषद बलरामपुर में महिला सफाईकर्मियों के सम्मान व प्रोत्साहन हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्र में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू एवं अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र मौर्य ने सभी महिला सफाई कर्मचारियों को तीन-तीन सूट एवं साड़ियाँ भेंट की।

अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि महिला सफाई कर्मचारियों को रोजमर्रा के उपयोग हेतु दो साड़ियाँ व एक सूट,तथा त्योहारों पर पहनने हेतु अतिरिक्त एक साड़ी व एक सूट प्रदान किया गया है। उनका कहना था कि नगरपालिका परिषद सफाईकर्मियों के योगदान को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखती है और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। डॉ.धीरू ने कहा कि नगर क्षेत्र की स्वच्छता में महिला सफाईकर्मियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका परिश्रम ही नगर को स्वच्छ,सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखता है। उन्हें प्रोत्साहन एवं सम्मान देना हमारा दायित्व है। नगरपालिका परिषद भविष्य में भी ऐसे कल्याणकारी कदम उठाती रहेगी। कार्यक्रम में सफाई निरीक्षक दिवाकर पांडेय,सफाई लिपिक अरविंद सिंह,गौरव मिश्र,शिवम मिश्र एवं सफाई नायक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूल में रस्साकशी के साथ खेल सप्ताह का समापन

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** उतरौला के एम जे एक्टिविटी स्कूल में चल रहे खेल सप्ताह के अंतिम दिन रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सिंसेरिटी की टीम प्रथम स्थान व इक्कलटी की टीम दूसरे स्थान पर रहीं। बालक वर्ग के रस्साकशी प्रतियोगिता में इक्कलटी हाउस प्रथम व सिंसेरिटी हाउस दूसरे स्थान पर रही। सभी विजेताओं को डायरेक्टर किशवर हुसैन, प्रबंधक समीर सिज़वी व प्रधानाचार्य हिमांशु धर द्विवेदी ने ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। इंटर हाउस प्रतियोगिता में इस वर्ष के बेस्ट हाउस की घोषणा प्रबंधक समीर रिजवी द्वारा की गई। सिंसेरिटी हाउस को इस बार बेस्ट हाउस की ट्रॉफी डायरेक्टर किशवर हुसैन व प्रबंधक समीर रिजवी द्वारा दिया गया। उपविजेता टीम ह्यूमैनिटी को प्रबंधक समीर रिजवी और प्रधानाचार्य हिमांशु धर द्विवेदी ने अगली प्रतियोगिता में और अधिक परिश्रम व उत्साह के साथ शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बस अडड्ा बनाने से यात्रियों को होगी सुविधा : साकेत मिश्रा

तुलसीपुर, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

मां पाटेश्वरी शक्ति पीठ धाम आने जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्रा ने मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि शक्तिपीठ देवी पाटन धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई संख्या तथा आसपास क्षेत्र के यात्रियों के सुविधा लिए तुलसीपुर में नया बस अड्डा नितांत आवश्यक है उनका यह प्रयास दर्शनार्थियों की सुविधा बढ़ाएगी और स्थानीय विकास को गति देगा।

श्री मिश्र ने तुलसीपुर की जनता की परेशानियों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने विधान परिषद सदस्य के लेटरपैड पर लिखकर अनुरोध किया है, उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में पूर्वांचल सहित अनेकों प्रदेश के श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं जो नवरात्र में अत्यधिक संख्या हो जाती है जिससे लोगों को यात्रा में परेशानी आती है उन्होंने कहा कि बस अड्डा होने से जगह-जगह पर जाम की समस्या खत्म होगी और यात्रियों को सुविधा होगी श्री मिश्र ने बलरामपुर के विकास कार्यों के समीक्षा के समय अपना सुझाव दिया था कि लोक निर्माण विभाग की जमीन को इस्तेमाल कर नया बस अड्डा बनाया जा सकता है जो लगभग निष्प्रयोज्य ही पड़ी है।

# आँगनबाड़ी ने संभाली एसआईआर की कमान

- सुस्ती दिखवाने वालों पर गिरेगी गाज



विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।

विकास खंड में एसआईआर कार्य की धीमी रफ्तार अब अतीत हो चुकी है।

बीएलओ पर बढ़ते बोझ और काम की सुस्ती को देखते हुए प्रशासन ने निर्णायक कदम उठाते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सीधे मैदान में उतार दिया है। इससे काम में उल्लेखनीय तेजी आई है और लोग इसे राहत के रूप में देख रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने साफ कहा बीएलओ की कमी और दबाव के चलते काम लटक रहा था अब आंगनबाड़ी आने से रफ्तार दिख रही है। बाल विकास परियोजना अधिकारी दीपा गुप्ता ने स्पष्ट किया कि 24 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीएलओ के रूप में सक्रिय हैं जबकि बाकी को कठोर निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने गांव में एसआईआर फॉर्म भरवाने में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतें।

**तीखे शब्दों में चेतावनी दी** शिकायत मिली तो सीधे कार्रवाई होगी किसी को छूट नहीं दी जाएगी। कुछ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायतें मिली हैं और उन पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। नई व्यवस्था और प्रशासनिक सख्ती के बाद एसआईआर कार्य में तेजी देखी जा रही है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब फॉर्म भरने की प्रक्रिया में न तो देरी होगी और न ही लापरवाही बर्दाश्त की जाएगी।

### सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी सहित तीन घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के फखरपुर इलाके में मदन कोठी के पास दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी समेत तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना सोमवार शाम को बहराइच–लखनऊ राजमार्ग पर मदन कोठी के पास हुई। रानीपुर थाना क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय नरेंद्र अपनी पत्नी सोनी के साथ रिश्तेदारी से लौट रहे थे तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में नरेंद्र उनकी पत्नी सोनी, और दूसरी बाइक पर सवार मोहम्मद अहमद व अनीस गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर फखरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीनों घायलों सोनी, मोहम्मद अहमद और अनीस का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। फ़खरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक नरेंद्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नेपाली तस्कर गिरफ्तार, 11.7 ग्राम स्मैक बरामद

बहराइच समृद्धि न्यूज।



भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 11.7 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। यह कार्रवाई 24 नवंबर 2025 को हुई। एसएसबी की सीमा चौकी बलाईगांव से सहायक उप निरीक्षक होरें दिहिन्गीय के नेतृत्व में छह अन्य कर्मी और श्वान रॉक ने स्थानीय पुलिस थाना मोतीपुर के उप निरीक्षक अमरेश कुमार गिरी व तीन अन्य कर्मियों के साथ गश्त की। आसूचना के आधार पर वे सीमा स्तंभ संख्या 665/01 की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति कच्चे रास्ते से भारत से नेपाल की ओर जाता हुआ दिखाई दिया। गश्ती दल को देखकर वह घबरा गया और भागने लगा। हालांकि गश्ती दल ने तुरंत घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम ललित बहादुर बस्नेत ;25 वर्ष पुत्र करण बहादुर बस्नेत, निवासी बन्सगड़ी, जिला बर्दिया, नेपाल बताया। कड़ाई से पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसके पास नशीला पदार्थ स्मैक है और वह इसी कारण भाग रहा था। गश्ती दल कमांडर ने तुरंत सहायक कमांडेंट कोमिरे प्रदीप गोंड को सूचना दी। अधिकारी के मौके पर पहुंचने के बाद उनकी उपस्थिति में पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पैंट की दाहिनी जेब से प्लास्टिक की एक छोटी पोटली बरामद हुई जिसमें स्मैक थी। श्वान रॉक ने भी इसकी पुष्टि की। अभियुक्त ललित बहादुर बस्नेत के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। जब्त किए गए मादक पदार्थ को थाना मोतीपुर को सौंप दिया गया है।

# भारत-नेपाल सीमा पर चीनी नागरिक गिरफ्तार, बना रहा था वीडियो

- नेपाल के रास्ते भारत में घुसा, पाकिस्तान समेत 3 देशों की करेंसी मिली

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



भारत-नेपाल सीमा पर रूपईडीहा चेकपोस्ट से एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। वह नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहा था। संवेदनशील स्थानों के वीडियो बना रहा था। सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। सशस्त्र सीमा बल ;एसएसबी की 42वीं वाहिनी के उप निरीक्षक रत्नेश यादव और रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत अपनी टीम के साथ सीमा पर निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने भारतीय क्षेत्र में घूमते हुए एक चीनी नागरिक को रोका। पूछताछ में उसने अपनी पहचान लियू कुंजिंग निवासी हुनान प्रांत, चीन के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से तीन मोबाइल फोन, चीनी, नेपाली और पाकिस्तानी मुद्रा बरामद हुई। उसके पास भारत में प्रवेश के लिए वैध वीजा भी नहीं था। जब उसके मोबाइल फोन की जांच की गई तो एक फोन में भारतीय क्षेत्र के कई संवेदनशील स्थानों के वीडियो मिले। इस खुलासे के बाद सुरक्षा अधिकारियों में हड़कंप मच गया। एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि एसएसबी जवानों ने चीनी नागरिक को उस समय गिरफ्तार किया जब वह भारतीय क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों की वीडियोग्राफी कर रहा था। उसके पास भारत में प्रवेश का कोई वैध वीजा नहीं था। गिरफ्तार चीनी नागरिक को रूपईडीहा पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां उससे आगे की पूछताछ कर रही हैं। नानपारा क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह ने पुष्टि की कि बिना वैध दस्तावेज के भारत में प्रवेश करने वाले चीनी नागरिक को एसएसबी और पुलिस की टीम ने पकड़ा है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# तालाब में मिला दो दिन से लापता बुजुर्ग का शव

- मछली बेचने गया था बुजुर्ग, परिजनों ने गुमशुदगी कराई थी दर्ज
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कारण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के नानपारा इलाके में दो दिन से लापता 55 वर्षीय वृद्ध इंदरपाल का शव सोमवार देर शाम एक तालाब में मिला। वह शनिवार को मछली बेचने के लिए घर से निकले थे जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नानपारा कोतवाली क्षेत्र के निवासी इंदरपाल ;55 मछली बेचने का काम करते थे। शनिवार को वह अँगनू पुरवा चौराहे के पास स्थित तालाब के किनारे मछली बेचने गए थे। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। परिजनों को तालाब के किनारे इंदरपाल की साइकिल और मछली मिली लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई। स्थानीय ग्रामीण और परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। सोमवार शाम को उनका शव तालाब में तैरता हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला। शव को कब्जे में लेकर देर रात जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मंगलवार दोपहर को मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के भाई ननकऊ ने बताया कि इंदरपाल का पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गए थेजिसके कारण उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने कहा कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

### रामविवाह धर्म ध्वजारोहण पर हनुमान मंदिर में भंडारा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बहराइच-सीतापुर हाईवे के चेतरा बाग स्थित हनुमान मंदिर में रामविवाह और अयोध्या में धर्म ध्वजारोहण के उपलक्ष्य में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन धार्मिक उत्साह को बढ़ाने वाला रहा जिसने इस पवित्र अवसर को और भी विशेष बना दिया। मंदिर के पुजारी पिंटू महाराज ने बताया कि इस पावन अवसर पर सुबह मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन किया गया। हनुमान जी की आरती के बाद भंडारे में प्रसाद वितरण की तैयारी की गई। भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में छोला चावल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भगवान राम व हनुमान जी की कृपा प्राप्त की।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, बुधवार, 26 नवम्बर, 2025



# राम भेद से नहीं, भाव से जुड़ते हैं : केशव प्रसाद मौर्य



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारे राम भेद से नहीं, भाव से जुड़ते हैं। उनके लिए व्यक्ति का कुल नहीं, उसकी भक्ति महत्वपूर्ण है। उन्हें वंश नहीं, मूल्य प्रिय हैं, और उन्हें शक्ति नहीं, सहयोग महान लगता है।

उप मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि नव्य-दिव्य राम मंदिर का प्रांगण आज केवल भक्ति और आध्यात्मिकता का केंद्र नहीं, बल्कि भारत के सामूहिक सामर्थ्य, सांस्कृतिक उत्थान और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिसर आने वाली पीढ़ियों के लिए चेतना-स्थली की तरह देश को प्रेरित करेगा। श्री मौर्य ने कहा कि राम मंदिर परिसर में निर्मित सप्त मंदिर भारतीय दर्शन और लोक-आस्था की विविध धाराओं को एक सूत्र में पिरोते हैं। उन्होंने विशेष रूप से माता शबरी के मंदिर का उल्लेख किया, जो जनजातीय समाज के अथाह प्रेमभाव, करुणा और अतिथि-सत्कार की परंपरा का सशक्त प्रतीक है। इसी प्रकार निषादराज का मंदिर उस पवित्र मित्रता की स्मृति को संजोता है, जहाँ साधन से अधिक साध्य और भावना को महत्व दिया गया।

उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर माता अहिल्या, महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य और संत तुलसीदास की उपस्थिति, भारतीय ऋषि-परंपरा, ज्ञान परंपरा और भक्ति साहित्य की अखंड परंपरा का अद्वितीय संगम है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला के दर्शन के साथ-साथ इन सभी महान ऋषियों के दर्शन एक ही पवित्र भूमि पर होना अपने आप में एक ऐतिहासिक और पावन अनुभव है।

उन्होंने यह भी बताया कि परिसर में स्थापित जटायू जी और गिलहरी की मूर्तियाँ बड़े से बड़े संकल्पों की प्राप्ति में छोटे-छोटे योगदानों के महत्व को दर्शाती हैं। यह संदेश अत्यंत सरल है छोटा हो या बड़ा, हर प्रयास किसी महान कार्य को पूर्ण करने का आधार बनता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने समाज के हर वर्ग महिला, दलित, पिछड़े, अति-पिछड़े, आदिवासी, वंचित, किसान, श्रमिक और युवा को विकास की मुख्यधारा में आगे रखा है। विकसित भारत का संकल्प 2047 तभी सिद्ध होगा, जब प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक क्षेत्र सशक्त होगा।

### कर्म और कर्तव्य की प्रधानता ही विश्व का आधार बने

धर्मध्वज का उल्लेख करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह ध्वज मात्र एक औपचारिक प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है। उन्होंने बताया कि इसका भगवा रंग त्याग, ऊर्जा और तप का प्रतीक है; उस पर अंकित सूर्यवंश की कीर्ति और ओम का स्वर भारतीय आध्यात्मिक शक्ति का बोध कराता है, वहीं कोविदार वृक्ष रामराज्य के सद्गुणों और स्थायी समृद्धि का प्रतिरूप है। उन्होंने कहा कि यह धर्मध्वज संकल्प है, सफलता है; यह संघर्ष से सृजन की कहानी और संतों की साधना व समाज की सहभागिता का साकार रूप है। यह ध्वज यह भी प्रेरणा देगा कि प्राण जाए पर वचन न जाए तथा कर्म और कर्तव्य की प्रधानता ही विश्व का आधार बने। उन्होंने कहा कि यह ध्वज इस भावना को भी पुष्ट करेगा कि समाज में न बैर हो, न भय और सबके लिए शांति, सुख और सद्भाव बना रहे।

# लोहपुरुष के बिना राष्ट्रीय एकता की कल्पना अधूरी : शर्मा

▸ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री पहुंचे मऊ, यूनिटी मार्च में किया सहभाग





लखनऊ/मऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रतीक लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च में उत्साहपूर्ण सहभाग किया। यह मार्च गालिबपुर स्थित किंग्स इडेन स्कूल से बरहदपुर कुटी तक निकाला गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। देशभक्ति के नारों और उत्साहपूर्ण वातावरण ने पूरे मार्च को ऊर्जा से भर दिया। श्री शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल भारत माता के ऐसे वीर सपूत थे जिन्होंने राष्ट्रहित के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि आजादी के समय देश में बिखरी हुई 565 रियासतों को एक राष्ट्र के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक और अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य सरदार पटेल ने अतुलनीय रणनीति, दृढ़ संकल्प और अद्वितीय नेतृत्व से पूरा किया। यह एकीकरण भारत की अखंडता और स्थिरता की आधारशिला बना, जिसका लाभ आज पूरा राष्ट्र उठा रहा है।यूनिटी मार्च में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और हजारों स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान किया। इस दौरान देशभक्ति के नारों और संदेशों ने वातावरण को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। श्री शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और भाईचारा ही हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत है। जब हम समाज में प्रेम, सहयोग और समरसता को बढ़ाते हैं, तभी हम सरदार पटेल के सपनों के सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में वास्तविक योगदान कर पाते हैं।

## खबरें एक नजर में

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के माल थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी नवाब अहमद ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि मंगलवार सुबह ग्राम वीरपुर के पास एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और एक बिना नम्बर की नई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल घटनास्थल से बरामद की। पुलिस ने मृतक की तलाशी में मिले मोबाइल फोन से परिजनों के नम्बर प्राप्त कर संपर्क किया गया। इस पर मृतक की प्रथमदृष्टया पहचान हरदोई के ग्राम नेवादा निवासी गंगा प्रसाद के पुत्र राजा उर्फ सुमित (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर आगे की कार्यवाई में जुट गई है।

### बरात में हर्ष फायरिंग, गोली लगने से युवती की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस हर्ष फायरिंग की घटनाएं रोक पाने में विफल साबित हो रही है। सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे मेरठ के लिसाड़ीगेट के श्यामनगर में बरात रवानगी के दौरान करीब 20 राउंड हर्ष फायरिंग की गई। बरात देखने के लिए दादा के मकान की छत पर खड़ी 22 वर्षीय युवती की गोली लगने से मौत हो गई। बरात में भगदड़ मच गई, दूल्हा और परिवार के लोग फरार हो गए। श्यामनगर निवासी मीट कारोबारी शाहनवाज के बेटे शाकिब का निकाह था। रात करीब साढ़े नौ बजे शाकिब की बरात लोहियानगर थाना क्षेत्र के फफूंडा जाने के लिए तैयार थी। बरात में शामिल कुछ युवकों ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। बरात देखने के लिए किराना व्यापारी अरशद की बेटी अक्सा अपने रिश्ते के दादा यामीन के घर गई थी।

### लैब तकनीशियनों को मलेरिया माइक्रोस्कोपी का प्रशिक्षण देगा एसजीपीजीआई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के विशेषज्ञ मलेरिया जैसी बीमारी से निपटने के लिए 17 जिलों के लैब तकनीशियनों को मलेरिया माइक्रोस्कोपी का प्रशिक्षण देगा।
यह प्रशिक्षण माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा 26 नवंबर से 23 दिसंबर 2025 तक दिया जाएगा। माइक्रोबायोलॉजी एवं संक्रामक रोग विभाग के प्रमुख प्रो. रुंगमेई एस. के. मारक ने बताया कि कार्यक्रम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश के सहयोग से संचालित होगा तथा इसे गोदरेज कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड (जीसीपीएल) द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त है। पाथ-सीएचआरआई इस पहल का तकनीकी साझेदार है। विभाग के डॉ. अवधेश कुमार और डॉ. तस्नीम सिद्दीकी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रयोगशाला तकनीशियनों को उच्च गुणवत्ता वाली माइक्रोस्कोपी के माध्यम से मलेरिया परजीवी की सटीक पहचान के उन्नत कौशल से लैस करना है, जो अब भी मलेरिया निदान का स्वर्ण मानक माना जाता है। प्रशिक्षण में स्मीयर तैयारी, गिमेसा स्टेनिंग, परजीवी का डिटेक्शन, प्रजाति-स्तर की पहचान, गुणवत्ता नियंत्रण और सामान्य नैदानिक त्रुटियों से बचाव पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रतिभागियों की क्षमता का आकलन प्रशिक्षण-पूर्व एवं प्रशिक्षण-पश्चात मूल्यांकन के माध्यम से किया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत आजमगढ़, मऊ, बलिया, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, हरदोई और सीतापुर सहित विभिन्न जिलों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों के लगभग 200 लैब तकनीशियनों को 10 बैचों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर तीन से पांच दिसम्बर तक होगा भव्य कार्यक्रम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों को धरातल पर मजबूती से आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में दोनों विभागों की योजनाओं की प्रगति, बजट व्यय, लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।मंत्री कश्यप ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब अस्वीकार्य है और यह सुनिश्चित किया जाए कि जरूरतमंद लाभार्थी तक योजना का लाभ बिना देरी और बिना भेदभाव पहुँचे। उन्होंने बताया कि विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर के अवसर पर 3 से 5 दिसम्बर तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोनों दिव्यांगजन विश्वविद्यालयों डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ और जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में कार्यक्रम होंगे। इन दिव्यांग विश्वविद्यालयों में नामांकन बढ़ा है और नए छात्रावासों के निर्माण से यह और तेजी से बढ़ेगा। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ जनपद स्तर पर मोटर ट्राइसाइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति, शादी-अनुदान, कम्प्यूटर प्रशिक्षण ट्रिपल सी ओ लेवल की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत समीक्षा की गई। पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति समय पर मिले। ट्रिपल-सी ओ-लेवल प्रशिक्षार्थियों की शुल्क प्रतिपूर्ति सीधे सही बैंक खाते में सुनिश्चित हो। शादी-अनुदान योजना के सभी लंबित प्रकरण तत्काल निस्तारित हों। योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-स्तर तक किया जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर कोई समझौता न हो तथा सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।मंत्री कश्यप ने कहा योगी सरकार की मंशा है कि प्रदेश का कोई भी दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग का पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सरकार की योजनाएँ सीधे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और यह मिशन निरंतर आगे बढ़ेगा।

# धर्मवीर ने की नागरिक सुरक्षा कोर की प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने भारत सरकार प्रायोजित वार्डन क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नागरिक सुरक्षा कोर की प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत की।

मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथि के आगमन पर डिवीजनल वार्डन लोहिया नगर सुनील तिवारी एवं डिवीजनल वार्डन बक्शी का तालाब राजेश सिंह चौहान ने चीफ वॉर्डन अमरनाथ विश्व की अगुवाई में गार्ड ऑफ आनर दिया। धर्मवीर प्रजापति ने सनातन धर्म के मूल मंत्र परहित धर्म पर जोर देते हुए कहा कि नागरिक सुरक्षा का मूल मंत्र ही सर्वभूते हिते रतः है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच दीर्घकालिक होती है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रधानमंत्री की सुरक्षा के तरीकों को जन जन तक पहुँचाना चाहते हैं और आप सभी को चाहिए कि अपने आस पास जहाँ आप रहते हैं जहाँ कार्य करते हैं वहां यदि चार चार लोगों को आप प्रशिक्षित करेंगे तो ये श्रृंखला बहुत दूर तक जाएगी।

आपदा में बचाव का तरीका सभी लोगों तक पहुँचे। जब आप जनता में अपने काम के बारे में बताएंगे तो बहुत से लोग उत्साहित होकर सिविल डिफेंस से जुड़ेंगे और यही हमारा मूल उद्देश्य है। इस पुनीत कार्य में मैं और मेरे अधीनस्थ विभाग के कर्मचारी वार्डनों के सम्मान के लिए सदैव कार्यरत है और देश की रक्षा के लिए नागरिकों की यह फौज हमारे राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने में सहयोग करती है और करती रहेगी। पहले गांवों में जब कच्चे मकान होते थे तब जब हथिया नक्षत्र में पानी कई दिन बरसता था तब सभी गाँव वाले एक दूसरे की सुध लेते थे कि कहीं कच्चा मकान किसी का गिरता था तो सभी लोग एक दूसरे की मदद करने के लिए निकल पड़ते थे। आज समृद्ध तो हुए हैं मगर आज हमारी सहनशीलता मे कहीं कमी आ गई है और इसी कमी को पूरा कर रहे हैं और पूरा करते रहेंगे हमारे ये नि स्वार्थ मदद करने वाले नागरिक सुरक्षा के जांबाज सिपाही है। उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और उनको सफल प्रशिक्षण लेने की शिक्षा प्रदान की। लखनऊ डिफेंस द्वारा किए गए कार्यों पर इस पर एक संक्षिप्त चलचित्र मंत्री को दिखाया गया।



### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की हीरक जयंती व राष्ट्रीय जम्बूरी में सास्कृतिक कार्यक्रम का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की हीरक जयंती व राष्ट्रीय जम्बूरी मे सास्कृतिक कार्यक्रम का उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर संकट की घड़ी में स्काउट्स एवं गाइड्स ने हमेशा महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कुंभ मेला, कोरोना काल, बाढ़ और अन्य आपदाओं के समय समाज सेवा में इनका अनुकरणीय सहयोग सभी ने देखा है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने मंगलवार को डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, वृंदावन योजना में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की हीरक जयंती तथा 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ड्रोन शो को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स युवा समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और अनुशासन, साहस तथा सेवा भाव का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का उत्तर प्रदेश में आयोजन स्वयं में गौरव का विषय है।

# अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज में विकास की नई शुरुआत



▸ राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा व महापौर ने किया भूमि पूजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

चिनहट इस्माइलगंज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में मंगलवार को शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कॉलेज परिसर में दो नई शैक्षिक कक्षाओं और एक सभागार के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास और भूमि पूजन पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदरणीय डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, फैकल्टी सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। शिलान्यास के दौरान अपने संबोधन में डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति की आधारशिला होती है, और नगर निगम डिग्री कॉलेज में नई सुविधाओं का निर्माण युवा पीढ़ी को बेहतर शिक्षण वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर शिक्षा के प्रसार और उच्च स्तर के संसाधनों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, तथा पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कॉलेज के विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नई कक्षाएं और सभागार न केवल शिक्षण गतिविधियों को सुगम बनाएंगे, बल्कि कॉलेज में शैक्षिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों और सेमिनारों के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने संबोधन में नगर निगम द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

# गैर-कानूनी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

▸ सीबीआई ने अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाने वालों पर कसा शिकंजा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सीमापारीय साइबर अपराध नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए इसके मुख्य फरार ऑपरेटिव विकास कुमार निमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लखनऊ में संचालित एक गैर-कानूनी कॉल सेंटर के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को निशाना बना रहा था।

सीबीआई ने छापेमारी के दौरान इस कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर उसे ध्वस्त भी कर दिया है।

सीबीआई ने 24 सितंबर 2024 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद सितंबर 2024 में देशभर में की गई व्यापक तलाशी कार्रवाई के दौरान एजेंसी ने पुणे, हैदराबाद और विशाखापत्तनम में संचालित चार गैर-कानूनी कॉल सेंटरों का खुलासा कर उन्हें बंद कराया था। इन कॉल सेंटरों के माध्यम से संदिग्ध अमेरिकी नागरिकों को तकनीकी सहायता के बहाने ठगा जा रहा था।

जांच में सामने आया कि विकास कुमार निमार इस नेटवर्क का प्रमुख संचालक था, जिसने पुणे और विशाखापत्तनम में वीसी इंफ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्जी कॉल सेंटर स्थापित किए थे। मामला दर्ज





होने के बाद से ही वह फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए सीबीआई ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पुणे से वारंट भी जारी कराया था।

सीबीआई की टीम ने बीते 20 नवंबर को लखनऊ में विकास कुमार निमार को उसके आवास से दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके घर से 14 लाख रुपये नकद, कई मोबाइल फोन और आपत्तिजनक दस्तावेज़ बरामद हुए। इसी दौरान लखनऊ में उसके द्वारा संचालित एक और गैर-कानूनी कॉल सेंटर भी मिला, जो विशेष रूप से अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी कर रहा था। इस कॉल सेंटर से 52 लैपटॉप तथा बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डिजिटल सामग्री बरामद की गई है, जिनका इस्तेमाल ठगी संचालन में किया जा रहा था।

सीबीआई के अनुसार यह नेटवर्क संगठित, तकनीकी रूप से उन्नत और बहु-राज्यीय स्तर पर सक्रिय था, जो विदेशों में बैठे नागरिकों से ठगी करने के लिए सुनियोजित तौर-तरीकों का इस्तेमाल कर रहा था।

# हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव : छठी सांस्कृतिक संध्या में पर्वतीय डांस ने बांधा समां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कानपुर रोड एलडीए कालोनी के स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की छठी सांस्कृतिक संध्या पर मंगलवार को अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा ,रणवीर सिंह, हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या कला, संस्कृति और संगीत से सजी एक अनुपम संध्या में रु कू माई कोटा... ढाले ढाले... पर्वतीय सांग पर आशिनी गुरुग और वरौनिका ने नृत्य कर दर्शको मंत्रमुग्ध किया। तत्पश्चात आरोही इंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुति में ऑर्गेनाइज़र एवं मुख्य गायक संजय श्रीवास्तव ने अपनी मधुर आवाज़ और भावपूर्ण प्रस्तुति





से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर महोत्सव समिति के रोली सिंह चौहान, मोनालिसा, मनोज सिंह चौहान, रोली जयसवाल आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला द्वारा किया गया।

**महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बने झूले:-** झूलों से सजा हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का आयोजन स्थल जनता के आकर्षण का केंद्र बन गया है। स्मृति उपवन में चल रहे महोत्सव में फन जोन और फूड जोन अपनी पूरी रौनक में आ गए है। फन जोन में झूलों की आकर्षक रेंज में नाव झूला, ज्वाइंट व्हील, ब्रेक डांस, भूत गुफा, टोरा- टोरा, ट्वाय ट्रेन, रेंजर, ट्वाय कार, ट्वाय जीप, ट्वाय हेलीकॉप्टर, ग्राइंड बेल व कोस्टर झूला शामिल है। फूड जोन में पास्ता, पिज्जा, चाउमीन, मंचूरियन सहित लगभग एक दर्जन चटपटे आइटम मौजूद हैं। इसके अलावा फास्टफूड चिली पनीर, नूडल्स, मक्के दी रोटी सरसों के साग के साथ चाय व मोमोज उपलब्ध हैं। राजस्थानी फूड स्टाल पर आलू प्याज कचोरी, मूंगदाल कचोरी, मावा कचोरी, दही बड़ा के स्वाद का लुत्फ लोग ले रहे है।

### डॉ. चिन्मय पण्ड्या का 28 नवम्बर को लखनऊ आगमन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के विशेष प्रतिनिधि एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रतिकुलपति श्रद्धेय डॉ0 चिन्मय पण्ड्या जी प्रदेश के चार दिवसीय कार्यक्रम में दिनांक 28.11.2025 को इन्दिरानगर सेक्टर-9 स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर में नवीनीकृत साहित्य विस्तार पटल का लोकार्पण करेंगे। श्रद्धेय लोकार्पण स्थल पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को वंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी के कार्यक्रम की जानकारी देंगे। इसके साथ-साथ ऋषि का सन्देश भी देंगे। तत्पश्चात वे आगे के कार्यक्रम हेतु प्रस्थान करेंगे।

**आयोजन**

## टूरिज्म विजन डॉक्यूमेंट 2047 की तैयारी शुरू

# लखनऊ में एक मंच पर जुटेंगे नीति-निर्माता और विशेषज्ञ : जयवीर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 27 नवंबर को योजना भवन, लखनऊ में विकसित उत्तर प्रदेश/2047 पर्यटन कार्यशाला करने जा रहा है। यह ऐसा मंच होगा, जहां प्रदेश के दीर्घकालिक पर्यटन भविष्य की नींव रखी जाएगी। यह कार्यशाला टूरिज्म विजन डॉक्यूमेंट 2047 को आकार देने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगी, जिसके माध्यम से उत्तर प्रदेश को सतत, समावेशी और विश्व-स्तरीय पर्यटन गंतव्य बनाने की व्यापक रणनीति तैयार की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य में पर्यटन नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और विकसित भारत 2047 की राष्ट्रीय दृष्टि पर आधारित



इस परिवर्तनकारी यात्रा में प्रदेश घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की विशेष पसंद बनकर उभर रहा है। 2025 की पहली तिमाही में रिकॉर्ड 109.65 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने उत्तर प्रदेश का भ्रमण किया। ये आंकड़े उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करता है। इसी तेज उभरती पर्यटन क्षमता को और सशक्त, निवेश-उन्मुख और समुदाय केंद्रित विकास मॉडल में बदलने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है, ताकि आने वाले वर्षों में प्रदेश को एक विश्व-स्तरीय पर्यटन हब के रूप में स्थापित किया जा सके। कार्यशाला की शुरुआत पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संबोधन से होगी। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे, जिसमें उत्तर प्रदेश की दीर्घकालिक पर्यटन दृष्टिकोण साझा करेंगे। पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात पर्यटन क्षेत्र की रणनीतिक प्राथमिकताओं को रेखांकित करेंगे, जबकि महानिदेशक पर्यटन राजेश कुमार स्वागत भाषण प्रस्तुत करेंगे। कार्यशाला के अंतर्गत आगामी चर्चाओं में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार, स्पिरिचुअल टूर एंड पैकेजेज सत्र के दौरान अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत करेंगे। इस सत्र में तीर्थ पर्यटन सर्किटों की बढ़ती मांग और क्यूरेटेड पैकेजों की संभावनाओं पर विशेष फोकस रहेगा। विश्व भूषण मुख्य कार्यकारी अधिकारी काशी विश्वनाथ धाम धार्मिक पर्यटन सत्र में शामिल होंगे, जो आध्यात्मिक सर्किटों को और मजबूत बनाने तथा बड़े पैमाने पर तीर्थ-यात्रियों की आवाजाही के प्रबंधन पर अपनी विशेषज्ञ राय साझा करेंगे। विरासत संरक्षण, ईको टूरिज्म, वाइल्डलाइफटूरिज्म, कौशल विकास, पर्यटन, डिजिटल पर्यटन प्रणाली, ग्रामीण पर्यटन उद्यमों तथा पर्यटन शोध से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ भी विभिन्न सत्रों में अपनी भागीदारी दर्ज कराएंगे।

### विजन डॉक्यूमेंट में शामिल होंगे सुझाव

उत्तर प्रदेश के पर्यटन भविष्य को नया आयाम देने के लिए आयोजित एक दिवसीय पर्यटन कार्यशाला में उद्घाटन सत्र से लेकर विशेषज्ञ प्रस्तुतियों, थीम आधारित पैनल चर्चाओं और मल्टी-स्टेकहोल्डर ब्रेकआउट सत्रों तक पूरे दिन व्यापक विमर्श होगा। कार्यशाला में मिले सुझावों और क्षेत्र विशेष प्राथमिकताओं को आगामी विजन डॉक्यूमेंट में समाहित किया जाएगा, जिसके आधार पर प्रदेश में पर्यटन विकास की व्यापक कार्य-योजना लागू की जाएगी। उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास की नई दिशा तय करने के उद्देश्य से आयोजित दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं और अधिकारी भविष्य के लिए ठोस खाका तैयार करेंगे। बैठक का केंद्र बिंदु राज्य के पर्यटन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए रणनीतिक सुझावों का निर्माण, प्राथमिक परियोजना क्षेत्रों और निवेश अवसरों की पहचान तथा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को नई गति देना रहेगा।

# श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर के निर्माण के बाद प्रमुख शिवालयों के दर्शन करेंगे अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



लिया बड़ा संकल्प

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने मंगलवार को इटावा में अपने पैतृक क्षेत्र में बन रहे भव्य 'श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर' के कार्य प्रगति के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने एक धार्मिक संकल्प भी लिया कि मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण होने पर वह प्रमुख शिवालयों के दर्शन करेंगे। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए इटावा में अपने पैतृक क्षेत्र में बन रहे भव्य 'श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर' के शीघ्र पूर्ण होने की जानकारी दी। अखिलेश ने लिखा, पूर्णता ही पूर्णता की ओर ले जाती है। ईश्वरीय प्रेरणा से इटावा में निर्माणाधीन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर के पूर्ण होने पर अन्य मंदिरों के दर्शन का संकल्प भी पूर्ण करेंगे। आस्था जीवन को सकारात्मकता और सद्भाव से भरने वाली ऊर्जा का ही नाम है। दर्शन के लिए ईश्वरीय इच्छा ही मार्ग बनाती है, वही बुलाती है। सच तो ये है कि हम सब तो ईश्वर के बनाए मार्ग पर बस चलकर जाते हैं। आस्थावान रहें, सकारात्मक रहें!इस पोस्ट के जरिए अखिलेश ने संकेत दिया कि केदारेश्वर महादेव मंदिर के उद्घाटन के बाद वे देश के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों और शिवालयों के दर्शन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक इसमें केदारनाथ, सोमनाथ, महाकालेश्वर और विश्वनाथ सहित बारह ज्योतिर्लिंगों की यात्रा शामिल हो सकती है। इटावा के सैफई के निकट बन रहा श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर यादव परिवार की आस्था का बड़ा केंद्र है। मुलायम सिंह यादव के समय शुरू हुआ यह मंदिर अब अंतिम चरण में है। मंदिर परिसर में 108 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जो उत्तर भारत की सबसे ऊंची शिव प्रतिमाओं में से एक होगी। परिसर में विशाल शिवलिंग, नंदी मंडपम और ध्यान केंद्र भी बनाया जा रहा है।राजनीतिक गलियारों में इसे अखिलेश की नई छवि का हिस्सा माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से वे लगातार धार्मिक आयोजनों में हिस्सा ले रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिक किशोरी प्रेमी संग फरार, मां ने थाने में दी तहरीर

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की करीब 16 साल की नाबालिक किशोरी अपनी प्रेमी के साथ घर वालों को चकमा देकर फरार हो गई पीड़ित मां ने थाना में तहरीर दी है किशोरी की माता ने थाने में तहरीर देकर बताया की 22 तारीख की शाम जब वह घर पर नहीं थी तभी उनकी नाबालिक पुत्री को एक गांव निवासी घर वालों को चकमा देकर रफू चक्कर हो गई उसकी पुत्री को भगाने मे चार लोगों और शामिल होने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस बताया इस संबंध में उन्होंने मामले में जांच की तो पता चला की लड़की 2 साल पहले इसी लड़के के साथ भाग गई थी। नाबालिक होने के कारण उसे पर मुकदमा लिखा गया था मुकदमा कोर्ट में चल रहा है और कोर्ट की सिक्योरिटी में लड़की को मां–बाप के सुपौल किया गया था। इसके बाद लड़की दोबारा उसी के साथ चली गई है।

### जयमाल पड़ते ही पहुंची पहली पत्नी, किया भयंकर हंगामा, बिना दुल्हन के बैरंग लौटी बारात

**तिलहर, शाहजहांपुर।** जयमाल पड़ते ही पहुंची पहली कथित पत्नी के जोरदार हंगामे के बाद फौजी की शादी की आगे की सभी रस्में धरी की धरी रह गईं। मामला कोतवाली पहुंचा वर पक्ष को लड़की पक्ष से माफी मांगने और लेन देन का हिसाब करना पड़ा। हुआ यूं कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की लड़की का जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा निवासी फौजी अनिल पांडेय उर्फ राज पांडेय उर्फ बब्बू के साथ रिश्ता तय हुआ। सगाई आदि की रस्में होने के बाद 24 नवंबर को नगर के एक धर्मशाला में वैवाहिक कार्यक्रम के तहत बारात पहुंची। देर रात तक खाना पीना चलने के दौरान ही जयमाल कार्यक्रम सामोन होते ही दूल्हे राजा की कथित पहली पत्नी अचानक धर्मशाला आ धमकी। फिर क्या था जोरदार हंगामे के चलते वैवाहिक रस्मे धरी की धरी रह गईं। कन्या पक्ष और वर पक्ष के बीच हाथा पाई भी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को शांत कराया। इसके बाद मामला कोतवाली पहुंचा। सगाई में की गई मोटी रकम व अन्य लेन देन के ब्यौरे से पुलिस को अवगत कराया गया। वर पक्ष द्वारा कन्या पक्ष को रकम लौटाने के बाद लिखित समझौता किया गया। प्रभारी कोतवाल दिनेश कुमार सिंह ने बताया दोनो पक्षों ने परस्पर मामला निबटा लिया है।

### आरएफसी सेंटर पर खरीद शून्य, आखिर क्यों नहीं हुई खरीद

**जलालाबाद।** उत्तर प्रदेश के जलालाबाद इलाके में धान खरीद केंद्रों आरएफसी पर किसानों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। स्थानीय किसानों का आरोप है कि आरएफसी 1 और 2 पर 21 नवंबर से अब तक कोई खरीद नहीं हुई है, जबकि आरएफसी 3 पर 19 नवंबर से और आरएफसी 4 पर 21 नवंबर से खरीद पूरी तरह ठप पड़ी है। यही नहीं इन क्रय केंद्रों पर डेढ़ महीने में दो हजार कुंतल की खरीद नहीं हों सकी है। किसान हफ्तों से मंडी में अपनी ट्रॉलियां भरकर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन तौल न होने के कारण उन्हें रोजाना ट्रॉलियों का किराया चुकाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि केंद्र प्रभारी जानबूझकर देरी कर रहे हैं, ताकि किसान थक–हारकर अपना धान वापस ले जाएं या फिर मजबूरी में निजी व्यापारियों को कम दाम पर बेच दें। एक किसान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हमें इतना परेशान किया जा रहा है कि या तो हम अपना धान वापस आदतों (निजी बाजार) पर बेच दें, या फिर 150 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त खर्च देकर सरकारी केंद्र पर बेचें। यह साफ–साफ किसानों का शोषण है। जानकारी के मुताबिक, जिले के अन्य सभी आरएफसी केंद्रों पर धान की खरीद सुचारू रूप से चल रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जलालाबाद के इन केंद्रों पर खरीद क्यों रुकी हुई है। किसानों ने जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह किसानों के साथ अन्याय है। एक हफ्ते से ज्यादा समय हो गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। अधिकारी क्यों मौन हैं।

### शर्ट सर्किट से लगी आग बमुश्किल चालक ने बुझाई



**पुवायां, शाहजहांपुर।** लहरपुर से बरेली जा रही लकड़ी लदी गाड़ी में अचानक आग लग गई, राहगीरों ने गाड़ी को रूकबाकर ड्राइवर को बताया तो ड्राइवर ने बमुश्किल राहगीरों की मदद से आग पर काबू पाया जिससे बड़ा हादसा टल गया। मंगलबार को एक ट्रक लहरपुर से बरेली के लिए लकड़ी लोड करके जा रहा था कि पुवायां से निगोही रोड पर जाते समय जठियापुर गांव के आगे झाबर के पास ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक के पीछे चल रहे बाइक सबार ने ट्रक को ओवर टेक करके ट्रक को रूकबाकर चालक को ट्रक में आग लगने की जानकारी दी। ट्रक चला रहे राकेश शर्मा ने गाड़ी रोकी इसी दौरान कई राहगीर भी मौके पर रुक गए। चालक ने झाबर से पानी भरकर जलती हुई आग पर डालना शुरू किया तो कई अन्य लोग भी सहयोग करने लगे थोड़ी ही देर में चालक ने राहगीरों की मदत से आग पर काबू पा लिया। राहगीरों एवं चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

### शपथ ग्रहण कार्यक्रम आज

**शाहजहांपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में 77 वें संविधान दिवस पर डा. अंबेडकर प्रतिमा स्थल घंटाघर आज बुधवार को सुबह 9 बजे भारतीय लोकतंत्र डा. अंबेडकर की देन विषयक गोष्ठी एवं उद्देशिका शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। जानकारी पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने दी।

# एसपी सिटी ने रोजा थाने का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

- अभिलेखों, कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं स्वच्छता व्यवस्था का व्यापक मूल्यांकन किया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में देवेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर एसपी सिटी द्वारा थाना रोजा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी द्वारा थाना स्तर पर संचालित कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण, अपराध नियंत्रण की स्थिति एवं समग्र पुलिस व्यवस्था का गहन अवलोकन एवं मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण की शुरुआत अपराध रजिस्टर, अंदरूनी जांच रजिस्टर, जी.डी., चालान व मालखाना अभिलेखों सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों के परीक्षण से की गई। इसके उपरांत एसपी सिटी द्वारा सीसीटीएनएस कक्ष में पंजीकरण गुणवत्ता, डिजिटाइजेशन कार्य एवं ऑनलाइन प्रविष्टियों की प्रगति की समीक्षा की गई। थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए महोदय ने मैस, बैरक, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क/महिला सुरक्षा केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं स्वच्छता स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया। मुकदमों में दाखिल किए गए वाहनों की स्थिति, सुरक्षा एवं उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव की भी समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान थाने में साफ-सफाई, शिस्त, अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, समयबद्ध निस्तारण, फरियादियों के प्रति व्यवहारिक शालीनता एवं प्रोफेशनल पुलिसिंग पर विशेष बल देते हुए श्री देवेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर महोदय द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। महोदय द्वारा थाना स्टाफ को जनसाधारण की समस्याओं के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण, महिला-सुरक्षा से संबंधित मामलों में प्राथमिकता, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, गश्त/पिकेटिंग में सतर्कता तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रो-एक्टिव पुलिसिंग अपनाने के निर्देश दिए। अंत में, एसपी सिटी द्वारा सभी पुलिस कर्मियों को सतर्कता, अनुशासन, स्वच्छता, व्यवहारिक सौम्यता एवं प्रोफेशनल दक्षता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया।

## इक़बाल हुसैन उर्फ फूल मियां को फ़ख़्रे हिंदुस्तान अवार्ड से नवाज़ा गया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- मदरसा नुरुलहुदा में हुआ कवि सम्मेलन व मुशायरा

लखनऊ की साहित्यिक संस्था फ़ख़्रे हिंदुस्तान के तत्वावधान में एक कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन मदरसा नूरूल हुदा बिजलीपुरा में किया गया । जिसमें जनपद और आसपास के कवियों व शायरों ने अपने कलाम पेश किए। फ़ख़्रे हिंदुस्तान के ज़िला कार्यक्रम समन्वयक सैयद शारिक़ अक्स और इशरत सग़ीर के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में मदरसा नूर उल हुदा के प्रधानाचार्य इक़बाल हुसैन उर्फ़ फूल मियां को उनकी साहित्य सेवा के लिए फ़ख़्रे हिंदुस्तान के संस्थापक आरिफ़ अलवी और सचिव देशराज देसाई ने फ़ख़्र हिंदुस्तान अवार्ड से नवाज़ा कवि सम्मेलन और मुशायरे की अध्यक्षता शाइर असग़र यासिर ने की। कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान तथा शाइर हमीद खज़िर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे! शायर असग़र यासिर ने सुनाया -समंदरों के सफ़र का तो इक बहाना था! किसी तरह भी उसे साथ छोड़ जाना था। कवि ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान ने टूटते पारिवारिक रिश्तों पर शेर पढ़ा - सच में झुलस के रह गया किरदार बाप का। जब बोलने का छिन गया अधिकार बाप का। शाइर हमीद खज़िर ने तरन्नुम से कलाम सुनाते हुए वाह-वाही लूटी। उनका यह शेर बहुत पसंद किया गया-मेरी आंखें नहीं मेरे बस में, आप अगर चाहें तो पर्दा कर लें। तिलहर से आये शायर शमशाद आतिफ़ ने पढ़ा- तारीख़ जानती है तरक्की उन्हीं ने की, जो मुल्क ज़ात पात से आगे निकल गए। इनके अलावा एडवोकेट गुलिस्तां ख़ान, साजिद सफ़दर, विकास सोनी ऋतुराज, विकास शर्मा पारस, आतिश मुरादाबादी, अभिषेक ठाकुर अधीर ने अपने गीतों ग़ज़लों से समाँ बाँध दिया। इस मौके पर सैयद शारिक़, संदीप राठौर, विमल यादव, इज़हार, कामरान, साजिद, मुख़्तार, ममनून, हाफ़िज़ ज़ाहेद, ज़हूर आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन शाइर इशरत सग़ीर ने तथा फ़ख़्रे हिंदुस्तान के फ़ाउंडर आरिफ़ अलवी ने सबका आभार व्यक्त किया।

## विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम में एसएस कॉलेज के पांच खिलाड़ी चयनित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा विगत 7 नवंबर से 10 नवंबर तक आयोजित अंतरमहाविद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शाहजहाँपुर के एस.एस. कॉलेज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। टीम के शानदार खेल प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों प्रीतेश (कप्तान), आकर्षित, फिरदौस, निखिल, कुनेंद्र और सुबोध का चयन 19 नवंबर से 23 नवंबर तक एमजेपीआरयू में आयोजित हुए कैंप के लिए किया गया। इसके उपरांत कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर प्रीतेश (उपकप्तान), आकर्षित (विकेटकीपर), सुबोध, निखिल और फिरदौस को विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम में चयनित किया गया है। यह टीम 22 नवंबर से 2 दिसंबर तक अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले नॉर्थ ज़ोन अन्तरविश्वविद्यालयी टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेगी। खिलाड़ियों की इस सफलता पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, सचिव डॉ अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रो आर के आजाद, उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, क्रीड़ा सचिव प्रो अजीत सिंह चारग, उपसचिव डॉ प्रांजल शाही सहित कॉलेज के समस्त स्टाफ ने उज्ज्वल भविष्य और उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएँ दी हैं।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल



**जैतीपुर - शाहजहांपुर।** थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गोगेपुर मड़ई के बीच मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर में गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं बाइक चला रहे उसके पति को मामूली चोटे आई।महिला पति के साथ गोगेपुर में अपनी दवाई लेने आई थी। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरा बाइक सवार बाहर मौका पाकर भाग गया।जो भरई गांव का बताया जा रहा हैं। जानकारी के अनुसार गांव गढ़िया रंगीन के गांव मटेना उमरसड़ की मीना अपने पति राजीव के साथ बाइक से गोगेपुर दवाई लेने आई थी। शाम करीब 5:30 दोनों घर जा रहे थे।तभी गोगेपुर-मड़ई के बीच सामने से आए बाइक सवार नें जोरदार टक्कर मार दी और भाग गया। टक्कर लगने से महिला सड़क पर गिर गई।सिर व हाथ-पैर गंभीर चोटें आई। वहीं बाइक चला रहें उसके पति को मामूली चोटें आई।महिला सात माह की गर्भवती हैं।सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के पायलट करमचंद, ईएमटी रवि नंदन घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। महिला की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## हत्या के मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ससुराल में रह रहे युवक की मौत के बाद मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया। वही पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव भिलावा निवासी करन सिंह पुत्र श्रीकेशन ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उनका बेटा देवेश थाना क्षेत्र के गांव उदारा अपनी ससुराल में पत्नी के साथ भैया दूज पर गया था और तब से वहीं रहने लगा। बेटे के ससुर इंद्रपाल ने उसकी पत्नी सरोज की शादी दूसरे से करने की बात कहकर ससुराल में रहने का दबाव बनाया। लोकलाज के भय से बेटा ससुराल में ही रहने लगा। वही दर्ज मुकदमे में बताया कि पीड़ित पिता की नाबालिक बेटी को गांव के ही एक महिला समेत तीन लोग जबरन भगा ले गए थे। जिसकी रिपोर्ट थाना पुवायां में दर्ज कराई थी। जिसका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। बेटी को भगा ले जाने वाले आरोपी और बेटे का ससुराल पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं। इसलिए बेटे के ससुराल वाले पीड़ित पिता पर दर्ज कराए बलात्कार और पास्को मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। इस दौरान ससुराल वालों राजीनामा न लेने पर बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी। जिसकी जानकारी बेटे ने घर पर बताई। जिसके बाद बेटे को ससुराल में रहने से भी मना किया था लेकिन वह ससुराल पक्ष के दबाव में ससुराल रहने चला गया। रविवार की रात बेटे की पत्नी सरोज, साला बबलू, अवधेश तथा शिवसिंह ने गला दबाकर हत्या कर दी और उसका शव गांव के पड़ोस में पेड़ के पास डाल दिया। सोमवार को बेटे की पत्नी सरोज का फोन आया कि उनके बेटे की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद वह और रिश्तेदार गांव उदारा पहुंचे तो बेटे का शव पेड़ के पास पड़ा था। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी और कोतवाली आकर बेटे की हत्या करने में पत्नी सरोज, साला बबलू और अवधेश पुत्र इंद्रपाल तथा शिवसिंह पुत्र रामनरेश निवासी गांव उदारा के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की। वही पुलिस ने हत्या के मामले में महिला समेत उक्त चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एसडीएम ने विश्वकीर्तिमान स्थापित करने वाले दो ब्रह्मचारियों को किया सम्मानित



**तिलहर, शाहजहांपुर।** रुद्रपुर गुरुकुल की हीरक जयंती महोत्सव में अमेरिकन ओलंपियन का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने वाले ब्रह्मचारी सूरज आर्य व आचार्य उत्तम आर्य सहित सभी विश्व कीर्तिमान धारियों को एसडीएम सदानंद सरोज ने तहसील स्थित कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया। एसडीएम ने उनके जीवन लक्ष्य के विषय में चर्चा की तथा उन्हें ओलंपिक तक पहुँचने के लिए भी प्रेरित किया। गुरुकुल द्वारा अहर्निश किए जा रहे पुरुषार्थ को सराहा तथा निरंतर लक्ष्य के प्रति आगे बढ़ने की शुभकामना देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि बीती 22 नवंबर गुरुकुल महाविद्यालय में हीरक जयंती समारोह में बैक फ्लिप वर्ड रिकॉर्ड बनाने बाली उक्त दिनों ब्रह्मचारियों को गोल्डन बुक वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड के एशिया प्रमुख मनीष विश्नोई ने समारोह में पहुंचकर आचार्य उत्तम आर्य व उनके शिष्य ब्रह्मचारी सूरज आर्य को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित करते हुए प्रमाणपत्र सौंपा था।

## डायबिटीज से बचाव को बरते सावधानियां : ललिता

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




लायन इंटरनेशनल के अग्रणी मंडल 321 बी1 के अंतर्गत लायंस क्लब शक्ति शाहजहांपुर द्वारा मंगलवार को छोटी सब्जी मंडी बहादुरगंज में डायबिटीज हीमोग्लोबिन और बीपी चेकअप कैंप डा. दीप्ति और उनके अस्पताल स्टाफ द्वारा किया किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया कि डायबिटीज कैंप में लगभग 50 लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया। साथ ही रेंडम डायबिटीज और बीपी भी लोगों की चेक की गई, जिसमें से कुछ लोगों की बीपी और डायबिटीज बढ़ा हुआ निकला। उनको डॉक्टर से परामर्श करने के लिए कहा गया। लायन ललिता यादव ने लोगों को जागरूक किया और बताया कि डायबिटीज के कई कारण हो सकते हैं। जैसे आनुवंशिकी मोटापा, व्यायाम की कमी और असंतुलित आहार से डायबिटीज के केस बढ़ रहे हैं। हमें डायबिटीज के शुरुआती लक्षणों पर ध्यान रखना चाहिए, जैसे बार-बार पेशाब आना थकान और कमजोरी होना अचानक वजन घटना घाव का धीरे से भरना धुंधली दृष्टि यह डायबिटीज होने के लक्षण है। अगर ऐसे लक्षण अगर किसी को है, तो तुरंत आप डॉक्टर से परामर्श करें। डायबिटीज होने पर चीनी, मैदा चावल कोल्ड ड्रिंक अधिक तले हुए खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। डायबिटीज में साबुत अनाज ओट्स, दाल और हरी सब्जियां खानी चाहिए कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर, सचिव लायन गुरमीत कौर, कोषाध्यक्ष लायन प्रियंका बियानी, लायन प्रियंका ग्रोवर, लायन शुभांगी गुप्ता, लायन डॉक्टर दीप्ति ,लायन करिश्मा ,लायन अमनप्रीत, लायन सोनिया व बड़ी संख्या में टेस्ट करने वाले लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष ललिता यादव ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## भगवान के वनगमन व केवट संवाद कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर

- बुधवार को यज्ञ पूर्णाहुति के साथ ही होगी श्रीराम कथा सम्पन्न
- शाम पांच बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा भंडारा

**तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर में चलराही श्रीराम कथा के छठे दिन नैमिष धाम के कथा व्यास श्री गोविंदाचार्य महाराज ने भगवान राम के वनवास, भरत विलाप और केवट संवाद का मनोहारी प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भव विभोर कर दिया। श्रीराम कथा एवं श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के आयोजकत्व में नगर के पूर्वी तिराहे के समीप कार्यक्रम स्थल पर सुबह की बेला में दूर दराज से पधारे यज्ञाचार्यो के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ 21 कुण्डीय यज्ञ में 21 यजमानों ने सपत्नीक आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। वहीं शाम पांच बजे से शुरू हुई राम कथा में कथा व्यास श्री गोविंदाचार्य महाराज ने भगवान राम के साथ माता जानकी व भ्राता लक्ष्मण के वन गमन मार्मिक प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने सुनाया कि भगवान के वन गमन के बाद महाराजा दशरथ के निधन के बाद भरत लाल को ननिहाल से अयोध्या बुलाने के लिए गुरु वशिष्ठ ने संदेश भिजवाया। भरत लाल ने अचानक माता पिता अथवा भइया के बजाए गुरुवार द्वारा बुलाए जाने पर सोच में पद गए। अयोध्या पहुंचने पर भईया राम को माता कैकेई द्वारा वन गमन और पिता का परलोक गमन पर बहुत विलाप किया। यह प्रसंग सुन श्रोताओं की आँखें नम हो गई। उधर भगवान राम द्वारा गंगा पार करने के लिए केवट से हुए संवाद में केवट द्वारा बेहद चतुराई से भगवान के चरण पखारने के बहाने से पूरे परिवार और पितरों को भी भाग्मव से पार कर करवा लेने के मनोहारी प्रसंग सुन सभी भाव विभोर हो गए। उन्होंने भक्त और भगवान के बीच रिश्ता की रोचकता सुनते हुए कहा कि एक बार भक्त नामदेव के सामने से एक स्वान (कुत्ता) रोटी लेकर भागा तो भक्त नामदेव पीछे से घी का कटोरा लेकर भागते हुए बोले कि भगवान हमने आपको पहचान लिया आप रूखी रोटी क्यों लेकर जा रहें हैं घी तो ले लीजिए। नामदेव की भक्ति भावना ने स्वान में भगवान प्रगट कर दिए। बोले भगवान भक्त के वश में हैं वह किसी भी रूप में प्रगट कर सकता है। कथा व्यास ने यज्ञ की महिमा और यज्ञ स्थल की परिक्रमा का महत्व समझाते हुए किस कामना की पूर्ति के लिए किस वस्तु को लेकर परिक्रमा करनी चाहिए इस पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। समिति सदस्य सभासद राधा रमण मिश्रा, विवेक मेहरोत्रा, डॉ प्रमोद मिश्रा, श्याम गर्ग, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज सक्सेना, सुनील सैनी आदि ने आरती उतारी। फिर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक समिति ने बताया कि बुधवार को सुबह आठ बजे शुरू होकर पूर्वाह्न 11 बजे महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। तदोपरांत दोपहर 12 बजे से श्रीराम कथा पांच बजे तक संपन्न होगी। इसके बाद विशाल भंडारा किया जाएगा।

## क्रिश राजपाल मिस्टर फ्रेशर और अंशिका मौर्या बनीं मिस फ्रेशर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में बी. कॉम. के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह आयोजित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंजी. आर.के अग्रवाल विशिष्ट अतिथि नरेंद्र सक्सेना व उप- प्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल ने स्वामी शुकदेवानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि करके किया। अतिथियों का स्वागत चंदन तिलक व पुष्प कलिका भेंट करके किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंजी. आर. के अग्रवाल ने कहा कि छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ अपने अंदर कौशल भी विकसित करें। डॉ अनुराग ने कहा कि स्वअनुशासन और समय प्रबंधन सफलता की कुंजी है।बी. कॉम कम्प्यूटर के क्रिश ने मेरे घर राम आएंगे भजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ किया। नेहा, हर्षिता, अनुष्का, क्रिश, वैभव, रवि, अनुराग, मलायका, जाह्नवी ने ग्रुप नृत्य प्रस्तुत किया।

बीकॉम फाइनेंस की नेहा और जानवी ने युगल नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बी. कॉम आनर्स से शीजा और अमृत सिंह ने एकल गीत प्रस्तुत किया। चुनर-चुनर गीत पर अनुष्का मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। बी. कॉम कंप्यूटर कि छात्रा हर्षिता देवी ने कजरा मोहब्बत वाला गीत पर समा बांध दिया। मलाइका, मुसाब्बिया, सानिया व सैफ ने संयुक्त रूप से संचालक किया गया। अपूर्व शर्मा ने बड़ा आदमी होना अच्छी बात लेकिन अच्छा आदमी होना बड़ी बात है शीर्षक से कविता सुनाई। वासुदेवाय ने कॉमेडी प्रस्तुत की। इसके बाद मिस्टर और मिस फ्रेशर चयन के लिए तीन चरण में प्रतियोगिता हुई। डॉ देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में निर्णायक मण्डल ने विजेताओं का चयन किया। बी. कॉम कंप्यूटर के क्रिश राजपाल को मिस्टर फ्रेशर और बी. कॉम कंप्यूटर की छात्रा अंशिका मौर्या को मिस फ्रेशर चुना गया का। इस अवसर पर एच पी कॉलेज बदायूं की प्राचार्य डॉ रतिका चावला ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य का निर्धारण करके, योजनाबद्ध तरीके से उसे प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में अनेक पुरस्कार दिए गए। चांद का टुकड़ा पुरस्कार बीकॉम कंप्यूटर की हर्षिता देवी को बेस्ट एंकर अवॉर्ड बीकॉम फाइनेंस की सानिया और बीकॉम ऑनर्स की मुस्सबिया सिद्दीकी को बेस्ट सिंगर अवॉर्ड बी.कॉम कंप्यूटर के क्रिश राजपाल को बेस्ट डांसर अवॉर्ड बी.कॉम ऑनर्स की अनुष्का को बेस्ट समूह नृत्य पुरस्कार बी.कॉम फाइनेंस की नेहा बी.कॉम कंप्यूटर की हर्षिता देवी बीकॉम ऑनर्स की अनुष्का शर्मा के समूह को बेस्ट युगल नृत्य पुरस्कार बीकॉम कंप्यूटर के क्रिश राजपाल व अंशिका मौर्या को दिया गया। कार्यक्रम के आयोजन में बीकॉम ऑनर्स की छात्रा काजल, बीकॉम कंप्यूटर की छात्रा निवेदिता रस्तोगी , सुमित सिंह चौहान, सार्थक शुक्ला आदि छात्रों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र सिंह डॉ. कमलेश गौतम डॉ. गौरव सक्सैना डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. संतोष प्रताप सिंह डॉ.सचिन खन्ना बृज लाली चौबे, अपर्णा त्रिपाठी डॉ. रूपक श्रीवास्तव, अखंड प्रताप सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अतिवरा मोड़ के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर, चार लोग घायल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के अतिबारा मोड़ के पास दो तेज रफ्तार बाइकों में आमने–सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में पति–पत्नी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यह घटना सोमवार की रात की है। अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के मांझा पूर्वी गांव निवासी अमोल सक्सेना पुत्र राजबहादुर और अनोज सक्सेना पुत्र ब्रजकिशोर एवं चांदपुर पीरू गांव निवासी संगम सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह अपनी पत्नी सोलजी देवी घायल हो गई। परिजनों ने मंगलवार दिन के 10 बताया कि जिला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पदों पर आवेदन आमंत्रित

**शाहजहांपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहाँपुर में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के तहत दो पदों पर संविदा के आधार पर भर्ती की जाएगी। यह जानकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ओमप्रकाश तृतीय ने दी। उन्होंने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल का 1 पद तथा असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल का 1 पद स्वीकृत हैं। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रारंभिक रूप से 2 वर्ष की संविदा पर होगी, जिसे कार्य प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकेगा। आवेदन 6 दिसंबर तक है। अध्यक्ष ने बताया कि निर्धारित पात्रता रखने वाले उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर समस्त अभिलेखों सहित 6 दिसंबर को शाम 5 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाहजहाँपुर कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। वेबसाइटों पर उपलब्ध है। विस्तृत विज्ञापन, पात्रता, नियम तथा आवेदन प्रारूप जनपद न्यायालय शाहजहाँपुर की वेबसाइट shahjahanpur.ecourts.gov.in, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण upslsa.up.nic.in, उच्च न्यायालय इलाहाबाद allahabadhighcourt.in तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण nalsa.gov.in पर उपलब्ध है।

### दावत खाकर वापस आ रहे हैं बच्चों के साथ मारपीट

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बाबोरी निवासी छोटेलाल पुत्र ललतू राम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पोता एमपी सिंह व गांव का माया प्रकाश दोनों बच्चे दावत खाकर लगभग 7 बजे वापस अपने घर आ रहे थे। जब उसके दरवाजे से गुजर रहे थे, तो गांव का विनोद कुमार निराला पुत्र अज्ञात व उसका पुत्र प्रांशु पुत्र विनोद कुमार निराला ने मेरे पोते व माया प्रकाश को बिना कारण गालियां देना शुरू कर दिया। जब उन्होंने विरोध किया तो लाठी डंडों से मारने पीटने लगा और जमीन पर पटक दिया किसी तरह यह दोनों बच्चे अपनी जान छुड़ाकर भागे पुलिस ने विनोद कुमार निराला पुत्र अज्ञात व प्रियांशु पुत्र विनोद कुमार निराला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### गन्ने के खेतों में भीषण आग, 5 एकड़ फसल राख

**शाहजहांपुर।** विकासखंड पुवाया के ग्राम पंचायत बेला छेदा के राजस्व ग्राम कटका में मंगलवार देर शाम गन्ने के खेतों में अचानक लगी भीषण आग से हड़कंप मच गया। आग कुछ ही मिनटों में कई खेतों तक फैल गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक किसानों की मेहनत की कमाई राख हो चुकी थी। करीब 5 एकड़ गन्ना जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। आग की इस घटना में होरीलाल राठौर, दीपू अवस्थी बेला छेदा तथा आशीष अवस्थी के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने बताया कि पूरी सीजन की मेहनत और लागत इस आग में स्वाहा हो गई।

# खेत में मिला किशोरी का सर कटा शव, गांव में सनसनी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव इटौरा के मजरा गौटिया में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब खेत के किनारे एक किशोरी का सर कटा शव पड़ा मिलने की खबर मिली। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना मृतका के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचकर परिजनों के होश उड़ गए। गांव के ही निवासी मदन पाल सब्जी उगाकर बाजार में बेचकर परिवार का भरणङ्कपोषण करते हैं। सुबह करीब 6 बजे ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि उनकी बेटी मैना लगभग 17 वर्ष का शव खेत के किनारे पड़ा है और शरीर से अलग सिर थोड़ी दूरी पर दिखाई दे रहा है। मृतका के पास ही खून से सना बांक भी पड़ा मिला।मदन पाल को घटना का विश्वास ही नहीं हुआ, लेकिन मौके पर पहुंचते ही वे बदहवास हो गए। उन्होंने तुरंत ग्राम प्रधान के सहयोग से पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम फैल गया और सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ तथा थानाध्यक्ष सेहरामऊ दक्षिणी उमेश मिश्रा मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम ने खून, हथियार तथा अन्य साक्ष्यों को कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। किशोरी की शादी की तैयारियां चल रही थीं और उसकी पहली दिखाई भी हो चुकी थी, लेकिन अचानक हुई इस वारदात ने परिवार और ग्रामीणों को हैरान कर दिया है। पुलिस ऑनर किलिंग की आशंका से भी इंकार नहीं कर रही। बहन और माँ का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में मातम पसरा हुआ है और लोग परिजनों को सांत्वना देने पहुंच रहे है। थानाध्यक्ष उमेश मिश्रा ने बताया कि घटना को लेकर अभी तक परिजनों से कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग सामने आ रहे हैं। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी।

## 14वें दिन भी रिलीव नहीं किया गया ब्लॉक का बाबू

**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड सिधौली के वरिष्ठ सहायक महेश कुमार का ट्रांसफर विकासखंड कटरा खुदागंज शाहजहांपुर पिछले दो हफ्ते पहले ही जिला विकास अधिकारी शाहजहांपुर ने तत्काल प्रभाव के साथ कर दिया था। लेकिन वीडियो सिधौली के रहमों करम पर आज 14वें दिन भी बाबू को सिधौली ब्लाक से रिलीव नहीं किया गया। जबकि ट्रांसफर आदेश में साफ-साफ निर्देशित किया गया कि स्थानांतरित कर्मचारी को कार्य मुक्त न किया जाना अनुशासनहीनता मानी जाएगी। अब देखना है कि डीडीओ साहब के आदेश को वी डी ओ साहब कब तक ठेंगा दिखायेंगे, क्या आदेश को अमल में भी लायेंगे।

## श्री हनुमतधाम में धर्म ध्वाजारोहण, सुन्दरकाण्ड पाठ और भण्डारे का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्री अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के शिखर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए धर्म ध्वाजारोहण के साथ ही देशभर में उत्सव जैसा माहौल रहा। इसी क्रम में शाहजहांपुर स्थित श्री हनुमतधाम में भी उसी समय धर्म ध्वजा फहराई गई, जहां भक्तों की बड़ी संख्या मौजूद रही। प्रातःकाल से ही हनुमतधाम में भक्तिमय वातावरण रहा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुन्दरकाण्ड पाठ कर प्रभु श्रीराम और बजरंगबली की स्तुति की। इसके उपरांत गर्भगृह स्थित रामदरबार के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज पूजन संपन्न हुआ। शंखनाद और जयघोष के साथ धाम परिसर में भव्य ध्वजारोहण किया गया। आयोजन के बाद भक्तों ने हवन में आहुति दी और मंदिर प्रांगण में भण्डारे का आयोजन किया गया। प्रसाद वितरण से लेकर भक्तों की सेवा तक, पूरे कार्यक्रम में धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक उत्साह देखने को मिला। मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, चन्द्रशेखर खन्ना, जयप्रकाश वाजपेई, पुजारी हरिओम वाजपेई, अमन वाजपेई, हर्ष, राजीव कपूर सहित कई सदस्यों ने पूरे आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भण्डारा प्रसाद वितरण में राजकीय मेडिकल कॉलेज, शाहजहांपुर के बायोकेमिस्ट्री विभाग के प्रवक्ता डॉ. अनिल एवं उनके परिवार का विशेष योगदान रहा। इस शुभ अवसर पर नगरभर से आए सैकड़ों भक्तों ने सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया।

## जलालाबाद–ढाईघाट हाईवे पर हुए हादसे में युवक की मौत

- मृतक की पत्नी ने लगाया साजिशन एक्सीडेंट से मारने का आरोप

**मिर्जापुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में जलालाबाद-ढाईघाट, शमशाबाद स्टेट हाईवे पर सोमवार देर सांय ढाई गांव के ईंट-भट्ठे के समीप एक सड़क हादसे में ग्राम ढाई के मूल निवासी 35 वर्षीय ओमपाल जो वर्तमान में कांट थानांतर्गत ग्राम ककरघटा में अपनी ससुराल में रहते थे। सोमवार को ओमपाल अपनी बाइक से ढाई गांव आए थे। देर सांय ग्राम ढाई से लौटते समय उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु गई। मृतक की पत्नी माला देवी का आरोप है कि कुछ लोग उसके पति को दुर्घटना करवाकर जान से मरवा देने की धमकियां दे रहे थे। मृतक की पत्नी ने विरोधियों पर साजिशन हत्या करवाकर दुर्घटना का रूप देने का आरोप लगाते हुए घटना की गहनता से जांच किए जाने की मांग पुलिस से की है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मृतक की पत्नी के आरोपों की भी गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक अपने पीछे पत्नी माला देवी के अलावा तीन बच्चे मेनबाबू (13), दस वर्षीय पुत्री गुड़िया और आठ वर्षीय माधव को रोता बिलखता छोड़ गए।

### ग्रामीण खेल लीग की स्पर्धाओं में बच्चों ने उत्साह से लिया भाग

**कांट, शाहजहांपुर।** युवा कल्याण विभाग की ओर से आयुष एकेडमी के मैदान पर आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग में मंगलवार को बालिका सीनियर वर्ग की वॉलीबॉल स्पर्धा में आयुष एकेडमी, जूनियर वर्ग में ऐंठापुर और सब जूनियर वर्ग में आयुष एकेडमी की टीम विजेता रही। सब जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में वैष्णवी प्रथम ने पहला स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में आस्था ने पहला, सुनिष्ठा ने दूसरा और श्याम ने तीसरा स्थान पाया। सब जूनियर बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ में शोभित प्रथम, ब्रजेश द्वितीय और रामकृष्ण तृतीय रहे। जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में जारा प्रथम, शिवा द्वितीय और कोमल तृतीय रहीं।

## बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों की चोरी

**निगोही, शाहजहांपुर।** संडा खास गांव में सोमवार शाम चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अधिवक्ता मुनेंद्र अवस्थी के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर हजारों की नकदी और लाखों रुपये के कीमती जेवरात समेट ले गए। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पीड़ित मुनेंद्र अवस्थी ने बताया कि वह सोमवार को परिवार सहित भतीजे गौरव अवस्थी के पुत्र के नामकरण समारोह में शाहजहांपुर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर में धावा बोल दिया। रात करीब आठ बजे उनकी सास मधु पांडेय और साले हिमांशु घर लौटे तो मुख्य गेट का ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल फोन कर मुनेंद्र को सूचना



दी। घर के अंदर अलमारी टूटी पड़ी थी और सामान बिखरा हुआ था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।गांव वालों का कहना है कि इलाके में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## कांग्रेस का एसआईआर पर बड़ा हमला, समय सीमा बढ़ाने की मांग, 14 दिसंबर को दिल्ली में करेगी विशाल रैली

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन, टाउन हॉल में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने सरकार द्वारा एसआईआर प्रक्रिया में दिखाई जा रही जल्दबाजी पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि बिना प्रशिक्षण के बीएलओ की ड्यूटी लगा दी गई है, जिनमें से कई को यह तक नहीं पता कि उन्हें करना क्या है।

जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कुछ बीएलओ भाजपा पार्षदों और नेताओं के पास बैठकर उनके इशारे पर काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें निष्पक्षता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो कांग्रेस आंदोलनात्मक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी। साथ ही उन्होंने एसआईआर की समय सीमा बढ़ाने की मांग भी रखी, ताकि आम जनता को परेशानी न हो और काम सुचारू रूप से पूरा हो सके। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि कांग्रेस किसी भी वोट को कटने नहीं देगी।

पार्टी के कार्यकर्ता हर क्षेत्र में लोगों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एसआईआर के विरोध में कांग्रेस 14 दिसंबर को दिल्ली में विशाल रैली आयोजित करने जा रही है, जिसका नेतृत्व नेता विपक्ष राहुल गांधी करेंगे। शाहजहांपुर से बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के शामिल होने की तैयारी है। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेता अनस इक़बाल, पीसीसी सदस्य राम प्रकाश दीक्षित, उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन फुरकान अहमद कुरैशी, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष अरुणोद मिश्रा तथा मो. जकी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### गणना प्रपत्रों को भरवाने व प्राप्त प्रपत्रों को बीएलओ ने ऐप पर किया डिजिटाइजेशन

**शाहजहांपुर।** अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कैम्प लगवाकर मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को भरवाने में सहायता, उन्हें प्राप्त किये जाने तथा गणना प्रपत्रों को बीएलओ ऐप पर डिजिटाइजेशन की कार्रवाई की जा रही है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण मे अपने बूथ के सभी मतदाताओं को ससमय गणना प्रपत्र सभी मतदाताओं के घर जा कर वितरण कर एवं उनसे प्राप्त कर पूर्ण रूप से डिजिटाइजेशन बीएलओ द्वारा किया गया। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कर्मचारियों ने उल्लेखनीय योगदान दिया गया। सभी कर्मियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने और ससमय गणना प्रपत्र मतदाताओं से प्राप्त कर ससमय डिजिटाइज़ करने का आह्वान किया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गणना प्रपत्र के वितरण, कलेक्शन, एवं डिजिटाइजेशन के लिए सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक बीएलओ प्रतिदिन वितरण किए गए गणना प्रपत्रों को प्राप्त कर डिजिटाइजेशन करना सुनिश्चित करें। सुपरवाइजर 10 प्रतिशत की दर से प्रतिदिन कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन की गति से कार्य करें। 30 नवम्बर तक सभी फर्मों को प्राप्त कर उनका डिजिटाइजेशन करना भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि जिन्हें फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए है वह फॉर्म भरके जमा करें जिससे उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सकें। अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को 26 नवंबर को लॉटरी के माध्यम से सम्मानित भी किया जाएगा।

## बुलेट की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की दोनों टांगे टूटी

- बेटे ने दर्ज कराई एफआईआर

**तिलहर शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रिंग रोड पर बुलेट मोटरसाइकिल की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की दोनो टांगे टूट गई। जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बेटे ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहजहांपुर के मोहल्ला हद्दफ निवासी पुनीत कुमार मिश्रा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसके पिता वंशीधर मिश्रा 79 बीती 17 नवंबर को शाम करी पांच बजे घर से साइकिल अपने गाँव पिंगरी जा रहे थे। सुभाष नगर से नगरिया मोड़ मार्ग पर गर्रा पुल के आगे हनुमान मंदिर के सामने लाल रंग की बुलेट संख्या यूपी 24 ए 2111 के चालक ने सामने से पिता की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे साइकिल टूटने के साथ ही पिता की दोनो टांगो की हड्डी टूट गई तथा सिर व सीने पर भी चोट आई। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचकर उसने उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बुलेट चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## दो मौतों के बाद जागे जिम्मेदार, कोलाघाट पुल से पहले रखे पत्थरों को हटवाया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कोलाघाट पुल से पहले सड़क पर लापरवाही से पड़े भारी पत्थरों ने सोमवार रात बड़ा हादसा करा दिया। बाइक सवार चाचा-भतीजा पत्थरों से टकराकर मौके पर ही मौत के शिकार हो गए। दर्दनाक हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने विभागीय उदासीनता पर जमकर सवाल उठाए। बताया जा रहा है कि लंबे समय से पुल से पहले सड़क किनारे भारी पत्थर पड़े हुए थे, जिनकी वजह से राहगीरों को लगातार खतरा बना हुआ था। कई बार शिकायत के बाद भी विभाग हरकत में नहीं आया। लेकिन दो जानें जाने के बाद आखिरकार सेतु निगम की नींद टूटी। मंगलवार सुबह विभागीय टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी लगवाकर सड़क पर रखे सभी पत्थर हटवाए। मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। ग्रामीणों का कहना है कि हादसा टल सकता था अगर समय रहते विभाग कार्रवाई कर देता। लोगों ने अब दुर्घटनास्थल पर चेतावनी बोर्ड व रिफ्लेक्टर लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी न दोहराई जाए।

### 1 से 5 किलोवाट वाले उपभोक्ताओं को भी मिले राहत, रास सांसद मिथिलेश कठेरिया ने ऊर्जा मंत्री को भेजा पत्र



**शाहजहांपुर।** एक दिसंबर से प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना लागू होने जा रही है, जिससे लाखों घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिलने वाला है। फिलहाल योजना में 1 किलोवाट से 2 किलोवाट तक के घरेलू बिजली कनेक्शन शामिल किए गए हैं। इसी के तहत राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अरविंद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर मांग की है कि राहत योजना का दायरा बढ़ाया जाए और 1 किलोवाट से 5 किलोवाट तक के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को भी इसमें शामिल किया जाए। सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अवगत कराया कि अधिकांश घरों में एसी, टिल्लू पंप व अन्य आवश्यक उपकरणों के उपयोग के कारण 1 किलोवाट से अधिक क्षमता के घरेलू कनेक्शन की आवश्यकता होती है। ऐसे में 3 से 5 किलोवाट तक के उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे। राज्यसभा सांसद ने ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से 1 से 5 किलोवाट तक के घरेलू कनेक्शन को भी योजना में शामिल किया जाए, ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

## सिंधौली में डॉ. के.पी. गुप्ता ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

- अपोलो हॉस्पिटल बना सेवा का केंद्र, सैकड़ों मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार
- वृद्धा को जीवनभर इलाज का आश्वासन

**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**

सेवा, संकल्प और संवेदना की परंपरा को सजीव करते हुए डॉ. के.पी. गुप्ता की पहल पर सिंधौली स्थित अपोलो हॉस्पिटल परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। दोपहर 2 बजे से सायं 4:30 बजे तक चले इस शिविर में सैकड़ों मरीजों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। शिविर के अंतर्गत रोगियों की निःशुल्क जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। जरूरतमंद मरीजों




को बिना किसी शुल्क के दवाएं वितरित की गई, वहीं अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे जैसी सुविधाएं भी पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। ग्रामीण क्षेत्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं रहा। उल्लेखनीय है कि डॉ. के.पी. गुप्ता द्वारा पूर्व में भी इसी प्रकार के कई स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनका लाभ क्षेत्रवासियों को निरंतर मिलता रहा है। इन अभियानों से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ी है, बल्कि आमजन का चिकित्सा व्यवस्था में विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। शिविर के दौरान एक भावुक क्षण उस समय सामने आया, जब डॉ. गुप्ता ने एक वृद्ध महिला के जीवनभर निःशुल्क उपचार का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा यह मेरी मां के समान हैं, मैंने कोई बड़ा कार्य नहीं किया, केवल पुत्र धर्म का निर्वहन किया है। डॉ. गुप्ता के यह शिविर चिकित्सा सेवा की एक अनुकरणीय मिसाल के रूप में याद किया जाएगा।

## गुरु और शिष्य की जोड़ी ने तोड़ा अमेरिकन ओलंपियन का वर्ल्ड रिकॉर्ड

- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया प्रमुख ने सौंपे प्रमाण पत्र

**तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित हीरक जयंती में गोल्डन वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया प्रमुख ने मनीष विश्नोई ने अमेरिकन ओलंपिक पदक विजेता फ्रेडरिक रिचर्ड के बैक फ्लिप के रिकॉर्ड को तोड़ने ब्रह्मचारी गुरु शिष्य को प्रमाणपत्र सौंपा। हीरक जयंती के अवसर पर भारी जन समूह के मध्य आचार्य उत्तम आर्य 23 व उनके शिष्य सूरज आर्य 13 ने अपने-अपने आयु वर्ग में अमेरिकन ओलंपिक पदक विजेता फ्रेडरिक रिचर्ड द्वारा स्थापित वर्ल्ड रिकॉर्ड 24 घंटे में 1111 बैकफ्लिप को तोड़ते हुए मात्र 9 घंटे की अल्प अवधि में 1251 बैकफ्लिप कर अद्वितीय विश्वकीर्तिमान स्थापित किया। इस कीर्तिमान को निरीक्षण करने कार्यक्रम में पहुंचे पधारे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया प्रमुख डॉ मनीष बिश्नोई ने आधिकारिक रूप से प्रमाणित कर प्रमाण पत्र प्रदान किये। तथा गुरुकुल परिवार को हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम में विधायक सलोना कुशवाहा, विनोबा भावे आश्रम के रमेश भैया जी व विमला वहन, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डॉ अशोक अग्रवाल, जीएस यूनिवर्सिटी के डॉ अवनीश मिश्रा, असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी डॉ श्याम सुंदर पाठक, पूर्व सांसद कन्नौज के प्रोफेसर रामवक्ष वर्मा, स्वामी अभिषेक देव पतंजलि योगपीठ, अशोक अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रवल, गुजरात के चेरिटेवल ट्रस्ट अध्यक्ष केशुभाई गोटी जी (प्रसिद्ध हीरा व्यापारी) टेक्सटाइल उद्योगपति विक्रम भाई बजाज समेत विभिन्न गणमान्य ने गुरुकुल परिवार को इस उपलब्धी के लिये शुभकामनाएं देते हुए गुरुकुल व परिवार के उज्ज्वल भविष्य कामना की।

## खतरनाक मंसूबे

नापाक पाक की ओर से सीमावर्ती राज्य पंजाब को अस्थिर करने की साजिश पिछली सदी से लगातार की जा रही है। लेकिन अब नशे का नश्तर सुनियोजित ढंग से इसके सीने पर जिस ढंग से चलाया जा रहा है, वह परेशान करने वाला है। पंजाब के पाक सीमा से लगे जिलों में नशीले पदार्थों की आपूर्ति लगातार जारी है। लेकिन अब इस साजिश में एक विचलित करने वाला अनैतिक मोड़ देखने को मिल रहा है। इसमें पाक स्थित ड्रग माफिया भारतीय सीमा में नाबालिगों को नशा आपूर्तिकर्ता के तौर पर भर्ती कर रहे हैं। यह कोई मामूली साजिश नहीं है, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। ये तकनीकी बदलावों, कानून की खामियों और सबसे बढ़कर बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाने का कुत्सित प्रयास ही है। दरअसल, सीमा पार बैठे नशा माफिया कानून के छिद्रों व परिस्थितियों का लाभ उठाने से नहीं चूकते। अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का के किशोरों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इन किशोरों में कई आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवारों से हैं। जिन्हें चंद रुपयों का प्रलोभन दिया जाता है। उन्हें स्मार्टफोनों का लालच दिया जाता है। इसके अलावा जो किशोर नशे की दलदल में धंस चुके हैं उनकी कमजोर नस को पकड़कर उन्हें मुफ्त ड्रग्स का लालच दिया जाता है। किसी भी देश के किशोरों का नशे के संजाल में फंसना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बच्चे भविष्य के भारत के कर्णधार होते हैं। यदि वे अभी से नशे की दलदल और नशीले पदार्थों की आपूर्ति में लग जाएंगे तो देश-समाज का भविष्य कैसा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। जिस काम को किशोर लालच से अंजाम दे रहे हैं, सही मायनों में वह बेहद खतरनाक है। वे ड्रोन से गिराए गए हेरोइन के पैकेट व कुछ मामलों में खतरनाक अवैध हथियार उठाते हैं और उन्हें ड्रग माफिया द्वारा बताए गए एजेंटों तक पहुंचाते हैं। दरअसल, आमतौर पर किशोरों की सामान्य सक्रियता को संदिग्ध नहीं माना जाता। उनका साफ-सुथरा रिकॉर्ड उन्हें कानून प्रवर्तन अधिकारियों की नजर से बचा लेता है। यदि नाबालिगों की गिरफ्तारी होती भी है तो वे भारतीय कानूनों के हिसाब से गंभीर सजा से बच जाते हैं। इस तरह, उन्हें कम उम्र ही उन्हें सीमा पार बैठे नशे के तस्करों के लिये उपयोगी बना देती है। इन बच्चों के खिलाफ कार्रवाई करते समय प्रवर्तन एजेंसियों को उदार रवैया अपनाना चाहिए। दरअसल, कुछ बच्चे परिस्थितियों के मारे भी होते हैं। वे मूलतरू अपराधी नहीं होते। कुछ शातिर अपराधी उनका इस्तेमाल करके इस अपराध की दलदल में धकेल देते हैं। सही मायनों में वे सीमा पार से रची गई साजिश और हमारी अपनी व्यवस्था की कमजोरियों के कुचक्र व उससे उपजी आपराधिक व्यवस्था में आसानी से फंस जाते हैं। असल में, भारतीय किशोर न्याय कानून का उद्देश्य नाबालिगों को सुधारना और सुरक्षा करना होता है। लेकिन इस कानून की मूल भावना का लाभ संगठित नेटवर्कों द्वारा अपने मंसूबों को अंजाम देने को उठाया जा रहा है। हम 21वीं सदी में नशे की तस्करी का मुकाबला बीसवीं सदी के उपायों से नहीं कर सकते हैं। कभी-कभार होने वाली गिरफ्तारियां, छिटपुट छापे और उदार चेतावनी अपर्याप्त कही जा सकती हैं। निश्चित रूप से अपराध की घातकता के अनुरूप ही प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। सीमा की निगरानी व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाये जाने की सख्त आवश्यकता है। स्कूलों, पंचायतों, सामुदायिक नेताओं और नागरिक समाज को पहले ही चेतावनी प्रणालियां बनानी चाहिए, ताकि पहचान हो सके कि बच्चों की परवरिश किस ढंग से की जा सके। इस दिशा में अभिभावकों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि वे बच्चों के पथभ्रष्ट होने के खतरे के प्रति सचेत रहें। समुदायों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही जोखिम के दायरे में आ सकने वाले युवाओं को बेहतर शिक्षा, कार्य कौशल और वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए ताकि वे किसी प्रलोभन में आकर गलत राह न चुनें। निश्चित तौर पर नाबालिगों का यह दुरुपयोग पंजाब के सामाजिक ताने-बाने व भारत की सुरक्षा पर हमला है।

# धर्मेंद्र : वह सूरज, जो ढल कर भी पीढ़ियों को रोशन करता रहेगा

*योगेश कुमार गोयल*

हिन्दी फिल्म उद्योग का वह चमकता सूरज, जिसने पीढ़ियों के सपनों को रोशन किया, जिसने कठिनाई में हिम्मत दी और जिसने अपने सहज व्यक्तित्व से अभिनय को जन-जन के जीवन से जोड़ दिया, वह धर्मेंद्र हमसे सदा के लिए विदा हो गए। यह क्षति केवल एक परिवार, एक पीढ़ी या एक उद्योग की नहीं बल्कि उस युग की विदाई है, जिसने भारतीय सिनेमा को स्वर्णकाल दिया। धर्मेंद्र सिर्फ अभिनेता नहीं थे, वे एक भावनात्मक धड़कन, एक सांस्कृतिक अनुभूति और करोड़ों भारतीयों की यादों में दर्ज वह ताकत थे, जो पर्दे पर आते ही कहानी को सजीव बना देती थी।

पंजाब के साहनेवाल गांव में 8 दिसंबर 1935 को जन्मा यह बालक शायद स्वयं भी नहीं जानता था कि एक दिन उसका नाम भारतीय सिनेमा के इतिहास में अमिट अक्षरों में दर्ज होने वाला है। गांव की मिट्टी, खेती की महक और सादगी से भरे जीवन ने उन्हें वह सहजता दी, जो आगे चलकर उनके अभिनय की सबसे बड़ी ताकत बनी। उनके भीतर का कलाकार किसी कोने में सोया हुआ था पर दिल में एक स्वप्न जलता था कुछ कर दिखाने का, कुछ बनने का, कुछ ऐसा छोड़ जाने का जिसे पीढ़ियां याद रखें।

साल 1954 में जब मात्र 19 वर्ष की उम्र में उन्होंने प्रकाश कौर से विवाह किया, उस समय उन्हें यह कल्पना भी नहीं थी कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग एक दिन उनके कदमों में होगा। जीवन संघर्षों से भरा था पर भीतर ऐसी ईमानदारी और अनुशासन था, जो किसी भी कलाकार को महान बना देता है। भाग्य ने उन्हें साल 1960 में वह क्षण दिया, जब निर्देशक अर्जुन हिंगोरानी ने उन्हें फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' में मौका दिया। मेहनताना सिर्फ 51 रुपये, पर इस मामूली रकम ने भारतीय फिल्मों को वह धरोहर दी, जिसकी कीमत किसी मुद्रा में आंकी नहीं जा सकती। यह शुरुआत थी पर यात्रा लंबी और संघर्षपूर्ण होने वाली थी।

शुरुआत में उन्होंने साधारण, आम आदमी के किरदार निभाए, अनपढ़, बंदिनी, अनुपमा, आया सावन झूम के- इन फिल्मों में उनकी मासूमियत, उनकी आंखों की भाषा और उनके संवादों की सरलता इतनी वास्तविक थी कि दर्शकों को लगा, वे किसी काल्पनिक नायक को नहीं बल्कि अपने जैसे इंसान को पर्दे पर देख रहे हों। धर्मेंद्र में किसी तरह का दिखावा नहीं था, वे अभिनय नहीं करते थे, वे जीते थे। शायद यही कारण था कि जनता ने उन्हें अभिनेता नहीं, अपने दिल का हिस्सा मान लिया।

साल 1960 के दशक के अंत में जब हिन्दी सिनेमा बड़े परिवर्तन की ओर बढ़ रहा था, धर्मेंद्र ने उसी दौर में अपने भीतर छिपे 'ही-मैन' को पहचाना। वे एक्शन फिल्मों के सबसे बड़े सितारे बने पर इस चमक के साथ भी उनकी विनम्रता कभी नहीं बदली। फूल और पत्थर, आई मिलन की बेला, आए दिन बहार के, इन फिल्मों ने उन्हें रातों-रात स्टार बनाया, पर असल चमत्कार अभी बाकी था। जब साल 1975 में शोले आई तो धर्मेंद्र का 'वीरू' सिर्फ एक किरदार नहीं रहा, वह भारतीय संस्कृति का प्रतीक बन गया। वीरू की दोस्ती, उसका हास्य, उसका गुस्सा, उसका प्रेम, धर्मेंद्र की सहज अदाकारी ने उसे अमर कर दिया।

उनका प्रतिभा-क्षेत्र केवल एक्शन और रोमांस तक सीमित नहीं था। चुपके-चुपके जैसी फिल्में, जो हिंदी सिनेमा में हास्य की उत्कृष्ट कृति मानी जाती हैं, यह सिद्ध करती हैं कि धर्मेंद्र का अभिनय केवल मांसपेशियों नहीं बल्कि दिमाग, दिल और संवेदना से भी जन्म लेता था। वे जितने सशक्त एक्शन हीरो थे, उतने ही बेहतरीन कॉमेडियन और उतने ही भावपूर्ण रोमांटिक कलाकार थे।



दिलचस्प बात यह है कि धर्मेंद्र ने तीन पीढ़ियों का मनोरंजन किया। जहां वे बलराज साहनी, राज कपूर, संजीव कुमार और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों के साथ काम कर चुके थे, वहीं वे रणवीर सिंह, शाहिद कपूर और आलिया भट्ट जैसे आज के सितारों के साथ भी पर्दे पर दिखे। 65 साल का करियर किसी कलाकार को किंवदंती बना देता है पर धर्मेंद्र की निरंतर सक्रियता उन्हें उससे भी कहीं ऊपर ले जाती है। वह एक जीवित विश्वविद्यालय थे अभिनय का, सहजता का, विनम्रता का। अपने परिवार के प्रति उनका प्रेम भी असाधारण था। सनी देओल और बॉबी देओल के प्रति उनका भावनात्मक रिश्ता, हेमा मालिनी के साथ उनके जीवन का अध्याय, उनकी बेटियां ईशा और अहाना, उनकी व्यक्तिगत कहानी किसी उपन्यास से कम नहीं। 13 नाती-पोते, बड़ी विरासत, जीवन के आखिरी दिन उन्होंने अपने फार्म हाउस में बिताई। लाखों लोगों द्वारा पूजा जाने वाला यह कलाकार अंत में लौट गया अपने मूल की ओर, धरती, सादगी, प्रकृति। साल 2025 में उनकी आंख की कॉर्निया ट्रांसप्लांट सर्जरी हुई थी। कमजोर होते शरीर, टूटती ताकत, उम्र की थकान, इन सबके बावजूद वह कैमरे से दूर नहीं हुए। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी नई पीढ़ी की फिल्मों में भी उनका वही पुराना करिश्मा दिखा, वही मुस्कान, वही गर्मजोशी। किसी भी महान कलाकार की पहचान यही होती है कि समय बदल जाए पर उसकी चमक न बदले, धर्मेंद्र इस कसौटी पर हमेशा खरे उतरे।

दिलचस्प बात यह है कि धर्मेंद्र ने तीन पीढ़ियों का मनोरंजन किया। जहां वे बलराज साहनी, राज कपूर, संजीव कुमार और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों के साथ काम कर चुके थे, वहीं वे रणवीर सिंह, शाहिद कपूर और आलिया भट्ट जैसे आज के सितारों के साथ भी पर्दे पर दिखे। 65 साल का करियर किसी कलाकार को किंवदंती बना देता है पर धर्मेंद्र की निरंतर सक्रियता उन्हें उससे भी कहीं ऊपर ले जाती है। वह एक जीवित विश्वविद्यालय थे अभिनय का, सहजता का, विनम्रता का। अपने परिवार के प्रति उनका प्रेम भी असाधारण था। सनी देओल और बॉबी देओल के प्रति उनका भावनात्मक रिश्ता, हेमा मालिनी के साथ उनके जीवन का अध्याय, उनकी बेटियां ईशा और अहाना, उनकी व्यक्तिगत कहानी किसी उपन्यास से कम नहीं। 13 नाती-पोते, बड़ी विरासत, जीवन के आखिरी दिन उन्होंने अपने फार्म हाउस में बिताई।

लाखों लोगों द्वारा पूजा जाने वाला यह कलाकार अंत में लौट गया अपने मूल की ओर, धरती, सादगी, प्रकृति। साल 2025 में उनकी आंख की कॉर्निया ट्रांसप्लांट सर्जरी हुई थी। कमजोर होते शरीर, टूटती ताकत, उम्र की थकान, इन सबके बावजूद वह कैमरे से दूर नहीं हुए। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी नई पीढ़ी की फिल्मों में भी उनका वही पुराना करिश्मा दिखा, वही मुस्कान, वही गर्मजोशी।

किसी भी महान कलाकार की पहचान यही होती है कि समय बदल जाए पर उसकी चमक न बदले, धर्मेंद्र इस कसौटी पर हमेशा खरे उतरे।

31 अक्टूबर 2025 को जब उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया तो पूरे देश की धड़कनें मानो थम गई। 12 नवंबर को जब उन्हें घर भेजा गया तो उम्मीदों की किरण जग उठी थी। वे अपने घर में इलाज के बीच जीवन जी रहे थे पर नियति ने शायद फैसला कर लिया था। 24 नवंबर को वह खबर आई, जिसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया 'भारतीय सिनेमा का 'ही-मैन' अब हमारे बीच नहीं है।' लाखों लोगों ने रोकर उन्हें याद किया। फिल्मी दुनिया, राजनीति, खेल, साहित्य, हर क्षेत्र से श्रद्धांजलि की बाढ़ आ गई। सोशल मीडिया पर उनके संवाद, उनके वीडियो, उनकी पुरानी तस्वीरें उमड़ पड़ी। प्रधानमंत्री से लेकर सामान्य नागरिक तक, हर किसी ने स्वीकार किया कि धर्मेंद्र का जाना एक युग का अंत है।

क्या महान लोग वास्तव में मर जाते हैं? शायद नहीं। धर्मेंद्र केवल चले गए हैं पर वे रहेंगे हर उस दिल में, जिसने कभी उनकी फिल्म देखी हो। धर्मेंद्र वह अध्याय हैं, जिसे समय कभी बंद नहीं कर सकेगा। उनकी फिल्में, उनका व्यक्तित्व, उनका विनम्र स्वभाव और उनका अटूट मानवीयपन सिनेमा के इतिहास में अमर रहेगा। वह जमीन से उठकर आकाश तक पहुंचने की वह कहानी हैं, जिसे हर माता-पिता अपने बच्चे को सुनाता रहेगा। हम, उनके चाहने वाले, उनकी फिल्मों, उनकी यादों और उनके संवादों में उन्हें सदा जीवित रखेंगे। सदाबहार, अद्वितीय, विलक्षण अभिनेता धर्मेंद्र को शत-शत नमन।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# माऊस के सामने पेन को भूल गए छात्र

*क्षमा शर्मा*

पिछले दिनों अमरीका में पढ़ाने वाले एक प्रोफेसर ने दिलचस्प किस्सा बताया। उन्होंने अपने विद्यार्थियों को निबंध लिखने के लिए एक विषय दिया। वह यह देखकर हैरान रह गए कि सभी विद्याध्थियों ने एक जैसा लिखा था। यहां तक कि प्रारंभ और अंत भी लगभग एक जैसे थे। उन्हें समझते देर न लगी कि विद्यार्थियों ने विषय को चैट जी.पी.टी. में फीड किया होगा और वहीं से नकल करके लिख दिया। इससे उनके कान खड़े हो गए। इस तरह तो छात्र कुछ सीख ही नहीं रहे। न उन्हें कुछ याद हो रहा है। इसके बाद उन्होंने बच्चों से कहा कि टैस्ट से पहले वे अपने मोबाइल और लैपटॉप जमा करा दें और निबंध हाथ से लिखें। लेकिन छात्रों को यह तरीका कतई पसंद नहीं आया। उनका कहना था कि वे हाथ से लिखना नहीं जानते। वे कम्प्यूटर पर ही लिख सकते हैं।

इन प्रोफेसर महोदय का कहना था कि बचपन में वह गांव के स्कूल में पढ़े थे, जहां जोर-जोर से गाकर पहाड़े याद कराए जाते थे जो आज तक उन्हें याद हैं। बड़ी कक्षाओं में बताया जाता था कि सवालों के उत्तरों को बार-बार लिखकर याद करें। अच्छे हस्तलेख पर भी जोर दिया जाता था। लिखने की खूब प्रैक्टिस करनी होती थी जिससे कि निर्धारित समय में पूरा प्रश्नपत्र खत्म हो सके। कोई सवाल छूट न जाए। लेकिन पहले छात्रों के जीवन में कम्प्यूटर ने प्रवेश किया। माऊस के सामने वे पेन को भूल गए।

टैबलेट और लैपटॉप में तो माऊस की जरूरत भी नहीं रही। और अब जब से आर्टीफिशियल इंटैलीजैंस या कृत्रिम बुद्धिमता का जीवन में प्रवेश हुआ है, तब से बच्चों के सीखने में भारी कमी दर्ज की गई है। हाथ से लिखना तो भूल ही गए हैं। बैंकों में अक्सर ऐसे युवा मिलते हैं, जिनके पास अपने हस्ताक्षर करने के लिए पेन नहीं होता। अब भी बुजुर्ग स्त्री-पुरुषों के पास पेन होता है। ये युवा पेन मांगते हैं और अक्सर लौटाना भूल जाते हैं। कुल मिलाकर यह कि दुनियाभर में हाथ से लिखना जो कि एक कला ही मानी जाती रही है, लोग भूल रहे हैं। लिखना तो दूर चीजें याद भी नहीं रहतीं। पिछले दिनों एक परिचित ने बताया था कि जब लैंडलाइन का जमाना था तो उन्हें असंख्य नम्बर याद रहते थे। जब से मोबाइल आया है और नम्बर सेव करने की सुविधा मौजूद है तब से कोई नम्बर याद नहीं रहता। कहा ही जाता है कि यदि दिमाग का इस्तेमाल कम करो तो दिमाग की शक्तियां भी कम होने लगती हैं। शरीर के अन्य अंगों के साथ भी यही सच है। पिछले दिनों स्वीडन से एक दिलचस्प खबर आई थी। बताया गया था कि 15 साल पहले वहां के स्कूलों से किताबों और कापियों को पूरी तरह से विदा कर दिया गया था। बच्चों को पढने के लिए लैपटॉप थमा दिए गए थे। शिक्षा का प्रारम्भ से ही डिजिटलीकरण कर दिया गया था। लेकिन तमाम सर्वेक्षणों में यह बात सामने आई कि बच्चे कुछ भी नया नहीं सीख रहे। उनमें इनीशिएटिव लेकर कुछ नया सीखने की भावना कम हो रही है। वे न पढना चाहते हैं न लिखना। इसके अलावा रात-दिन कम्प्यूटर पर काम करने के कारण उन्हें तरह-तरह के रोग हो रहे हैं। सर्वाइकल, गठिया, आंखों की कमजोरी, चिड़चिड़ापन, अवसाद आदि के वे शिकार हो रहे हैं। सारी बातों पर गौर करके स्वीडन की सरकार ने तय किया कि अब बच्चे लैपटॉप, टैबलेट आदि से नहीं पढ़ेंगे। वे वापस किताबों, कापियों से ही पढ़ेंगे। वे पढ़ने की पुरानी पद्धतियों की तरफ ही वापस लौटेंगे। यही बात अब अमरीका में जोर-शोर से कही जा रही है। तमाम बड़े अखबारों में लेख छप रहे हैं। इस बात पर चिंता व्यक्त की जा रही है कि नई पीढ़ी हाथ से लिखना भूल गई है। अल्फा पीढ़ी जो हाथ में मोबाइल ही लेकर जन्मी है, उसे किस तरह से हाथ से लिखने की तरफलौटाया जाए। स्कूलों में बच्चों के बीच बहस आयोजित की जा रही हैं। उन्हें लिखने, सीखने और याद करने का महत्व बताया जा रहा है। यह भी कि लिखने से कम्युनिकेशन स्किल्स भी बढ़ती हैं। बातचीत से वे बहुत कुछ ऐसा नया सीखते हैं जो ए.आई. नहीं सिखा सकता। इसके अलावा कोई मेल लिखना, किसी को मैसेज भेजना आदि भी हमें संबंधों के महत्व को बताते हैं। हम अपनी भावनाओं को अपने हिसाब और इमोशंस के साथ व्यक्त करते हैं। इसलिए लिखना बहुत जरूरी है। कम्प्यूटर पर लिखें लेकिन हाथ से भी लिखें। यह भी कहा जा रहा है कि हम अपने आप जो कुछ लिखते हैं, उसमें हमेशा नयापन होता है। कोई और उसे ज्यों का त्यों नकल नहीं कर सकता। फिर हम जब अपने भाव और विचार खुद व्यक्त करते हैं तो दिमाग हमें नई-नई सूचना देता है। बहुत सी पुरानी चीजें याद दिलाता है। हरदम नया सोचने को प्रेरित करता है। हम अपनी समस्याएं खुद हल करना सीखते हैं। अभी हमें ए.आई. किसी जादूगर की तरह लग सकता है जो पलक झपकते ही हमारी हर समस्या हल कर दे। लेकिन अंततः यह हमारे दिमाग की बहुत सारी शक्तियों, हमारी रचनात्मकता, नया सोचने की शक्ति को खत्म करने की ताकत भी रखता है। इसलिए खुद लिखें, खुद सीखें। अमरीका में चल रही इस बहस से उम्मीद है कि भारत में भी लोग कुछ सीखेंगे।



साहित्य



## क्या वो प्यार था

**श्याम सिंह बिष्ट**

क्या वो प्यार था ?
खुली आंखों से
जीवन के सपनें देखना
रातो को करना विचरण
दिन-दोपहर तेरी गलियों के चक्कर।

लिखना कागजों में, मेरी प्यारी
हर चौक-चौराहे पर तेरा इंतजार
खाना क़समें प्यार के बातों की
कागजों में उकेरना अपने जज्बात।

रातों के पहर का
वो मेरे मन को कचोटना
दस्तक तेरी, मेरी आँगन में फूलों जैसी
बाल्यकाल का वो तेरा-मेरा लड़कपन
थोड़े अबूझे थे हम थोड़े से तुम।

समझना गुलाब को प्यार की निशानी
किताबों का वो मेरा, तेरा
अदल-बदल
लिखना शायरी तेरी जुदाई में
क्या वो प्यार था?



## राशिफल

**मेष:-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। किसी भी कार्य में आलस्य कतई न करें।

**वृषभ:-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को समयानुकूल पूर्ण करें।

**मिथुन:-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीन:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# सांसों से बढ़कर दुनिया में कुछ है?

*डॉ. प्रितम*

मनुष्य के जीवन का आधार पर्यावरण है, अगर पर्यावरण सुरक्षित होगा तो ही, जीवसृष्टी का संरक्षण संभव हैं। हमारे आसपास के वातावरण में मौजूद आवश्यक तत्वों की मौजूदगी पर्यावरण का अमूल्य हिस्सा है, जैस- हवा,पानी, धूप, पहाड़, नदियां, समुद्र, जंगल, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, जमीन, आकाश, धातु, खनिज, हिमखंड व अन्य मिलकर पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर पृथ्वी पर जीवन को संभव बनाते हैं। यह तत्व भी एक-दूसरे के पूरक होते है एवं हमारे जीवन के प्रत्येक गतिविधि पर असर डालते हैं। पर्यावरण हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है, इसकी रक्षा अर्थात मनुष्य जीवन की रक्षा है, परंतु कई बार विकास के नाम पर, भ्रष्टाचार, अपराध, लापरवाही और स्वार्थ के कारण हमारा पर्यावरण बेहद तेजी से बर्बाद हुआ हैं। जिसके कारण जानलेवा बीमारियों ने तेजी से पैर पसारे है और असमय मौत की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धी हुयी हैं। अब बीमारियां उम्र के हिसाब से नहीं बल्कि प्रदूषण और खराब जीवनशैली के हिसाब से होती हैं। आज देश में शुद्ध हवा पानी भोजन और सुख-शांति से जीने के लिए पोषक वातावरण मिलना दुर्लभ हो रहा हैं। इसी समस्या के प्रति जागरूकता हेतु पर्यावरण बचाने के लिए हर साल 26 नवंबर को विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता हैं।

हमारे देश में पाश्चात्य देशों की तुलना में बहुत अधिक प्रदूषण, लोगों में लापरवाही, अपराधवृत्ति, स्वार्थ और सहने की आदत हैं। हमारे आसपास के छोटे-छोटे देश भी पर्यावरण के संरक्षण में हमसे आगे हैए उदाहरण के लिए भूटान देश अपने प्राकृतिक सौंदर्य को बेहतर ढंग से संजोकर आगे बढ़ रहे हैं, जिसका असर वहां के नागरिकों के सेहत पर भी नजर आता हैं। विकसित राष्ट्रों में सख्त नियम-कानून का कढ़ाई से पालन किया जाता है, ताकि पर्यावरण को नुकसान न हों, पर्यावरण संरक्षण के प्रति वहां सरकार सख्ती से पेश आती है और जनता को भी परेशानी न हों, उसका भी खास ख्याल रखा जाता है, संभावित विविध पर्यायों का क्रियान्वयन किया जाता हैं। ऐसे माहौल में जनता भी सरकार के पर्यावरण और स्वास्थ्य पूरक बेहतर कार्यों में पूरा सहयोग देती है, इसके मुकाबले हम आज भी बहुत पिछड़े हुए नजर आते है, जीवन के लिए सबसे आवश्यक शुद्ध वातावरण है, लेकिन हम आज भी पर्यावरण को खराब करने पर तुले हुए हैं। जागरूकता केवल दिन विशेष पर और दिखावे के लिए की जाती है, ऐसा अक्सर प्रतीत होता हैं।

हमारे शहरों से बहने वाली अधिकाधिक नदियों का स्वरूप नालों की भांति नजर आता है, अरबों रुपये खर्च कर नदियों के स्वच्छता के दावो की सच्चाई भी हम देखते हैए भ्रष्टाचार और लीपापोती का साम्राज्य पर्यावरण को तेजी से बर्बाद कर रहा हैं। स्विस कंपनी आयक्यूएअर द्वारा जारी वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 में भारत को दुनिया का पांचवा सबसे प्रदूषित देश बताया गया हैं। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी हैं। दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 और शीर्ष 20 में से 13 शहर भारत में हैं। हाल ही के अध्ययन अनुसार, एयर पॉल्यूशन से भारत में हर साल 1.7 मिलियन से 2 मिलियन लोगों की मौत होती हैं। स्टेट ऑफ़ ग्लोबल एयर 2025 रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में करीब 2 मिलियन मौतें और 2022 की लैंसेट रिपोर्ट के मुताबिक 1.7 मिलियन से ज़्यादा मौतों का अंदाज हैं। आउटडोर और इनडोर एयर पॉल्यूशन की वजह से दिल की बीमारी, स्ट्रोक और सीओपीडी जैसी नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों से होने वाली मौतें होती हैं। इसी प्रकार जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, मृदा प्रदूषण और अस्वच्छता के कारण बड़ी मात्रा में असमय मासूम जिंदगियां छीन जाती हैए साथ ही बीमारियों का जंजाल तन-मन के साथ-साथ जीवन के हर स्थिति पर गंभीर आघात करता हैं। रेडियोधर्मी प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, तापीय प्रदूषण, प्रकाश प्रदूषण हमें मौत के आगोश में धकेलता हैं।

हमारे देश में जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक ये व्यवस्था नहीं सुधरेंगी। पर्यावरण के रक्षा के लिए स्वार्थ और लालच छोड़कर अनमोल जीवन की कीमत समझनी होंगी। अनाज के लिए हानिकारक रसायनों के उपयोग को खत्म करके जैविक खेती को अपनाना समय की मांग है, हम अपने आसपास रोज पर्यावरण और स्वास्थ्य प्रणाली को नुकसान पहुंचानेवाले घटनाओं को देखते है, लेकिन ऐसी समस्याओं पर अधिकतर लोग अपने कर्तव्य को निभाने की कोशिश भी नहीं करतें। आवश्यकता, मांग के नाम पर शहरों से जमीन गायब होकर सीमेंट में तब्दील हो रही है, पनपने के लिए पर्याप्त मिट्टी न होने के कारण शहरों में पेड़ कम हो रहे है, बरसात के मौसम में हल्की हवा से बचे हुए चंद पेड़ भी सड़कों पर उखड़कर गिर जाते हैं। बारिश का पानी सोखने के लिए शहरों में जमीन नजर नहीं आती। तापमान लगातार बढ़ रहा है, ऋतुओं का चक्र बिगड़ रहा है, जिससे लगातार फ़सलों को नुकसान पहुंचता है, मानवीय शरीर कमजोर हो रहा हैं।

अक्सर देखते है कि सड़कों पर नल का पानी बहता है, दिन में सड़कों के पथदीप शुरू रहते है, लोग बेखौफसड़कों के किनारे कचरा फेंकते हैं, खुले में कचरा जलाते हैए राह चलते थूकते जाते हैं। प्रतिबंधित प्लास्टिक का धड़ल्ले से उपयोग होता है, कारखानों का घातक रासायनिक जल खुले में या खेतों में छोड़ा जाता है, नदियों में कचरा डालते हैं, बायोमेडिकल कचरा और यांत्रिकी कचरे का योग्य पद्धति से निपटान नहीं करते हैं, प्राकृतिक संसाधनों और ईंधन का अत्यधिक प्रयोग पर्यावरण के साथ संपूर्ण जीवसृष्टि के लिए खतरा बन रहा हैं। अस्वच्छता के कारण बीमारियों का साम्राज्य भी चरम पर होता हैं। अपशिष्ट के पुनर्चक्रण प्रणाली को गति नहीं मिल रही। बिना डर के मिलावटखोरी चलती है, अधिकतर बस्तियों, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी का आलम बरकरार दिखता हैं। लोगों को आँगन में पेड़ की जगह एक अधिक कमरा चाहिए, हर तरफअतिक्रमण नजर आता हैं।

पर्यावरण को बचाने और अपनी सेहत को स्वस्थ रखने के लिए हम जितना संभव हो सके पैदल चलकर, साइकिल चलाकर या सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करके कार्बन फुटप्रिंट कम कर सकते हैं। घरों या संस्थानों में ग्रीन ऊर्जा का प्रयोग कर सकते है, पुनर्चक्रण के द्वारा वस्तुओं का फ़िर से इस्तेमाल कर सकते हैं। प्लास्टिक के बजाय उसके अन्य पर्याय पर ध्यान दें, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक प्रयोग से बचें। बचे हुए खाद्य को फेंकने के बजाय उनसे कम्पोस्ट बनाएं और सस्टेनेबल सोर्स से बने प्रोडक्ट, इको-फ्रेंडली सफाई प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, स्वच्छता भागीदारी बढ़ाएं, अधिकाधिक पेड़ लगायें। मनुष्य अपनी असीमित आकांक्षाओं और जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्यावरण के रक्षा के बजाय उसका दोहन कर रहा हैं। मनुष्य से बेहतर तो पशु-पक्षी, जानवर, जीव-जंतु है, जो प्रकृति को बचाने में अनमोल भूमिका निभाते हैं। हमें अपना आलस और स्वार्थ छोड़कर पर्यावरण की रक्षा और अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी बखूबी निभानी होंगी, यह सुन्दर, स्वच्छ, अनुकूल पर्यावरण बचेगा, तभी हम पृथ्वी पर आराम से जी पायेंगे, यह सच्चाई सबने समझनी होंगी। जैसे प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से हमेशा देती जाती है, उसी प्रकार हमें भी उसका ख्याल रखना जरुरी बन जाता हैं। पैसों से हम सांसे नहीं खरीद सकते, जीवनावश्यक संसाधनों की पूर्ति प्रकृति द्वारा ही होती हैं। मनुष्य पर्यावरण से छेड़छाड़ करने से बचें, वरना प्रकृति अपना विनाशकारी रौद्र रूप दिखा ही रही हैं। जो वस्तु हमें सहज उपलब्ध होती है, जैसे- शुद्ध हवा, पानी, सूर्यप्रकाश, पोषक भोजन, पेड़-पौधे, हरियाली पर प्रत्येक मनुष्य, प्राणी, जीवजंतु का समान अधिकार है, इसे दूषित नहीं करना, बल्कि इसका संरक्षण करना हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### शुरू हुआ सवा लाख गायत्री महामंत्र का जाप



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के तपोभूमि में चल रहे श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ के शुभारंभ के बाद मंगलवार को यज्ञवेदी में 65 कर्मकांडी ब्राह्मणों ने सवा लाख गायत्री महामंत्र का जप शुरू किया है। इसी के साथ तपोभूमि में साधु संतों का जमावड़ा शुरू हो गया है। बुधवार से श्रीमद्भागवत कथा कलश पूजन के साथ प्रारंभ होगी। इसकी सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। वहीं तपोभूमि में लगे विशाल मेले में कस्बा वासियों की भीड़ बढ़ने लगी है। यहां साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश आदि के पुख्ता इंतजाम कराए गए हैं।

### ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनो ने विवाहिता को पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने पति, सास, जेठ, जेठानी के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी प्रियंका सोनकर ने बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी विनय सोनकर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति विनय सोनकर, जेठानी गौरा, जेठ विनोद, सास लक्ष्मी कम दहेज लाने को ताना देकर प्रताड़ित करते रहे। गत 23 नवंबर को सभी ने उसे गाली गलौज करते हुए जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। मारपीट में उसे गंभीर चोटें लगी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति सहित जेठ, जेठानी, सास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

### पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे की एक युवती ने बांदा जनपद के एक युवक पर शादी का झांसा देकर चार वर्ष तक शारीरिक संबंध बनाने तथा शादी का दबाव बनाने पर शादी से मुकर जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे की एक युवती ने बताया कि चार वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात बांदा जनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र के गडरिया गांव निवासी आशीष उर्फ शुभम के साथ हुई थी। शुभम ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए अब शादी का दबाव बनाने पर शादी करने से मुकर रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी युवक को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

### बालक को शराबी दी गालियां, पीट कर किया घायल

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** घर के बाहर खेल रहे बालक को शराबी ने गाली गलौज करके पत्थर मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। बिरखेरा निवासी बच्चा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह घर के बाहर खेल रहा था तभी पड़ोसी छक्की लाल उर्फ भूरा सिंह शराब के नशे में आकर गाली देने लगा। मना करने पर पत्थर मार के घायल कर दिया। उसके हाथ में गंभीर चोट लगी है।

### शादी में शामिल होने आई महिला के बैग से 10 लाख के जेवरात गायब

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के बांकी मार्ग में मौसेरे भाई की शादी में शामिल होने आई महिला के बैग से टप्पेबाजों ने 10 लाख कीमत के सोने के जेवरात पार कर दिए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है कानपुर देहात के गजनेर थाना क्षेत्र के बुढ़वा गांव निवासी रबली सिंह ने अपने मौसेरे भाई की शादी में शामिल होने 22 नवंबर को कस्बे की बांकी मार्ग में आई थी। पीड़िता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि वह बस स्टॉप में बस से उतरकर ई रिक्शा में सवार होकर बांकी मार्ग जा रही थी। ई रिक्शा में दो महिलाएं भी सवार हुई और बीच रास्ते में उतर गई। घर जाकर देखा तो बैग से एक अदद सोना का हार, 8 सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र, एक अदद झुमकी सोने की गायब थी। चोरी हुए जेवरातों की कीमत करीब 10 लाख है। पीड़िता ने तहरीर सौंपकर खुलासे की मांग की है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### आर्थिक तंगी के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मौदहा हमीरपुर।** मंगलवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के एक मजदूर ने रस्सी से बरगद के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया आत्महत्या की खबर सुनते ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अवगत हो कि मंगलवार की दोपहर सिजवाही गांव निवासी गणेश सिंह 38 वर्ष पुत्र महेश सिंह आर्थिक तंगी के कारण घर से रस्सी ले जाकर सिजवाही और दौलत पूरवा के बीच श्याम नाले के किनारे शंकर जी मंदिर के पास बरगद के पेड़ में गले में फंदा डालकर झूल गया, घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही पत्नी पिंकी और परिजन दहाड़ मारने लगे अपने पीछे पत्नी और 5 वर्षीय बालक को रोत बिलखता छोड़ गया मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया रिपोर्ट आने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हाथ में पटाखा फटने से किशोर गंभीर रूप से झुलसा

**पनवाड़ी/महोबा।** हाथ में पटाखा फटने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया जिला अस्पताल में भी प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत सुधार न होने पर डॉक्टर ने किशोर को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया है। थाना क्षेत्र अन्तर्गत रिछा निवासी 10 वर्षीय प्रिंस कुशवाहा के हाथ में पटाखा फटने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बताया जा रहा है कि शादी विवाद में अधजला पटाखा किशोर के हाथ लग गया जिसे किशोर उठा लाया और उसे जलाने का प्रयास करने लगा। मगर आग लगने से पटाखा फट गया जिससे किशोर का हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया। किशोर के पैर भी धमाका की चपेट में आ गया। परिजन आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचें जहां से किशोर को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है।

### मौलाना सलीम मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में अलकछुआ ने हैदरगंज को 16 रनों से हराया



**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव 2025 के टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को तीसरे दिन का पहला मुकाबला हैदरगंज किंग्स और अलकछुआ के बीच 15-15 ओवरों का खेला गया। इस मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बासपा नेता निशात नबी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबला शुरू कराया। जिसमे अलकछुआ ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट खोकर कुल 138 रन बनाए। जिसमे नीरज ने 36 गेंदों पर 58 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदरगंज किंग्स मात्र 122 रनों पर सिमट गई। इसी तरह अलकछुआ ने 16 रनों से मुकाबला जीत लिया।अलकछुआ की ओर से 58 रनों की धुआंधार पारी खेलने वाले नीरज को मुख्य अतिथि द्वारा मैन ऑफ दी मैच देकर सम्मानित किया। इस बाद दूसरा मुकाबला स्टार वाइस और थूथ ब्रिगेड के बीच खेला गया। जिसमे यूथ ब्रिगेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों कुल 101 रनो पर सिमट गई। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार वाइस ने 106 रन बनाकर 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। यूथ ब्रिगेड की ओर सबसे ज्यादा 41 रन सनी भुट्टो ने बनाए जबकि स्टार वाइस की ओर से 54 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलने वाले मोहित को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। मैच में रैफरी की भूमिका अत्री माहतौ व इस्तियाक जुग्गी ने निभाई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, मुशर्रफ कमाल, डॉ आसिफ परवेज, कमरुद्दीन, मंगू भईया, सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

### छात्राओं को दिलाई गई यातायात नियमों की शपथ



**महोबा।** यातायात जागरुकता अभियान के तहत स्कूटी रैली निकाली गई। छात्राओं ने रैली के माध्यम से नियमों के पालन पर जोर दिया। छात्राओं को हेलमेट वितरित किए गए। मंगलवार को शहर के मां चंद्रिका महिला महाविद्यालय में यातायात जागरुकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एआरटीओ दयाशंकर ने छात्राओं को नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। बिला हेलमेट के बाइक चलाना खतरनाक साबित हो सकता है। कहा कि छात्राएं नियमों का पालन कर दूसरों को जागरुक करने का काम करें। इस मौके पर छात्राओं को नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। 21 छात्राओं को हेलमेट वितरित किए गए। इस मौके पर यातायात प्रभारी सुनील सिंह, प्रचार्य डॉ ज्योति सिंह, जगभान, स्नेहलता राजपूत, मनु गुप्ता, देवेंद्र, डॉ नितिन द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# हाईवे पर कार की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल

▸ स्कूटी से बिना हेलमेट लगाये अमरूद व खोया बेचने जा रहे दंपती

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

अपने गांव से अमरूद खोया बेचने जा रहे दंपती की बिना हेलमेट लगाए स्कूटी में राजमार्ग पर कार ने टक्कर मार दी जिसमें घायल पति पत्नी को लहुलुहान हालत में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम मदारपुर निवासी कदीरा बाबा मंगलवार की सुबह अपनी पत्नी सहाना बानो 40 वर्ष को स्कूटी में बैठा कर खोया व अमरुद बेचने मौदहा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक लिंक मार्ग से राजमार्ग पर आई तभी एक अनियंत्रित वैगन आर कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे दंपती सड़क पर गिर घायल हो गए और उनका सारा सामान सड़क पर फैल गया। राहगीरों की मदद से लहूलुहान हालत में दंपती को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने सहाना बानो को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक का के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। मृतका अपने पीछे तीन बेटे व तीन बेटीयों को बिलखता छोड़ गई है। घटना के बाद दुर्घटना करने वाली कार को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### बाइक सवार मजदूरों को कार ने मारी टक्कर, दोनों गंभीर



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात नेशनल हाईवे में तेज रफ्तार थार कार ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद रात में ही सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में चल रहे उपचार के बाद हालत में सुधार बताया जा रहा है। कस्बे के वार्ड संख्या दो भगत सिंह नगर इमलिया थोक निवासी दीपक 18 वर्ष अपने साथी राज के साथ मजदूरी करके बाइक से रात 10:00 बजे घर लौट रहे थे। हाईवे में इमिलिया की तरफ बाइक मोड़ने के समय तेज रफ्तार थार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। इस घटना में दोनों मजदूर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को रात में ही सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में उपचार के बाद दोनों की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### अनियंत्रित बोलेरो भिड़ी, तीन वाहन क्षतिग्रस्त, बालिका घायल



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** सुबह अनियंत्रित बोलेरो कस्बे के बांदा मार्ग में एक गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो में जा घुसी। इससे स्कॉर्पियो आगे खड़े वाहनों में भिड़कर क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में गेस्ट हाउस के बाहर खेल रही एक बालिका मामूली रूप से चोटिल हो गई। लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया है। मंगलवार को सुबह कस्बे से बांदा की तरफ जा रही तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर राज नंदिनी पैलेस के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो में पीछे से टकरा गई। टक्कर लगने से स्कॉर्पियो आगे खड़े वाहनों से जा भिड़ी। इस घटना में बोलेरो सहित तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। लोगों ने बोलेरो चालक को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किया है। इस घटना में गेस्ट हाउस के बाहर खेल रही एक बालिका मामूली रूप से घायल हुई है। इसका उपचार एक निजी चिकित्सक से कराया गया है। बाद में थाने में सभी पक्षों के मध्य हुए नुकसान को लेकर समझौता करके मामले का निपटारा हो गया।

## 54वां रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ आज, कलश यात्रा निकली



**कुरारा हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में 54 वीं श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ हो गया जिसमें कस्बे की महिलाओं ने भारी मात्रा में सहभा गिता की वही कलश यात्रा यज्ञ स्थल से बस स्टॉप काली माता मंदिर से हनुमानगढी व भगत तालाब मंदिर से होते हुए यज्ञ स्थल में समापन हो गया। योगाचार्य अंबिका प्रसाद शास्त्री ने बताया कि इस बार कुरारा में यज्ञ का यह 54 वा वर्ष है गत वर्षो की बात इस वर्ष भी यज्ञ का आयोजन कुछ बृहत पैमाने पर किया गया है जिसमें यज्ञ के जजमान वेद प्रकाश गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी है वहीं भागवत महापुराण के यजमान राकेश शिवहरे एवं राम प्रकाश शिवहरे सपत्नीक प्रतिभाग कर रहे हैं यज्ञ की आज कलश यात्रा में पूरे विधि विधान के साथ निकाली गई जिसमें कस्बे के लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है इस कार्यक्रम में सहभागी आशीष पालीवाल ब्लॉक प्रमुख कुरारा देवेंद्र सिंह रामविलास श्रीवास सहित कस्बे के अन्य ग्रामीण नागरिकों ने प्रतिभाग किया।

## नेग वसूली को लेकर किन्नरों के दो गुट भिड़े

▸ थाने में हुआ निपटारा, अफसाना गुरु गुट कस्बे में पूर्व की तरह लेगा नेग

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




कस्बे में होने वाले मांगलिक कार्यक्रमों में नेग वसूलने के विवाद में किन्नरों के दो गुट आपस में भिड़ गए। एक गुट मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंच गया। पुलिस ने दूसरे पक्ष को थाने बुलाकर मामले का निपटारा कराया। कस्बे में किन्नरों के गुरु अफसाना है। इन्हीं के नेतृत्व में कस्बे में होने वाले मांगलिक कार्यक्रमों में नेग की वसूली करते हैं। कुछ दिनों से देवगांव मार्ग में रहने वाले किन्नर अंजलि चोरी छुपे रात में शादी समारोह से वसूली करके गायब हो जाता था। सोमवार की रात अफसाना गुरु के चेलों ने इसको शादी समारोह में नेग लेते दबोच कर हंगामा किया। इसके साथ बांदा शहर के कुछ किन्नर मौजूद थे। शादी समारोह में लोगों ने दोनों गुटों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। सुबह अफसाना गुरु अपने चेलों के साथ थाने पहुंचे और घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराकर कार्रवाई की मांग की। उसने कहा कि वह पिछले 50 वर्षों से कस्बे में किन्नर गुरु हैं और किन्नरों की गद्दी की एकमात्र मुखिया है। पुलिस ने अफसाना की शिकायत पर अंजलि को थाने बुलाया। इसके साथ बांदा के किन्नर भी थाने पहुंचे। अंजलि ने कहा कि वह अफसाना गुरु की चेला है। इसी हक के चलते वह कस्बे में वसूली कर रहे हैं। लेकिन अफसाना ने उसे चेला मानने से इनकार करते हुए बताया कि यह बांदा के किन्नर की चेला है। कुछ दिनों तक मेरे पास आती-जाती रही है। लेकिन मेरा चेले नहीं है। अफसाना गुरु के बयान के बाद पुलिस ने अंजलि को नेग मांगने से सख्त मना किया है। इस पर वह सहमत हो गई है। इसी के साथ प्रकरण का थाने में पटाक्षेप हो गया।

### नया कनेक्शन एक किलोवाट बिल रसीद 1,10,700 रुपए

**मौदहा हमीरपुर।** विद्युत विभाग की लापरवाही से नाराज सिचौली पुरवा निवासी रेखा देवी पत्नी मनोज कुमार ने आईजीआर एस व चेयरमैन यूपीसीएल को विद्युत विभाग का शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सिचौली पुरवा निवासी पत्नी रेखा देवी ने नए कनेक्शन के लिए विद्युत विभाग में आवेदन किया था सर्वे के उपरांत जेई व सर्वेयर ने मनमानी ढंग से 1 किलो वाट की रसीद 1,10,700रु ऑनलाइन बना दी गई बिजली विभाग के इस कृत्य से नाराज उपभोक्ता ने चेयरमैन यूपीसीएल अध्यक्ष सहित आइजीआरएस में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जोरदार मांग की है। इस संबंध में बिजली विभाग के अवर अभियंता राजू प्रसाद ने बताया की कंप्यूटर में फीडिंग का कार्य करते समय एरर आ जाने पर उपभोक्ता ने स्क्रीनशॉट ले लिया है जबकि रसीद प्राप्त नहीं हुई अब उपभोक्ता का बिल सही कर दिया गया है।

## शहीद का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, छाया मातम

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद हमीरपुर के कुसमरा का युवक फौज में नायक पद पर तैनात गोविंद यादव जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी 32 वर्षीय गोविंद यादव पुत्र कुंवर सिंह 2013 में भारतीय फौज में भर्ती हुए थे वर्तमान समय में नायक पद पर उनकी जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनाती थी सोमवार को गोविंद के घर सेना मुख्यालय से फोन आया जिसमें उनकी शहादत की सूचना दी गई खबर से गोविंद के घर में मातम छाया हुआ है, गाड़ी से जब शाहिद का शरीर गांव पहुंचा तो सभी की आंखें नम हो गई शाहिद गोविंद सिंह की 3 वर्ष पूर्व शादी हुई थी उनकी एक बेटी भी है।

### वीर शहीद नायक गोविंद सिंह यादव को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**कुरारा हमीरपुर।** मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले हमारे गौरव, वीर शहीद नायक गोविंद सिंह यादव (ग्राम - कुसमरा, जिला - हमीरपुर, उत्तर प्रदेश) को अंतिम विदाई देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जब-जब देश पर संकट आया, तब-तब ऐसे वीर सैनिकों ने अपनी जान की बाजी लगा दी ताकि हम चैन की नींद सो सकें। नायक गोविंद सिंह यादव जी भी उन्हीं अमर बलिदानियों में से एक हैं, जिन्होंने मां भारती के ललाट पर गर्व का तिलक लगाया उनके त्याग और बलिदान को कोटि-कोटि प्रणाम वीर जवान जब तक ऐसे होंगे, तब तक भारत माता का शीश ऊँचा रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्ष आशारानी कबीर सत-सत नमन हमारे वीर सपूत को नमन किया।

## महिलाओं और लड़कियों पर होने वाली हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय अभियान शुरू

▸ डिजिटल हिंसा और अधिकार पर 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक संचालित होगा जन जागरूकता अभियान

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



समर्थ इण्डिया द्वारा तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान के तहत महिला और लड़कियों पर होने वाली को हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय अभियान द्वारा शुरू किया गया है। 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लगातार चलने वाले जन जागरूकता अभियान में नुक्कड़ नाटक, सामुदायिक बैठक, दीवार लेखन, और सूचना संचार सामग्री के माध्यम से डिजिटल हिंसा और अधिकार पर समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। आज कुरारा क्षेत्र के ग्राम कंडोर में जन जागरूकता में समर्थ इंडिया की राखी सिंह ने कहा कि डिजिटल हिंसा की रोकथाम जरूरी है। महिला और लड़कियों के बीच डिजिटल डिवाइस का उपयोग का अधिकार है। किंतु अवांछित कॉल और अनचाहे कमेंट हिंसा बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को जागरूक होना होगा और इसकी रोकथाम के लिए आगे होना। समर्थ इण्डिया के कुमकुम ने बताया कि महिला और लड़कियों के ऊपर किसी भी प्रकार की डिजिटल हिंसा नहीं होनी चाहिए। सोशल मीडिया के उपयोग समझदारी के करे। अपने पासवर्ड को सुरक्षित बनाएं। प्राइवेसी और ब्लॉक रिपोर्ट करने वाले ऑप्शन का भी समय-समय पर जरूरतानुसार उपयोग करें। इस दौरान सुनैना, प्रीति, रूबी, राधा, सहित दो दर्जन से अधिक महिलाओं, लड़कियों ने भाग लिया। साथ ही जागरूकता रैली भी निकाल कर लोगों को जागरूक किया। ग्राम कुतुबपुर गांव में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता के माध्यम से डिजिटल डिवाइस के उपयोग और अधिकार पर चर्चा हुई। जिसमें सिमरन, माधुरी, मोहिनी, एकता, आदित्या, साक्षी, आदि ने प्रमुख रूप से प्रतिभाग किया।

### महिला सहित एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

**मौदहा, हमीरपुर।** जहरीला पदार्थ खाने के बाद एक महिला समेत युवक को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद दोनों की हालत में सुधार है। थाना क्षेत्र बिवार के ग्राम टीहर निवासी नवीन प्रकाश 32 वर्ष पुत्र भोला प्रसाद ने सोमवार की रात अज्ञात कारणों अपने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया जिस पर उसकी हालत बिगड़ते देख उसके परिजनों ने उसे आनन फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं ग्राम सिलौली निवासी माया 32 वर्ष पत्नी बृज किशोर ने घरेलू कलह के चलते घर में रखी है हेयर डाई पी ली जिस पर उसके परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के बाद दोनों की हालत में सुधार है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

▸ घटना से परिजनों में मचा कोहराम

▸ परिजनों ने एंबुलेंस सेवा में लापरवाही के आरोप लगाये

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। श्रीनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम अतरारमाफ निवासी 36 वर्षीय धीरज पुत्र मैयादीन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बाइक से मुख्यालय आया था। जहां से वापस लौटते समय कानपुर सागर राजमार्ग में कैमाहा के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद वाहन मौके से रफूचक्कर हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन के बारे में छानबीन की जा रही है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

### बार-बार फोन के बाद भी समय से नहीं आयी एंबुलेंस

**महोबा।** युवक की मौत पर परिजनों ने एंबुलेंस सेवा में लापरवाही के आरोप लगाए है। मृतक के भांजे का आरोप है कि घायल को मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए तीस से चालीस बार एंबुलेंस सेवा के लिए फोन किया गया। मगर बार-बार फोन के बाद भी एंबुलेंस के समय पर न आने के कारण हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। परिजनों ने एंबुलेंस सेवा में बरती गई लापरवाही पर जांच करा कार्रवाई की मांग उठाई है।

## शहीदी दिवस पर गुरु तेग बहादुर को किया याद

▸ गुरुद्वारे में गुरुवाणी पाठ आयोजित, गुरु तेग बहादुर के उपदेशों पर चलने का संकल्प

**महोबा।** गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर मुख्यालय स्थित गुरुद्वारा पर गुरुवाणी पाठ का आयोजन किया गया जिसमें आपसी भाईचारा की झलक देखने को मिली। गुरु तेग बहादुर के बलिदान पर प्रकाश डाला गया। गुरु तेग बहादुर के उपदेशों पर चलने का संकल्प लिया। मंगलवार को सिख धर्म के 9 वें गुरु तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस पर उन्हें याद किया गया। गुरुद्वारा में सुबह से ही लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया। गुरु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अमृतसर में 21 अप्रैल 1621 को जन्म हुआ था। गुरु ग्रंथ साहिब में 116 भजनों का योगदान देते हुए जबरन धर्मांतरण का विरोध किया। मुगल शासनकाल में जबरन धर्मांतरण का विरोध करने पर गुरु ने शहादत दी। पंडित विष्णुदत्त चतुर्वेदी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने कहा कि मान लो तो हार है ठान लो तो जीत है। उनके त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सर्वोच्य त्याग के लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। गुरुद्वारे में कीर्तन, अरदास और सेवाभाव के कार्य आयोजित हुए। सरदार अमरजीत सिंह, जसपाल सिंह राजू भैया, हरजीत सिंह, पिंटू, सरदार जसपाल सिंह पाले सदर विधायक पंडित राकेश गोस्वामी, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, प्रीतपाल सिंह, पुष्पेंद्र गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

▸ पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सड़क दुर्घटना में हुई छात्र की मौत के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। शहर के फतेहपुर बजरिया वार्ड निवासी जंगबहादुर ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र विकास विगत 17 नवंबर को अपने साथी दीपक पुत्र कृपाल सिंह के साथ बाइक में सवार होकर स्कूल से वापस घर लौट रहा था। चरखारी-महोबा मार्ग में बजरिया के पास तेज गति से आ रही बाइक की टक्कर से बेटा की बाइक गिर गई और बेटा सामने से आ रही रोडवेज बस के सामने गिर गया। बेटा के सिर पर रोडवेज बस के पहिया की टक्कर से बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया जहां ले जाते समय बेटा की मौत हो गई। पीड़ित ने बाइक चालक की लापरवाही को घटना का कारण बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जाँच शुरु कर दी है।

## सदर विधायक ने फीता काटकर किया जिला अस्पताल स्थित अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का उद्घाटन

▸ 50 लाख रुपये की लागत से तैयार आधुनिक लैब जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के प्रयासों पर साबित होगा मील का पत्थर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



सदर भाजपा विधायक राकेश गोस्वामी ने जिला अस्पताल परिसर में पचास लाख रुपये की भारी भरकम लागत से बनकर तैयार हुई अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का मंगलवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। नवनिर्मित इस लैब से जनपद सहित मध्य प्रदेश के सीमावर्ती छतरपुर, उत्तर प्रदेश के बांदा व हमीरपुर जिलों के मरीजों को भी लाभ मिले सकेगा। मरीजों को जांच के लिए झांसी, कानपुर, लखनऊ जैसे बड़े शहरों की निजी लैबों पर निर्भर रहना पड़ता था,लैब शुरू होने से सभी प्रमुख जांचें जिला अस्पताल में ही निःशुल्क कराई जा सकेंगी। आईपीएचएल लैब में यूरिन, थायरॉइड, माइक्रोबायोलॉजी, हार्मोनल, हार्ट, सीमन एनालिसिस और कल्चर टेस्ट जैसी सभी आधुनिक जांचें उपलब्ध होंगी। खास बात यह है कि मरीजों की रिपोर्ट एक घंटे के अन्दर तैयार होकर सीधे उनके मोबाइल पर भेजी जाएगी, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इस अवसर पर ईएनटी डॉ नरेंद्र सिंह राजपूत, महिला जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ आर के चौरिहा, के के सिंह, भाजपा के पुष्पेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा केबल व बिजली तारों के चोर का गिरोह

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



स्वाट/सर्विलांस व थाना सफदरगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की छः घटनाओं का सफल अनावरण कर 07 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही पर विभिन्न टावरों से चोरी किया गया केबिल व 02 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा चोरी की घटनाओं के अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना सफदरगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 25 नवम्बर को चोरी की छः घटनाओं का सफल अनावरण कर 07 शातिर चोर/अभियुक्तों 1. बीरू पुत्र आत्माराम निवासी ग्राम दलसिंहपुर थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी, 2. आकाश उर्फ श्यामबहादुर पुत्र हरिनाथ, 3. विशाल वर्मा पुत्र हंसराज, 4. मुकेश कुमार पुत्र विनोद कुमार, 5. किशन चौधरी पुत्र पूर्णमासी वर्मा, 6. संदीप कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासीगण ग्राम कूड़ी मजरे सफदरगंज थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी, 7. लवकुश कुमार कौशल पुत्र स्व भगवती प्रसाद निवासी ग्राम सफदरगंज बाजार थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को दादरा से बाँसा वाली क्रासिंग रोड, ईदगाह तिराहा सफदरगंज से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर विभिन्न टावरों से चोरी किया गया 8.630 किलोग्राम कापर तार व 68.2 फीट 1.5 एमएम का केबिल 2.5 फिट का मोटा टावर केबिल,12 फीट का मोटा टावर का केबिल व 02 अदद मोटरसाइकिल रायल इनफील्ड हीरो एच एफ डिलक्स बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2)/317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके द्वारा टावरो से कापर तारों की चोरी कर अभियुक्त लवकुश को बेच दिया जाता है और अभियुक्त लवकुश कापर तारों को कम रेट पर खरीद कर शहर में जाकर अच्छे दामों पर बेच देता है। अभियुक्त बीरू, अभियुक्त आकाश का रिश्तेदार है जिसके यहां आने जाने के दौरान अभियुक्त आकाश के गांव के ही विशाल, मुकेश, किशन, संदीप से मुलाकात हुई। अभियुक्तगण द्वारा एक साथ मिलकर इसी महीने के 11/12 तारीख को थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम बबुरिहा में लगे जियो के टावर से केबिल तार चोरी किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना सफदरगंज पर मु0अ0सं0 564/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। साथ ही अभियुक्तगण द्वारा थाना जैदपुर के ग्राम छन्दवल व बरायन में लगे टावर व थाना रामसनेही घाट के ग्राम तासीपुर व गाजीपुर में लगे टावर तथा थाना कोठी के ग्राम लखपेड़ा में लगे टावर एवं थाना असन्द्रा के देवीगंज में लगे टावर से केबिल चोरी किया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना जैदपुर, रामसनेही घाट, कोठी व असन्द्रा में अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्तगण, अभियुक्त लवकुश को चोरी किए गए कापर तारों को को बेचने हेतु इंतजार कर रहे थे जिसके दौरान पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

# त्रिलोकेश्वर धाम मेला महोत्सव संपन्न सामूहिक सहभागिता की छाप छोड़ी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम व माता जानकी के विवाहोत्सव(विवाह पंचमी) मौके पर सैकड़ों वर्ष से लगने वाला त्रिलोकेश्वर धाम मेला महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। सामूहिक सहभागिता के इस दो दिवसीय आयोजन में रामलीला कलाकार समिति द्वारा रचित रामलीला में अहिल्योद्धार,मारीच सभा,ताड़का वध, जनक बाजार, फुलवारी, सीता स्वयम्बर, रावण-बाणासुर संवाद, धनुष भंग व परशुराम- लक्ष्मण संवाद आदि का मनोहारी मंचन किया गया। जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मेलार्थियों के मनोरंजन के लिए रात्रि में नौटंकी का आयोजन हुआ। सामाजिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था हंस सभा केअध्यक्ष सुनील वाजपेयी शिवम् ने बताया मेले में इसबार पंकज मिश्र, राजीव मिश्र, विमल दुबे, अंशुमन शुक्ला, राम कुमार त्रिवेदी, उदय नारायण, करुणा त्रिवेदी, अशोक मिश्र, नवीन मिश्र, राजेश अवस्थी, बृजेश शुक्ल, हरिमोहन, पुरुषोत्तम बाजपेयी, सुमित मिश्र, सौरभ वाजपेयी, अवनीश बाजपेयी, आदि का विशेष योगदान रहा। इससे पूर्व राम बारात की मनोहारी शोभायात्रा निकाली गई जिसका ग्रामीण श्रद्धालुओं ने जगह जगह पूजन कर व आरती उतारकर भव्य स्वागत किया।

# शादी समारोह में जा रहे परिवार को बाइक सवार ने मारी टक्कर, दो घायल

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



मोटर साइकिल से सवार होकर शादी में शामिल होने जा रहे एक परिवार को सामने से आ रही मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनो मोटर साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलो को उपचार हेतु भेज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर मोड़ के पास बेरी आलमपुर निवासी इसहाक पुत्र नौशाद अपनी मोटर साइकिल यूपी 32 डीएक्स 1734 से जा रहा था। उधर बीबीपुर की ओर से शादी मे जा रहे बिर्जेश पुत्र शिवराम निवासी ओहरपुर थाना असंद्रा अपने परिवार के साथ जाते समय जोरदार टक्कर मे बेटी स्नेहा,पत्नी सावित्री व बिर्जेश चोटिल हो गये। जबकि इस हादसे मे इसहाक को भी काफी चोटें आई है। मौके पर पहुंचे दरोगा देव प्रकाश शुक्ला के साथ जैदपुर पुलिस टीम ने दोनो वाहनो को कब्जे में लेते हुए घायलो को उपचार हेतु जैदपुर सीएससी भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# भाजपा नेता ने लिया एसआईआर कार्य का जायजा

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश मे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर स्पेशल इंटेसिव रिवीजन प्रक्रिया शुरू है। जिसकी तिथि 4 नवंबर से 4 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित है। जैदपुर नगर पंचायत में मंगलवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिर्जेश रावत द्वारा विभिन्न बूथों पहुंच कर बूथ लेबल अधिकारियों से मुलाकात कर चल रहे एसआईआर कार्य का जायजा लिया गया।

जबकि भाजपा नेता राजन बकसोर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर फार्म को भरवाने का काम कर रहे है,घर-घर जाकर लोगो मे जागरूकता दी जा रही है। लोगो से अपील है कि समय के अन्दर बिना देरी किऐ प्रक्रिया को पूरा कराना आवश्यक है। तमाम लोगों के सहयोग से जैदपुर में आज भी सैकड़ो फार्म भरवाए गये है। बूथ लेवल अधिकारियो द्वारा एसआईआर की पर्ची को वितरित करने के बाद प्रकिया की जानकारी मे बताया गया। वोटर लिस्ट का शुद्धीकरण जरुरी है। वहीं विकास खण्ड हरख के पूर्ति निरिक्षक अवधेश कुमार पांडेय के आदेशानुसार जैदपुर कोटेदार इसराईल कुरैशी,खुर्शीद आलम, सुधीर कुमार,जुबेदा बानों, सलीम, शमीम, सहित अन्य कोटेदारो की इस कार्य मे भागीदारी देखने को मिल रही है। जिससे आम जनता को फ़ार्म भरने सहित तमाम होने वाली असुविधाओ से निजात मिल रही है। इसी क्रम में ज़िला कार्य समिति के सदस्य राजन बकसोर ने बताया हमारे बूथ नम्बर 185 पर 60 प्रतिशत से अधिक फ़ार्म जमा हो चुके है।

## दहेज हत्या के आरोपियों की हुई सात साल की सजा

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा दहेज हत्या से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को 07-07 वर्ष का कठोर कारावास व 15-15 हजार रुपये जुर्माने से दण्डित किया गया है। थाना घुंघटेर पर दहेज हत्या के सम्बन्ध में पंजीकृत मु.अ.सं. 171/2022 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.जानकी देवी पत्नी शत्रोहन लाल 2.बब्लू पुत्र शत्रोहन लाल नि0गण बाबा का पुरवा मजरे अमावां थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय जिला जज द्वारा दोष सिद्ध करते हुए 07-07 वर्ष का कठोर कारावास व 15,000-15,000 रु0 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। उपरोक्त अभियोग पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे महिला सम्बन्धी/जघन्य सनसनीखेज अपराध के तहत चिन्हित अभियोग है।

# अयोध्या धाम के कार्यक्रम को लेकर लग रहा लम्बा जाम



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जैदपुर कस्बे में जैदपुर-सिद्धौर बाईपास पर इन दिनों लंबा जाम लग रहा है। अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के कारण लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर रूट डायवर्जन किया गया है जिससे इस मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। इसके अतिरिक्त शादी-विवाह का सीजन होने के कारण भी शाम के समय जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है।राहगीरो को आवागमन मे काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने इस समस्या की पुष्टि की है। गुड्डू टायर वाले,मुकीम,बबलू और दुर्गेश कुमार जैसे दुकानदारो ने बताया कि शाम के समय अक्सर लंबा जाम लगता है। उनके अनुसार वाहनो की अत्यधिक आवाजाही के कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने जानकारी दी। उन्होने बताया कि जाम की सूचना मिली है और यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए मौके पर पुलिस कर्मियो को तैनात किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### न्यौता से लौट रहे बुजुर्ग की मौत



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर क्षेत्र के अंतर्गत निमंत्रण से लौटते समय एक बुजुर्ग की अचानक गिरकर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सरैया पसियान मजरे सरैया कनू निवासी राम सिद्ध उम्र 70 वर्ष पुत्र मूसई शादी विवाह के चलते किसी सामाजिक निमंत्रण में शामिल होकर घर लौट रहे थे। घर से कुछ दूरी पर कालिकन शीतलागंज मार्ग पर डिहवा बाग के पास स्थित पुलिया के पास अचानक संतुलन बिगड़ जाने से वे सड़क किनारे गिर पड़े। बुजुर्ग को गिरा हुआ देख आसपास के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्हें संभालने का प्रयास किया। स्थिति गंभीर देखते हुए लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। परिजनों द्वारा एम्बुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के उपरान्त मृत घोषित कर दिया। राम सिद्ध गांव के बुजुर्ग और सम्मानित व्यक्तियों में माने जाते थे। उनकी अचानक मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### पुलिस ने नियमों का पालन करने वाले चालकों को दी बधाई



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मंगलवार को यातायात जागरूकता माह नवंबर के पच्चीसवें दिन जनपद यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर कस्बा गौरीगंज में यातायात नियमों का पालन व हेलमेट लगाकर दुपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को माला पहनाकर उत्साहवर्धन किया गया एवं हेलमेट न उपयोग करने वाले चालकों को हेलमेट लगाने की अपील की गई व बताया गया कि जीवन अनमोल है हेलमेट लगाकर हम अपने जीवन को सुरक्षित कर सकते है।

### लापता हुई किशोरी, जांच में जुटी पुलिस

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र शिवरतनगंज के अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने स्थानीय थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री रविवार की शाम 5 बजे घर से बिना किसी को बताए कहीं गायब हो गई है। आस पास और सगे संबंधियों के यहां पता करने पर भी लड़की का कोई अता पता नहीं मिल सका है। लड़की के न मिलने पर पारिवारीजन बेहद परेशान हैं। इस मामले के संबंध में शिवरतनगंज थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

### इस्तरी से लगे करेंट से युवक की दर्दनाक मौत



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जायस के शेखाना मोहल्ला जेर मस्जिद निवासी सूरज उम्र 22 वर्ष पुत्र राजेश कुमार की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सूरज घर पर कपड़ा प्रेस कर रहा था इसी दौरान विद्युत प्रवाह अचानक प्रेस में ऊपर से होने लगा और सूरज उसकी चपेट में आ गया। परिजन उसे तुरंत लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस पहुंचे, लेकिन वहां ताला बंद मिला। इसके बाद परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से सूरज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जायस का अस्पताल खुला होता और तुरंत इलाज मिल जाता, तो संभव है कि सूरज की जान बच सकती थी। ग्रामीणों ने बताया कि जायस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आए दिन बंद रहता है। इस लापरवाही को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है।

# बीएलओ ऐप पर डिजिटाइजेशन हेतु नामित हुए नोडल अधिकारी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 का कार्यक्रम जारी किया गया हैं। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्प्रति चल रहे गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रह कर बीएलओ ऐप पर डिजिटाईजेशन करने संबंधी कार्यों को आयोग द्वारा नियत अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विद्यमान समस्त मतदेय स्थलों पर नियुक्त किए गए बीएलओ के कार्यों को समय से पूर्ण कराये जाने हेतु अधिकारियों को मैनपॉवर उपलब्ध कराये जाने एवं अपनी देखरेख में उनसे गणना प्रपत्रों का डिजिटाईजेशन करवाये जाने हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि विधानसभावार क्रमशः तिलोई तहसील एसडीएम अमित कुमार सिंह व नोडल अधिकारी प्राचार्य आईटीआई जायस। मुसाफिरखाना तहसील एसडीएम अभिनव कनौजिया व नोडल अधिकारी प्राचार्य आईटीआई गौरीगंज। गौरीगंज तहसील एसडीएम प्रीती तिवारी व नोडल अधिकारी सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक गौरीगंज तथा अमेठी तहसील एसडीएम आशीष सिंह व नोडल अधिकारी प्राचार्य आईटीआई अमेठी को अतिरिक्त मैनपॉवर के रूप में प्रत्येक विधानसभावार दो पालियों के लिए आईटीआई के 20, ई-गवर्नेस के 20, माध्यमिक शिक्षा के 10 कार्मिकों द्वारा डिजिटाईजेशन का कार्य कराने के साथ ही प्रतिदिन प्रगति से सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को अवगत करायेंगे।

## यातायात माह में नवागत प्रभारी की अनोखी मुहिम

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के सख्त निर्देश पर 1 नवंबर से यातायात माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में नवागत यातायात प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार तिवारी ने अनूठी पहल शुरू की है। वे सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए केवल चालान काटने की बजाय बिना हेलमेट चलने वालों को मुफ्त हेलमेट वितरित कर रहे हैं। मंगलवार को शहर के व्यस्त सिविल लाइन चौराहे पर यातायात पुलिस की टीम ने विशेष अभियान चलाया। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को रोका गया और उन्हें तुरंत हेलमेट भेंट कर सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने कहा कि जुर्माने से बेहतर है लोगों में जागरूकता पैदा करना, ताकि दुर्घटनाएं कम हों और जानें बच सकें। आमजन ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

# नशे में धुत बाइक सवार ने दंपति को मारी टक्कर, तीनों घायल

**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र गुरबख्शगंज के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर खगिया खेड़ा गाँव के पास नशे में धुत एक बाइक सवार युवक ने गलत दिशा में जाकर बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। जिस घटना मे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको नशे मे धुत बाइक सवार मनीष कुमार पुत्र धनीराम निवासी बीझगांव थाना गुरबक्शगंज, जो की हरचंदपुर थाना क्षेत्र के शोरा मजरे गंगागंज से किसी बारात से वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह उक्त बांदा बहराइच राजमार्ग पर खगिया खेड़ा गांव के पास पहुंचा, तभी अत्यधिक नशे में होने के कारण वह अपनी बाइक लेकर गलत दिशा में चला गया। तेज रफ्तार होने के चलते उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे बाइक सवार दंपति सुजीत कुमार पुत्र श्री राम एवं उनकी पत्नी बबली निवासी थाना मौरावा, जो की गुरबक्शगंज से इलाज कराकर वापस अपने गांव जा रहे थे उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दोनों बाइको की टक्कर में बाइको पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आस-पास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया।

## दो बाइकों की टक्कर में एक गंभीर, ट्रामा सेंटर रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पहुरावा-नहरकोठी बाईपास पर देवपुरी गाँव के पास सोमवार की देर रात लगभग 10:00 बजे के आसपास दो बाइको की टक्कर में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार रामानंद उर्फ दीपू पुत्र गुड्डू निवासी गंज मजरे भौसी थाना शिवगढ़, जो कि कस्बे के प्रतिष्ठित व्यवसायी सौरमंडल शुक्ला के यहां ट्रक चालक के पद पर कार्यरत है। सोमवार की देर रात वह अपना काम खत्म करने के बाद अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग को बांदा बहराइच राजमार्ग से जोड़ने वाले बाईपास पर देवपुरी गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर भाग निकला। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा आनन फानन इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

# किसान की नलकूप पर पीट-पीटकर हत्या, बड़े भाई ने दी तहरीर



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

35 वर्षीय किसान की रात्रि मे सोते समय नलकूप पर पीट पीट कर हत्या कर दी गई मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर चार नामजद पर चन्दापुर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा। चन्दापुर थाना क्षेत्र के ओया गांव मे समरजीत सिंह उर्फ विनीत सिंह पुत्र स्वर्गवासी सुरेश सिंह उम्र 35 वर्ष अपने नलकूप पर सोया हुआ था सुबह जब मजदूर धान पीटने गए तो मजदूरों ने खून से लथपथ लाश देखी तो चीख पुकार मच गई मजदूरों ने तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी इसके बाद गांव सहित क्षेत्र मे हड़कंप मच गया। मजदूरों ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 6:00 बजे धान की फसल पीटने के लिए खेत पहुंचे तो नलकूप के पास खून से सना शव नजर आया युवक के हाथ पैर बंधे हुए थे और चेहरे पर लाठी डंडों के निशान साफ दिखाई दे रहे थे यह देखकर मजदूर डर गए सूचना मिलते ही चन्दापुर थाने की पुलिस फोरेंसिक टीम सहित कई थानों की पुलिस व एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे और गहनता के साथ घटनास्थल की जांच पड़ताल की वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

> एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि एक विनीत नामक युवक की हत्या हुई है उम्र लगभग 35 वर्ष ओया गांव है अपने ट्यूबवेल पर एक कमरा बनाया हुआ है और उसी में सोया हुआ था इनके सिर पर चोट के निशान है प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है पारिवारिक जनों से तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया जाएगा पुलिस द्वारा पंचनामा किया जा रहा है और जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

> मृतक के बड़े भाई अमरदीप सिंह उर्फ पिंकू ने तहरीर देते हुए बताया कि मेरे भाई विनीत यह बात बताते थे कि परसों शाम को देवरी गांव के रहने वाले शंकर यादव पुत्र राम लखन व प्रांजुल यादव पुत्र नोखेलाल व रामचंद्र पुत्र गंगा प्रसाद एवं शुभम निवासी पहरावा से किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी मुझे पूरा यकीन है कि मेरे भाई विनीत की हत्या इन्हीं लोगों द्वारा की गई है चन्दापुर पुलिस ने मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर चार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है व पुलिस हर एंगल से मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बोलोरो अनियंत्रित होकर पलटी, दो घायल

> ▸ बोलेरो सवारों को शीशा तोड़कर किसी तरह बोलेरो से बाहर निकाला गया

**बछरावां, रायबरेली समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाँदा बहराइच राजमार्ग पर ठकुराइन खेड़ा गांव के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में एक बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गई। जिसमें सवार आधा दर्जन से अधिक लोगों में दो लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त बोलेरो सवार गढ़ी से अपनी बेटी के विवाह के उपरांत चौथी की विदाई कराकर वापस अपने गांव चिखड़ी मजरे पश्चिम गांव थाना बछरावां आ रहे थे। जैसे ही बोलेरो सवार ठकुराइन खेड़ा गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकराकर खाई में पलट गई। जिसमें सवार आठ लोगों में से दो लोग बोलेरो चालक नावेद पुत्र मुन्ना उम्र 21 वर्ष निवासी जोहवासर्की एवं शुभम पुत्र महादेव निवासी किलौली थाना गुरबक्शगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज किया गया है। वहीं अन्य छह लोगों को मामूली चोटे आई हैं। आसपास मौजूद ग्रामीण एवं राहगीरों के द्वारा बोलेरो के अंदर फंसे सभी बोलेरो सवारों को शीशा तोड़कर किसी तरह बोलेरो से बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानी जाए तो उनका कहना है की घटना बहुत बड़ी थी, गनीमत यह रही कि किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# डीएम ने किया नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने मंगलवार को नैमिषारण्य क्षेत्र में पर्यटन विकास के उद्देश्य से नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य तीर्थ में 84 कोसी परिक्रमा मेले के प्रथम पड़ाव ग्राम कैरोना में सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य, विकास खण्ड मिश्रिख के ग्राम-पनाह नगर में गोमती नदी के किनारे नीलकण्ठ महादेव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य एवं नैमिषारण्य तपोभूमि में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों हेतु शयनगृह (डॉरमेट्री) का निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार समस्त कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाय। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु समुचित कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित समस्त विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय से पूर्ण कराया जाय। निरीक्षण के दौरान पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी सहित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में एक्यूप्रेशर पद्धाति से हुआ उपचार

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

सेवा भारती व सकल जैन समाज के संयुक्त तत्वाधान में शहर के प्रेम नगर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन सभागार में छ दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया। शिविर का संयोजन सरिता जैन जिला प्रमुख मातृ शक्ति व सीमा जैन जिला प्रमुख बालिका विकास कौशल ने किया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथी मंजू रानी जैन ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथी में सेवा भारती के जिला अध्यक्ष विश्ववीर गुप्ता, पालक अधिकारी सुभाष गुप्ता, सभासद व आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नगर अध्यक्ष राज कुमार रस्तोगी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता आकाश राय, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता रत्नेश द्विवेदी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को पटका पहना कर स्वागत किया गया। शिविर के दौरान डॉ मनोज चंदोलिया व सहयोगी विशाल कुमार, देवेन्द्र कुमार ने लोगों का एक्यूप्रेशर बिंदुओं पर दबाव के जरिये शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने के लिए विशेष उपचार किया गया। इस क्रिया को दिनचर्या में अपनाने की सलाह भी दी गई।

# छह अंतर्जनपदीय सहित सात अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना कमलापुर व क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कमलापुर अतंर्गत डीजल चोरी जैसी घटना में पंजीकृत अभियोग 365/2025 में प्रकाश में आये शातिर अंतर्नजपदीय अभियुक्तगण 1.अनवर पुत्र इन्तजार निवासी ग्राम दहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ 2.इरफान पुत्र अली मोहम्मद निवासी बडकारी पुर थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद को कुर्सिनपुरवा तिराहे के पास से 3.शराफ उर्फ भूरा पुत्र आस मोहम्मद निवासी बदरखा थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ 4.जाहिर पुत्र आसू निवासी खिचरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ 5.तसलीम पुत्र सलीम निवासी डहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ 6.मुकर्रम पुत्र मोहर्रम अली निवासी कासी सोलाना थाना परतापुर जनपद मेरठ को कोठी ढ़ाबा के आगे सीतापुर रोड से 7.अरविन्द पुत्र रूपराम निवासी जलालपुर थाना महोली वर्तमान पता प्रेमनगर कस्बा थाना महोली जनपद सीतापुर को बहद ग्राम जलालपुर थाना महोली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा टीम के उत्साहवर्धन हेतु थाना प्रभारी कमलापुर व टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।

# नगर में सड़कों के गड्ढे भरने के दावे हुए हवा हवाई

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

भले ही शासन ने सड़कों के गड्ढा मुक्त होने के लिए समय सीमा निर्धारित की थी लेकिन हाईवे पर शायद यह फरमान लागू नहीं होता है तभी तो निर्धारित समय सीमा गुजर जाने के बाद भी गड्ढे खत्म नहीं हुए हैं। मालूम हो कि सड़क पर गड्ढे सुगम यातायात में ही बाधक नहीं है बल्कि यह जानलेवा भी होते हैं जिसकी बानगी भी समय समय पर दुर्घटना के रूप में देखने को मिलती रहती है। हालांकि शासन इस समस्या के लिए गम्भीर है और प्रदेश के मुखिया ने गत माह फरमान जारी कर 15 दिनो में उन्हें गड्ढा मुक्त करने का आदेश दिया था लेकिन शायद हाइवे पर आदेश लागू नहीं होता है तभी तो आटा टोल प्लाजा से यमुना पुल तक असंख्य गड्ढे है जिससे एनएच 27 पर यात्रा करने वालों का समय तो बर्बाद तो हो ही रहा है साथ ही उनके वाहनो के रखरखाव का भी खर्च बढ़ रहा है इतना ही दुर्घटनाओं में भी बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण को आवागमन में आ रही समस्याओं से कोई वास्ता नही उनका काम तो महज हाईवे पेट्रोलिंग तक ही सिमट कर रह गया है। जानकारों की मानें तो एनएचएआई ने पहले इस रोड के रखरखाव की जिम्मेदारी ओबीआईएल कम्पनी को दी थी जिसकी निर्धारित समय सीमा गत वर्ष समाप्त हो गई थी और यह जिम्मेदारी अब एनएचआईटी नामक कम्पनी के पास है जो रखरखाव का काम देख रही है। कम्पनी के मैनेजर इनग्लेश कुमार शर्मा के अनुसार काम में गड़बड़ी करने पर एनएचएआई ने पुरानी कम्पनी का 100 करोड़ रुपये का भुगतान रोक दिया था इसलिए अभी हाईवे को दुरुस्त कराए जाने की जिम्मेदारी उसी कम्पनी की है और हाईवे ने इस रोकी गई रकम से काम कराने का ठेका दूसरी कम्पनी को दिया है जो शीघ्र ही काम शुरू कर देगी जिसके बाद की जिम्मेदारी एनएचआईटी कम्पनी उठाएगी। सूत्रों की माने तो कम्पनी ने उसरगाँव आटा के बीच में काम भी शुरू किया था लेकिन 100 मीटर बनाने के बाद काम बन्द है। अधिवक्ता रामकुमार तिवारी, हरिशंकर दीक्षित, दिव्यगोपाल श्रीवास्तव के अनुसार कम्पनी की काम की रफ्तार देखते हुए अभी कुछ माह तक हाईवे पर यात्रा करना आसान नहीं होगा।

### नगर सीमा में सर्विस रोड की भी हालत है खराब


एनएच-27 के सर्विस रोड पर बने गड्ढे।

विदित हो कि नगर सीमा में आम जनता के लिए हाईवे के दोनों ओर सर्विस रोड बनाए गये हैं लेकिन अपेक्षित रखरखाव न होने से उनकी भी हालत खराब है आलम यह है जलनिकासी की व्यवस्था न होने से सर्विस रोड में जगह जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे लोगों को यातायात में परेशानी होती है। लेकिन रखरखाव करने वाली कम्पनी इस ओर ध्यान नही दे रही है।

- जलनिकासी की व्यवस्था न होने से सर्विस रोड में जगह जगह हो गए हैं गड्ढे

# धूमधाम से मना गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सोमवार को नौवें सिख गुरु, हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस बड़े श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में अखंड पाठ का भोग डाला गया, इसके बाद शबद कीर्तन और अरदास हुई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माथा टेका और गुरु महाराज के बलिदान को नमन किया। अंत में लंगर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ग्रंथी अरुण सिंह ने कहा गुरु तेग बहादुर जी ने कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए अपना शीश दे दिया।

उनका बलिदान हमें सिखाता है कि धर्म की रक्षा के लिए हर कीमत चुकानी पड़े तो पीछे नहीं हटना चाहिए। आज के दौर में भी उनकी शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा गुरु तेग बहादुर जी का त्याग पूरी मानवता के लिए प्रेरणा है। छिबरामऊ जैसे छोटे शहर में भी सभी समुदाय के लोग एक साथ गुरु महाराज को याद करते हैं, यह हमारी गंगा-जमुनी तहज़ीब का जीता जागता प्रमाण है।इस दौरान सरदार इंद्रपाल सिंह, सतिंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह, तनवीर सिंह टिंकू, राजिंदर सिंह, जसविंदर सिंह, परमजीत सिंह, गुरमीत सिंह, जसवीर कौर, लवलीन कौर, कमलजीत कौर, सीरत कौर, निर्मल कौर, बलजीत कौर, राजिंदर कौर, सर्वजीत कौर, गुरमीत कौर, परमजीत कौर व सरदार रूपेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर में लगे बीएलओ ने जहर खाकर दी जान, पत्नी ने लगाया दबाव बनाने का आरोप

- पीड़ित बीएलओ का ड्यूटी मतदाता सूची पुनरीक्षण में लगाई गई थी
- विपिन अपनी पत्नी सीमा यादव के साथ जैतपुर माझा में ही किराए के मकान में रहते थे

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** मतदाता पुनरीक्षण कार्य एस आई आर में लगे एक बीएलओ ने जहर खाकर जान दे दी। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे जहर खाने के बाद उन्हें गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। फिर वहां से लखनऊ के केजीएमयू रेफर कर दिया गया था। वहां उनकी मौत हो गई। एसडीएम सदर अशोक कुमार भी विपिन यादव के साथ लखनऊ आए हैं। वह लगातार एस्कॉर्ट कर रहे थे। वहीं, घटना के बाद मृतक विपिन यादव की पत्नी सीमा यादव ने आरोप लगाया है कि पीड़ित बीएलओ का ड्यूटी मतदाता सूची पुनरीक्षण में लगाई गई थी। तरबगंज एसडीएम , नवाबगंज बीडीओ और लेखपाल। लगातार दबाव बना रहे थे। जिस से परेशान होकर मेरे पति ने जहर खाकर जान दे दिया। जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन ने दबाव का आरोप गलत बताया है। उनका कहना है कि बीएलओ पारिवारिक समस्याओं की वजह से तनाव में थे। इसी कारण उन्होंने ये कदम उठाया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। तरबगंज थाना क्षेत्र के जैतपुर माझा के जौनपुर के मलानी गांव निवासी विपिन यादव जैतपुर माझा स्थित सरकारी स्कूल में असिस्टेंट टीचर थे। विपिन अपनी पत्नी सीमा यादव के साथ जैतपुर माझा में ही किराए के मकान में रहते थे। सीमा यादव ने बताया- विपिन की मतदाता पुनरीक्षण कार्य में ड्यूटी लगाई गई। अधिकारी काम को लेकर लगातार दबाव बना रहे थे।

# संगठन में एकजुटता एवं अनुशासन आवश्यक




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में फर्रूखाबाद चौराहे के पास बीकानेर रेस्टोरेंट में आयोजित प्राइवेट हॉस्पिटल वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में संगठन की एकजुटता एवं अनुशासन पर जोर दिया गया।

बैठक में वार्षिक सदस्यता शुल्क नकद या ऑनलाइन माध्यम से जमा करने, संगठन में एकजुटता एवं सख्त अनुशासन पर जोर दिया गया। सभी सदस्यों ने खुलकर अपने सुझाव एवं विचार रखें।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं अध्यक्ष डॉ सरित द्विवेदी ने कहा एसोसिएशन को मजबूत बनाने हेतु आवश्यक सख्त कदम सुनिश्चित किए जाएंगे। सभी के लिए समान नियम लागू होंगे। प्रत्येक सदस्य द्वारा नियमों का पालन अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। सदस्य अपनी समस्याएं, अनुभव एवं सुझाव स्वतंत्र रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। यह बैठक एसोसिएशन की एकता, अनुशासन एवं भविष्य की दिशा निर्धारण हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में ध्यान्द्र सिंह, शालू खान डॉ. विवेक शाक्य, डॉ. सर्वेश, डॉ दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

## 5 लाख से अधिक मूल्यांकन के दीवानी मुकदमें अब एसीजेएम कोर्ट में होंगे निस्तारित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** यहां संचालित अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) न्यायालय से वादकारियों को बड़ी राहत देने वाला फैसला आया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर एसीजेएम कोर्ट को 5 लाख रुपये से अधिक मूल्यांकन वाले दीवानी मुकदमों की सुनवाई का अधिकार प्रदान कर दिया है। पहले ये मामले केवल कन्नौज स्थित सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट में ही सुने जाते थे, जिससे छिबरामऊ क्षेत्र के वादकारियों को कन्नौज कोर्ट आना-जाना पड़ता था। इससे समय और धन की भारी बर्बादी होती थी। बार एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट ललित प्रताप सिंह की लगातार दो वर्षों से चल रही मांग पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया। इसके तुरंत बाद शनिवार को 643 मुकदमे सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कोर्ट तथा 106 मुकदमे फास्ट ट्रैक कोर्ट से कुल 749 पत्रावलियां एसीजेएम छिबरामऊ कोर्ट में स्थानांतरित कर दी गईं।



## पालिकाध्यक्ष ने की कान्हा गौशाला निर्माण की समीक्षा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में फर्रूखाबाद रोड पर हाजी मुंशी जमील अहमद ईंट भट्टा के पीछे एक करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से नगर पालिका की कान्हा गौशाला बन रही है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने यहां पर स्थलीय निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं स्थल पर हो रही व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन कर समीक्षा की। उन्हींने कहा गोवंश के लिए बनाए जा रहे आश्रय स्थल, पेयजल व्यवस्था, चारे की उपलब्धता तथा सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि नगर में एक ऐसी आदर्श गौशाला का निर्माण हो, जहाँ हर गौमाता को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानपूर्ण वातावरण प्राप्त हो। नगर पालिका परिषद का यह प्रयास न केवल गौसेवा को बढ़ावा देना है, बल्कि नगर में स्वच्छता, संस्कार और मानवीय संवेदनाओं का विस्तार करने का माध्यम भी बनेगा। इस दौरान निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि यह कार्य शीघ्र पूर्ण होकर नगर के लिए एक मिसाल बन सके। इस अवसर पर सभासद प्रदीप चौहान उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### किसानों को उर्वरक उपयोग के बारे में जानकारी दी

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के लौव्वा टेपरा ग्राम पंचायत स्थित कृषि सेवा केंद्र पर किसानों को उर्वरक उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। सीईओ कुलदीप मिश्रा ने बताया किसानों को रबी सीजन में किसान उर्वरक की समुचित मात्रा में उपयोग करें। इस दौरान संजय उपाध्याय, मुकेश शुक्ला, संदीप, पवन तिवारी, गोलू सहित अन्य लोग रहे।

### नशे धुत बाराती घराती भिड़े

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात क्षेत्र में नशे में धुत बाराती घराती आपस में भिड़ गए और जमकर मार पीट करने लगे। 112 नंबर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पुलिस पहुंची तो मामला शांत कराया कराया गया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गुलहरियन पुरवा ग्राम में सोमवर की देर रात्रि एक बारात जा रही थी। दारू के नशे में डी जी के गाने पर नाच रहे थे। धूम धड़ाका किया जा रहा था। घराती की तरफ से भी कुछ युवक नशे में थे। बारात का रास्ता बदलने को लेकर तू तू मैं मैं करने इसी में नशे में धुत युवक भिड़ गए और मार पीट करने लगे। कुछ लोगो ने इस की सूचना 112 पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया तब बारात आगे बढ़ी। इस दौरान गांव के तमाम लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। यह घटना क्षेत्र चर्चा का विषय बन गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर हल्का दरोगा को भेज कर जांच करा कर मुकदमा लिखने की कारवाही की जायेंगी।

### लकड़ी माफिया के हौसले बुलंद

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम खानपुर कुर्मी मे विनोद दुबे की जगह में खड़े पीपल के 3 पेड़ लकड़ी माफिया ने कटवा दिए है। इस बारे में गांव के विनोद कुमार ने थाना प्रभारी और वन विभाग को पत्र भेज कर शिकायत की है कि मेरे बाबा ने बुआ को घर बनाने के लिए जमीन दान में दी थी। इस जगह की कोई वसीयत नहीं थी। वह जगह बुआ ने गांव के अवधेश दुबे, राकेश दुबे, विमलेश दुबे को बेच दी। पता चलते ही मैन तुरंत मामला न्यायालय में पेश किया। अब यह मामला न्यायालय में लंबित है लेकिन 23 नवंबर को पीपल के 3 पेड़ लकड़ी माफिया को बेच कर कटवा दिए गए।

### सत्संग से होती हैं सदगुरु की प्राप्तिः शशि प्रभाकर




**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सतसंग में महात्मा शशि प्रभाकर ने अपने अनमोल वचनों में कहा सतसंग से सदगुरु की प्राप्ति होती है। सिमरन करने से मनुष्य के जीवन से सारे कष्ट मिट जाते हैं और उसका जीवन आनन्दमय हो जाता है।उन्होंने कहा कलियुग में भव से पार जाने का आधार केवल सिमरन है। सतसंग से मनुष्य का मन शुद्ध होकर एकाग्रता प्राप्त होती है। मनुष्य का मन स्थिर हो जाये तो उसका जीवन संभल जाए क्योंकि भक्ति मन का विषय हैं। बिना भक्ति के चेतना का विकास सम्भव नहीं है। मनुष्य अपने जीवन में सधर्ष और दुख ही प्राप्त करता है लेकिन उसके जीवन में एक अवसर ऐसा भी आता है जब भाग्य अनुकूल होता हैं। ऐसे समय बिना संकोच प्रेम से दान दो, संत जन व महापुरुषों की सेवा करो तो जो दोगे वो दोगुना होकर वापस आयेगा। लेकिन मनुष्य मोह माया में फस कर सेवा व दान का महव ही भूल जाता है। अगर मनुष्य अपने हृदय से दान दे तो परमात्मा भी उसका भला तुरंत करता है। महात्मा राम प्रताप के संचालन में हुए सतसंग में अन्य महात्माओं ने भी अपने विचारों एवं भजनों से साध संगत को निहाल किया।

# शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में धर्म ध्वजा की हुई भव्य प्रतिष्ठा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी यानी विवाह पंचमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के विवाह महोत्सव के साथ ही नगर के प्रसिद्ध शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में सनातन धर्म ध्वजा का भव्य प्रतिष्ठापन किया गया। ठीक उसी मुहूर्त में अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भी धर्म ध्वज फहराया गया था। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि सनातन धर्म में धर्म ध्वज का विशेष महत्व है। यह केवल मंदिरों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक सनातनी के घर पर भी लहराना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन भगवान श्रीराम का विवाह माता जानकी के साथ हुआ था, इसलिए इसे विवाह पंचमी कहा जाता है। अयोध्या सहित देश-विदेश के रामभक्त इस दिन को बड़ी श्रद्धा और उत्साह से मनाते हैं। धर्म ध्वजा फहराने के पश्चात मंदिर परिसर में सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में राजन लाल द्विवेदी, अरुण चतुर्वेदी, डॉ. हरी गर्ग, मुन्ना गुप्ता (दाल वाले), सहदेव सिंह भदौरिया, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, अभिषेक त्रिवेदी, मुकेश मिश्रा, रवि तिवारी, सत्यनारायण वर्मा, प्रमोद शर्मा, भारत सिंह वर्मा, लज्जाराम वर्मा, मुकेश वर्मा, मदनलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया तिर्वा मंडी में औचक निरीक्षण

- अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जताई नाराज़गी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मंडी समिति तिर्वा स्थित धान खरीद केंद्र पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने औचक निरीक्षण कर खरीद प्रक्रिया, किसान सुविधाओं और अधिकारियों की कार्यप्रणाली का विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियाँ सामने आईं, जिन पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी जताई।

मंडी समिति तिर्वा में विपणन शाखा द्वारा कुल 3 खरीद केंद्र- 2 धान और 1 बाजरा/ मक्का केंद्र संचालित हैं। निरीक्षण के समय मुख्य केंद्र प्रभारी राजेश कुमार उपस्थित मिले, जबकि मंडी निरीक्षक पुष्पलता और मंडी सचिव रघुराज प्रताप सिंह अनुपस्थित पाए गए। इस पर डीएम ने कड़ा रुख दिखाते हुए कहा कि खरीद केंद्रों पर पारदर्शिता, समयबद्धता और किसानों को सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान किसान माधव प्रसाद ने शिकायत की कि वह धान लेकर पिछले तीन दिनों से केंद्र पर प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन अब तक तौल नहीं हो सकी है। साथ ही बिजली आपूर्ति बाधित रहने की समस्या भी बताई गई। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी तिर्वा को निर्देश दिए कि लंबित पंजीकरणों का आज ही सत्यापन सुनिश्चित कराया जाए और किसी किसान को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। तौल संबंधी देरी को तुरंत समाप्त करने के भी आदेश दिए गए।


निरीक्षण करते जिलाधिकारी

अब तक मंडी समिति तिर्वा में मक्का 206 कुंतल, धान 693 कुंतल और बाजरा 177 कुंतल की खरीद हो चुकी है तथा किसानों को उसका शत- प्रतिशत भुगतान भी कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि व्यापारियों द्वारा लाया गया धान किसी भी स्थिति में न खरीदा जाए। केवल वास्तविक पंजीकृत किसानों का ही धान, मक्का एवं बाजरा स्वीकार किया जाएगा।

## लंगरपुर मौजा सड़क पर हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**कालपी,जालौन।** उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक तथा विभागीय कर्मचारियों की संयुक्त टीम की मौजूदगी में मौजा लंगरपुर के चकरोड में फैले अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय हो कि लंगरपुर मौजा के चक रोड के गाटा संख्या 242 में अतिक्रमण फैला हुआ था जिससे आवागमन प्रभावित होता रहता था इसकी शिकायत क्षेत्रीय नागरिक महादेव प्रसाद के द्वारा की गई थी। मामले को संज्ञान में लेकर उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने चकरोड से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। फलस्वरुप राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर, की अगुवाई में क्षेत्रीय लेखपाल जितेंद्र कुमार तथा राजस्व कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा जेसीबी मशीन से अतिक्रमण को हटाकर भूमि को खाली करा दिया गया।

# अवैध मिट्टी खनन करते ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर छोड़ा

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जोल्हूपुर में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की इस दौरान एक ट्रेक्टर ट्राली को भी कब्जे में लिया था लेकिन महज कुछ घण्टा बाद छोड़ देने से जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खडे हो रहे हैं। चर्चा है कि काफी दिनों से मिट्टी खोदी जा रही थी।



विदित हो कि मंगलवार दोपहर कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक अवनीष कुमार ने जोल्हूपुर गांव के पास से मिट्टी भरी ट्रेक्टर ट्राली को कब्जे में लिया गया था जिसे ज्ञान भारती पुलिस चौकी में खड़ा कर दिया गया था जिसकी तस्वीर भी सामने आई थी हालांकि पुलिस की छापेमारी के दौरान खुदाई कर रही जे सी बी मशीन तथा अन्य ट्रेक्टर ट्राली भाग निकले थे लेकिन महज कुछ देर बाद खनन वैध हो गया था और ट्रेक्टर ट्राली को मौके से छोड दिया था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह की माने तो गांव मे सड़क निर्माण कराया जाना है लेकिन जगह काफी गहरी थी जिसके चलते मिट्टी भराई कराना आवश्यक था जिसके लिए अनुमति भी ली गई थी लेकिन किसी ने पुलिस को गलत सूचना दी थी लेकिन अनुमति दिखाए जाने के बाद ट्रेक्टर ट्राली को छोड़ दिया गया है। क्षेत्र की जनता की माने तो जोल्हूपुर मिट्टी कारोबार का गढ़ बन गया है और यह मिट्टी रास्ते में नही बल्कि प्लाट में डाली जा रही थी उसका व्यवसायिक इस्तेमाल हो रहा था जिसकी अनुमति नही दी जा सकती है।

हालांकि जोल्हूपुर में मिट्टी का कारोबार बढ़ा रूप ले चुका है जिसमें चौकी पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह की मानें तो अगर मिट्टी का व्यवसायिक इस्तेमाल हो रहा था तो अवैध है क्योंकि निजी कार्य के लिए महज 99 घनमीटर की अनुमति दी जाती है।

# खबर का असर: उमरी-माधौगढ़ रोड पर साफ हुई कटीली झाड़ियां

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

उमरी-माधोगढ़ रोड पर झाड़ियों से बढ़ रहे हादसों के खतरे को लेकर ग्रामीणों की आवाज आखिरकार असर दिखा गई। समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग हरकत में आया और सड़क किनारे फैली कंटीली झाड़ियों की कटाई का कार्य शुरू कर दिया गया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते कई महीनों से सड़क के दोनों ओर घनी झाड़ियां फैल जाने के कारण दृश्यता कम हो गई थी, जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे थे। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग की चुप्पी से लोगों में आक्रोश था। लेकिन समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर मशीन व मजदूरों की मदद से झाड़ियों की सफाई शुरू कराई। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़क के दोनों ओर लगभग पाँच किलोमीटर तक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने मीडिया का आभार जताते हुए कहा कि यदि समय रहते यह कार्रवाई नहीं होती, तो बड़ी दुर्घटनाएँ हो सकती थीं। अब मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुगम हो गई है और मोड़ों पर दृश्यता भी बेहतर हुई है। लोगों ने उम्मीद जताई कि विभाग आगे भी नियमित रूप से सड़क की सफाई व रखरखाव करता रहेगा, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

# सवा दो करोड़ रूपये से बनेगी तिगरेश्वर की सड़क

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंदिरों के पावन पवित्र नगर में तमाम पौराणिक और धार्मिक स्थल है कई तो ऐसे दुर्गम स्थानों पर हैं जहां पहुंचने के लिए बहुत कठिनाई होती है चाहें वो सूर्य मन्दिर हो या तिगरेश्वर। जिसमें नगर के समीप दुर्गम बीहड़ क्षेत्र में जोंधर नाले के किनारे में स्थित है प्राचीन तिगड़ेश्वर मंदिर जहां पहुंचने के लिए मंगरौल रोड से लगभग 2 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़क बहुत ही खस्ताहाल है जहां एक पुलिया भी बाढ़ और बरसात में पूरी तरह ध्वस्त हो गई थी।



उक्त मामले को लेकर क्षेत्रीय जनता ने कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी से की जिसका उन्होंने संज्ञान में लेते हुए विधायक ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के सचिव अभिषेक गंगवार ने दिनांक 24/11/2025 को शासकीय पत्र लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव एवं विभागाध्यक्ष को प्रेषित किया है। पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि धर्मार्थ मार्गो के चौड़ीकरण, सदृढ़ीकरण, नव निर्माण एवं विकास हेतु एक मुश्त योजना के अंतर्गत कई क्षेत्रों में 43 करोड़ की लागत से 23 सड़कों का निर्माण कराया जाना है। इसी क्रम में 220 कालपी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कालपी-मंगरौल मार्ग से तिगड़ेश्वर मंदिर तक दो किलोमीटर से अधिक लम्बी सड़क के निर्माण के लिए 2 करोड़ 10 लाख 25 हजार रुपए की स्वीकृत प्रदान कर दी गई है। तथा प्रस्ताव के सापेक्ष एक करोड़ 5 लाख रुपए की धनराशि को भी विभाग को आवंटित कर दिया गया है। क्षेत्रीय विधायक के अनुसार लोक निर्माण विभाग खंड 3 के द्वारा तिगरेश्वर मंदिर मार्ग का नव निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि तिगरेश्वर मंदिर को आने जाने के लिए भक्तों, महिलाओं, बच्चों के लिए रास्ता सुगम हो जाएगा। जल्द ही कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग खण्ड 3 के द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक विनोद चतुर्वेदी के विकास कार्यो की गति पर क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# प्रयागराज झांसी स्नातक विधायक चुनाव में कायस्थ समाज हुआ एकजुट

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कायस्थ समाज के लोगों ने एकजुट होकर आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव में अपनी सहभागिता एवं प्रतिनिधित्व पर चर्चा की ज्ञात हो कि स्नातक एमएलसी चुनाव में मतदाता बनने का द्वितीय एवं अंतिम दौर 25 नवंबर से 10 दिसम्बर तक चलेगा। इन चुनावों में हमेशा से कायस्थ समाज की अग्रिम भूमिका रही है। कायस्थ समाज कलम दवात के पूजन हेतु जाना जाता है और कायस्थ समाज में स्नातकों की बाहुल्यता है। बैठक में समाज के वरिष्ठ और युवाओं ने इस बात का महत्व माना कि यदि हमारे समाज के प्रत्येक स्नातक को वोटर बनाया तो इससे वह अपने लोकतांत्रिक दायित्व का निर्वाह करेंगे साथ ही साथ 40 विधानसभा में विकेंद्रित इस चुनावों में एक अच्छा सहयोग भी देंगे। बैठक में सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव,राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, शशांक खरे, राहुल, कपिल श्रीवास्तव, रविकांत श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, सत्यम सक्सेना, आलोक खरे, सोमेंद्र श्रीवास्तव, अक्षय रंजन श्रीवास्तव, आलोक सक्सेना, नवनीत श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, दीपक खरे, सौरभ खरे, सौरभ श्रीवास्तव, विष्णु कुमार खरे, दिनेशचंद्र श्रीवास्तव, शशांक श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, दीपक कुल, हर्ष खरे, योगेश कुलश्रेष्ठ, संजय श्रीवास्तव, संजय खरे आदि उपस्थित रहे।

# रुद्रपुरा गांव में उपभोक्ताओं के काटे बिजली कनेक्शन

- ग्रामीणों के सवाल जबाब सुन उल्टे पैर लौटे बिजली विभाग के जेई

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

इन दिनों बिजली विभाग रामपुरा की चेकिंग टीम से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की जनता काफी परेशान है। बगैर सूचना के उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। बिलों के संसोधित शून्य हैं। मंगलवार को 33 केवी उपकेन्द्र के जेई राजकुमार अपने लाव लश्कर के साथ ग्राम रुदपुरा में बिजली चेकिंग के लिए पहुंच गये। जिसके बाद उपभोक्ताओं से कोई बात न करते हुए बिजली के कनेक्शन काटने लगे। जिस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई। उपभोक्ता रामेश्वर ने बताया कि जेई साहब अपनी टीम के साथ आये और कहने लगे कि पैसे दो बर्ना बिजली काट देंगे। पैसे न देने पर बिजली काट दी। ग्रामीण रामशंकर ने बताया कि चैकिंग के दौरान महिलाओं से भी अभद्रता की गई। बिजली चैकिंग के दौरान जेई द्वारा गाँव के रामेश्वर, मंगली प्रसाद, शंकर, संतराम आदि उपभोक्ताओं को बगैर नोटिस दिये बिजली काट गये तथा भीम के घर का मीटर ही उखाड़ कर ले गये। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग की इस तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बिजली विभाग के जेई को पैसे नहीं दिये इस लिये हम लोगों के कनेक्शन काटे गये हैं। बिजली के बिल के बकायादारों को सर्वप्रथम नोटिस दिया जाता हैं। जिसके बाद ही उपभोक्ता का कनेक्शन काटा जाता हैं। लेकिन यहां सब अंधेरे नगरी चौपट राजा हैं। बिजली के गलत बिलों के संसोधन के लिए रीडिंग वेरिफाई के लिए जेई साहब द्वारा कहा जाता हैं कि पहले बिल जमा करो उसके बाद ही रीडिंग वेरिफाई होगी। जो नियम संगत नहीं हैं। जब तक रीडिंग वेरिफाई नहीं होगी तब तक बिलों में संसोधन कैसे सम्भव हैं। उच्चाधिकारियों से मिलकर जेई राजकुमार की शिकायत की जायेगी। क्षेत्र की जनता बिजली विभाग की इस तरह की अवैध उगाही के कारण परेशान हैं, जो आये दिन चैकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण किया जाता हैं। जेई राजकुमार ने बताया कि ग्राम रूदपुरा में बिजली चेकिंग के लिए टीम के साथ गये हुए थे।

# मेजर एस.डी. सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में 15 दिवसीय ओरिएंटेशन एवं ट्रांजशिनल करिकुलम का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस.डी. सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में नवप्रवेशित स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों के लिए आयोजित 15 दिवसीय ओरिएंटेशन एवं ट्रांजिशनल करिकुलम का शुभारंभ मंगलवार को एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ कॉलेज सभागार में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत 2024 बैच के छात्रों द्वारा पारंपरिक तिलक एवं मिठाई के साथ नए छात्रों के स्वागत से हुई। औपचारिक कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे धन्वंतरि वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। जिसे 2024 बैच के छात्रों ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात नवप्रवेशित छात्रों को मंच पर आमंत्रित कर उनका परिचय कराया गया और उन्हें स्वागत किट प्रदान की गई। जिसमें स्टेथोस्कोप, पेन, नोटपैड एवं अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थीं। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. विजय कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनका स्वागत प्राचार्या डॉ. नीतूश्री एवं डॉ. मुकेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया। स्वागत भाषण में डॉ. नीतूश्री ने छात्रों व अभिभावकों को कॉलेज जीवन, अनुशासन, अध्ययन पद्धति तथा भविष्य के शैक्षणिक वर्षों का सर्वोत्तम उपयोग कर एक कुशल चिकित्सक बनने के मार्गदर्शन से अवगत कराया। मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार यादव ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में आयुर्वेद के महत्व, आधुनिक समय में इसकी बढ़ती उपयोगिता तथा कोर्स पूर्ण होने के उपरांत उपलब्ध करियर अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को जिला आयुर्वेद एवं यूनानी कार्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया। इसके उपरांत प्राचार्या डॉ. नीतूश्री, डीन डॉ. निरंजन एस, डॉ. रीता सिंह एवं डॉ. मुकेश विश्वकर्मा द्वारा मुख्य अतिथि का औपचारिक सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ यूजी एवं पीजी छात्रों द्वारा अनुभव साझा सत्र आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने अपनी शैक्षणिक यात्रा से जुड़े अनुभव साझा कर नए छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

इसके बाद विभागाध्यक्षों एवं संकाय सदस्यों द्वारा विभागीय परिचय प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात एनसीआईएसएम दिशानिर्देशों के अनुसार प्री-टेस्ट का आयोजन डॉ. रतीश एवं डॉ. रुचि के पर्यवेक्षण में किया गया। कार्यक्रम के दौरान 2024 बैच के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। जिन्होंने समारोह में उत्साह व ऊर्जा का संचार किया। डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने कॉलेज की स्थापना, विकास यात्रा और उपलब्धियों पर आधारित अपने प्रेरक उद्बोधन से उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गगन एवं डॉ. मधु रंजन ने किया। उद्घाटन दिवस का समापन योग प्रशिक्षक डॉ. कविता नेगी द्वारा आयोजित माइंडफुलनेस योग सत्र के साथ हुआ। इसके बाद डॉ. रीता सिंह ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के उपरांत डॉ. सुहेबा, डॉ. अरीब हुसैन, डॉ. रेशमा एवं डॉ. आनंद बाजपेई के मार्गदर्शन में कैंपस ओरिएंटेशन टूर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों और अभिभावकों की सभी शंकाओं का समाधान किया गया। समग्र रूप से ओरिएंटेशन एवं ट्रांजिशनल करिकुलम का प्रथम दिवस अत्यंत सफल और सुचारू रूप से संपन्न हुआ। जिससे नए बैच के उदीयमान आयुर्वेद छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक शुरुआत प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षकों के अतिरिक्त अनूप, राहुल, अनिकेत इत्यादि का योगदान सराहनीय रहा।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्रायें व शिक्षकगण

# टॉवर कर्मचारियों की डीजल चोरी, उपभोक्ताओं पर पड़ रही भारी



शोपीस बने जियो टॉवर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

टॉवरों पर हो रहे डीजल चोरी की घटनाओं से उपभोक्ताओं को नेटवर्क की समस्या से जूझना पड़ रहा है। परेशान उपभोक्ता जियो की सिम को अन्य कंपनियों में पोर्ट करवा रहे है।

नवाबगंज नगर में मंगलवार को भी रिलायंस जियो का नेटवर्क लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया। आए दिन की तरह नेटवर्क फेल होने से नगर के सभी कार्यालय, स्कूल, कॉलेज और दैनिक कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुए। लोग फोन से अपने काम पूरे करने में खासी असुविधा का सामना कर रहे हैं।

### तेल चोरी बनी नेटवर्क ठप होने की वजह

सूत्रों से मिली जानकारी और जियो नेटवर्क मैनेजर अनुज गुप्ता के बयान के अनुसार नेटवर्क ठप होने का मुख्य कारण जियो टॉवर पर काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा की जा रही डीजल चोरी है। अनुज गुप्ता ने स्वयं बताया कि टॉवर पर कार्य करने वाले लड़के तेल चोरी करते हैं। जिस कारण नेटवर्क की समस्या उत्पन्न हो रही है। जेनरेटर को पर्याप्त तेल न मिल पाने के कारण वह ठीक से चल नहीं पाते और टॉवर का नेटवर्क घंटों बंद रहता है।

### ग्राहक हो रहे परेशान, दूसरी कंपनियों में पोर्टिंग शुरू

नेटवर्क की इस लगातार समस्या का सीधा असर मोबाइल से दैनिक कार्य करने वाले हजारों लोगों पर पड़ रहा है। लगातार की इस परेशानी से त्रस्त होकर अब ग्राहकों ने दूसरा रास्ता अपना लिया है। परेशान लोगों ने अब अपनी सिम जियो से निकालकर एयरटेल और वीआई जैसे अन्य नेटवर्क में पोर्ट कराना शुरू कर दिया है। कई लोगों ने तो पहले ही अपनी सिम पोर्ट करा ली है। यह गंभीर मामला न सिर्फ जियो नेटवर्क की खराब सेवा को उजागर करता है, बल्कि कर्मचारियों द्वारा की जा रही चोरी और कंपनी की अंदरूनी अव्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। ग्राहकों की बढ़ती पोर्टिंग जियो के लिए नवाबगंज क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है।

# गैंगेस्टर के मामले में तीन सगे भाइयों सहित चार को छः-छः वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने मनोज, मुकेश, उमेश पुत्रगण नरसिंह, वेदपाल पुत्र बाबूराम समस्त निवासीगण गंगलई मसरक शमशाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते सात वर्षो पूर्व थाना शमशाबाद तत्कालीन थानाध्यक्ष जयंती प्रसाद गंगवार ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत नर सिंह, मनोज, मुकेश, उमेश, वेदपाल के विरुद्ध दर्ज कार्य कराया था। जिसमें बताया कि उक्त आरोपी समाज में भय आतंक व्याप्त पर अवैध धन अर्जित कर भौतिक लाभ लेते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान नर सिंह की मृत्यु हो गई। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार, राजीव कुमार सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने मनोज, मुकेश, उमेश, वेदपाल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# लींकेज सिलेंडर से घर में लगी आग, हजारों का नुकसान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

लींकेज सिलेंडर से अचानक आग लग गयी। जिससे घर में अफरा-तफरी मच गयी। पास पड़ोसियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक हजारों रुपये का घरेलू सामान व 33 हजार की नकदी जलकर राख हो गयी। जानकारी के अनुसार राजा का रामपुर निवासी मुन्नालाल पुत्र रामस्वरूप अपनी पत्नी सीमा और बच्चों के साथ घसिया चिलौली में किराए के मकान में रहते हैं। मुन्नालाल पल्लेदारी का काम करते हैं। आज सुबह सीमा नाश्ता तैयार कर रही थीं, तभी अचानक सिलेंडर में गैस खत्म हो गई। उन्होंने दूसरा सिलेंडर लगाया और गैस लींकेज की जांच कर रही थीं, तभी अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी। जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के सदस्यों ने कपड़े, पानी और मिट्टी का उपयोग कर आग बुझाने का प्रयाग किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। राहुल ने बताया की आग लगने से घर में रखे 32 हजार रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सीमा ने बताया कि आग में उनकी पेंशन के पैसे और बेटे द्वारा दिए गए 33 हजार रुपए भी जल गए हैं। घटना के बाद पड़ोसियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस और गांव के लेखपाल को दी गई है। जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान शिवम यादव भी मौके पर पहुंचे।


आग से जला गृहस्थी का सामान

# स्वास्थ्य कैंप में 190 ने लिया चिकित्सीय लाभ



स्वास्थ्य कैंप में दवायें लेते ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में चर्म रोग, सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। इस दौरान कैंप लगाकर 190 मरीजों का नि:शुल्क उपचार व दवाइयां वितरित की गयीं। जानकारी के अनुसार कटरी क्षेत्र के ग्राम कुआँखेड़ा खास में जितेन्द्र गुप्ता के प्रतिष्ठान पर समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारम्भ प्रधान साहब खॉ व डॉ. शिवा त्रिपाठी ने किया। कैम्प में बुनियादपुर, कुआँखेड़ा, दोषपुर, खजुरिया, मदनपुर, चैनी नगला सहित अनेक गाँव के 190 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाइया दी गई। जिसमें चर्मरोग, पेट से सम्बधित, सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार सहित हड्डी व नाक, कान, गला से सम्बन्धित मरीजों की अधिकता रही। इस दौरान गम्भीर मरीजों को हॉस्पीटल भेजा गया। जहाँ पर मेडीकल डायरेक्टर डॉ. मंगल पाण्डेय द्वारा उपचार किया गया। इस दौरान विमला सिंह, नितिन गंगवार, वीरेन्द्र, गौरव सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा। इस दौरान मोतियाबिन्द, सवलवाई, माड़ा, नाखूना सहित अनेक मरीजों को 7 दिसम्बर को होने वाले लायन्स क्लब नेत्र परीक्षण में आने के लिए कहा गया।

# सरकारी नलकूप पर दबंग का कब्जा, डीएम से शिकायत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम नगला मन के किसानों ने सरकारी नलकूप संख्या-20 पर गांव के ही एक पूर्व चालक ग्रीशचन्द्र यादव द्वारा अवैध कब्जा करने और सिंचाई का पानी न देने की शिकायत जिलाधिकारी से की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्रीशचन्द्र यादव जिसकी छवि एक शातिर किस्म के दबंग व्यक्ति की है, ने विभाग के जूनियर इंजीनियर सुभाष सिंह के साथ सांठ-गांठ कर नलकूप पर कब्जा जमा लिया है और केवल अपने खेतों की सिंचाई कर रहा है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में शिकायत के बाद ग्रीशचन्द्र यादव का तबादला कर दिया गया था और नलकूप की चाबी गांव के ही विजय सिंह को सौंपी गई थी। हालांकि दबंग ग्रीशचन्द्र ने विजय सिंह के साथ मारपीट कर जबरन चाबी छीन ली। ग्रामीणों के अनुसार जब नलकूप चालक विजय सिंह ने इसकी सूचना जेई सुभाष सिंह को दी, तो जेई ने उन्हें चुपचाप चाबी ग्रीशचन्द्र को वापस देने के लिए कहा। जब किसानों ने स्वयं जेई सुभाष सिंह से बात की, तो उन्होंने किसानों को सरकारी नलकूप के बजाय अन्य लगे प्राइवेट नलकूपों से सिंचाई करने की सलाह दी।

### जान से मारने की धमकी का आरोप

ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में यह भी बताया है कि ग्रीशचन्द्र यादव नलकूप संख्या 20 पर पाइपलाइन बांधने या पानी लेने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को गोलियों से भून देने की खुली धमकी दे रहा है। जिससे गांव में किसी भी समय जघन्य घटना घटित होने की आशंका है। सरकारी नलकूप से पानी न मिलने के कारण किसानों को अपनी सूखती हुई फसलों की चिंता सता रही है और निजी नलकूपों से सिंचाई करने में उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने जिलाधिकारी से तत्काल जेई सुभाष सिंह और ग्रीशचन्द्र यादव को तलब कर नलकूप को कब्जा मुक्त कराने और किसानों के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि उनकी फसलें हरी-भरी हो सकें और गांव में शांति बनी रहे।

### जेई ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

इस संबंध में जब जेई सुभाष सिंह से बात की गई, तो उन्होंने ग्रामीणों के आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बताया। जेई सुभाष सिंह ने कहा कि ग्रीशचन्द्र और शिकायतकर्ताओं के बीच कोई पुरानी आपसी रंजिश है। जिसके कारण वे उनका और ग्रीशचन्द्र का नाम लेकर शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि नलकूप ऑपरेटर को बदला गया था और इन्हीं लोगों के कहने पर गांव के ही विजय कुमार को चाबी दी गई थी।

# थाना पुलिस ने कस्बे में चलाया वाहन चेकिंग अभियान


चेकिंग अभियान चलाती पुलिस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाना पुलिस ने कस्बे के चौराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों के कागजात चेक किये गये। साथ ही हेलमेट न लगाने वालों को हिदायत देकर छोड़ा गया। पुलिस ने तीन सवारी बैठाकर चलने वालों की भी खबर ली।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित चौराहे पर उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाने के दरोगा जगराम सिंह ने पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान चलाया। थाना पुलिस ने दो पहिया वाहन चालकों की तलाशी ली। इस दौरान कागज न लेकर चलने वालों की खबर ली गयी। साथ ही हेलमेट न लगाकर बाइक चलाने वालों को सख्त चेतावनी दी गयी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, दरोगा जगराम सिंह, कांस्टेबिल हर्षित चौहान, कांस्टेबिल किरण पाल सिंह, सुधांशु चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

### छात्र लापता, पुलिस कर रही खोजबीन

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव दहेलिया निवासी शिवकुमार पुत्र दर्शन सिंह ने पुत्र के लापता हो जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 21 नवंबर समय सुबह 8:00 बजे मेरा पुत्र जोगेंद्र कुमार उम्र 15 वर्ष घर से द्वारिका सिंह इंटर कॉलेज हमीरखेड़ा पढ़ने की बात कहकर गया था तब से ना तो स्कूल पहुंचा और ना ही अभी तक घर आया। रिश्तेदारी में पता किया तब भी कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लापता छात्र की खोज भी शुरू कर दी है।

# युवक की मौत के मामले में मां ने जेठ और देवर के लड़कों पर लगाये कई आरोप

**कम्पिल/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कंपिल क्षेत्र के रुदायन गांव में जमीनी रंजिश में युवक की मौत के मामले में जेठ और देवर के लड़कों पर मृतक की मां ने आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थाना कंपिल क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी 32 वर्षीय अनुज को मंगलवार शाम उसकी मां कमलेश गंभीर हालत में लेकर अस्पताल पहुंचीं। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनुज अविवाहित था और चार भाइयों में सबसे छोटा था। देवर और जेठ के लड़कों से उसकी पिटाई की है। जमीन में हिस्सा कमलेश मांगते है। मृतक की मां का कहना है कि मारपीट के बाद उसने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की थी। इसके कुछ देर बाद अनुज के पेट में तेज दर्द शुरू हो गया। हालत बिगड़ने पर कमलेश उसे ई-रिक्शा से कायमगंज के निजी चिकित्सक के पास ले गई। वहां से उसे बाहर ले जाने को कहा गया। उसके बाद महिला उसे वापस कंपिल लेकर आई। इधर पुलिस को सूचना मिली युवक बेहोशी की हालत में पड़ा है। सूचना पर एसओ कंपिल नितिन चौधरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि युवक चौराहे पर बेहोशी की हालत में मिला था। उसकी मां भी वहीं थी। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि अब तक मारपीट संबंधी कोई तहरीर नहीं मिली थी। उधर, निजी चिकित्सक का कहना है कि युवक के पेट में चोट के लक्षण दिख रहे थे और इसी कारण उसे बाहर ले जाने की सलाह दी गई थी। फिलहाल पुलिस मौत के वास्तविक कारण और मारपीट के आरोप की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।


पुलिस के सामने आरोप लगाता पीड़ित भाई

# स्थगनादेश के बावजूद भूमि पर जबरदस्ती कब्जा कर रहे दबंग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह को दिये गये प्रार्थना पत्र में पीड़ित जयपाल सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम मानिकपुर थाना मऊदरवाजा ने कहा कि उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या-118 रकवा 0.6160 हे0 स्थित ग्राम मानिकपुर थाना मऊदरवाजा तहसील सदर पर गांव के दबंग व झगड़ालू किस्म के व्यक्ति रामनिवास पुत्र रूपलाल, आदित्य व सादित्य व अंकित पुत्रगण रामनिवास ने एक राय होकर दिनांक 22.11.2025 को समय करीब 12:30 बजे चार ट्रैक्टरो में ईट भरकर पीड़ित की कृषि भूमि पर फैला दी। पीड़ित ने जब विरोध किया, तो उपरोक्त लोगो ने एक राय होकर पीड़ित को मां बहिन की भद्दी-भद्दी गालियां दी और सादित्य ने अपनी गोट से तमन्चा निकालते हुए कहा कि साले यहां से भाग जा नही तो तुझे गोली मार देगें और हम किसी भी स्टे को नहीं मानते हैं। मैंने थाना पुलिस को खरीद लिया है मेरा कोई कुछ नहीं कर पायेगा। फइढञथ ने तुरन्त 112 नम्बर पर पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर आयी किन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गयी और कहा थाने जाओ अपनी शिकायत करो। पीड़ित थाना हाजा पर अपनी शिकायत करने गया किन्तु थाना पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। पीड़ित को अंदेशा है कि उक्त दबंग व झगड़ालू किस्म के लोग किसी भी दिन पीड़ित की जमीन पर निर्माण कार्य करा सकते हैं। उक्त घटना सीसीटीबी कैमरे में रिकार्ड है।

# चांदपुर में शुरू हुई भोजपुरी फिल्म सरपंचिन की शूटिंग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार विक्रांत सिंह राजपूत और लोकप्रिय अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की नई फिल्म सरपंचिन की शूटिंग नवाबगंज के चांदपुर स्थित एक ईट भट्ठा पर जोर-शोर से शुरू हो गई है। यह फिल्म अपने मजबूत सामाजिक संदेश और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित विषय वस्तु के कारण चर्चा में है।

फिल्म सरपंचिन का निर्देशन संजीत कुमार कर रहे हैं, जबकि इसका निर्माण बाबू सिंह मेडिकल कॉलेज के प्रबंधक डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने किया है। फिल्म की कहानी उन सामाजिक विसंगतियों को उजागर करती है जहाँ महिलाएं आरक्षित सीटों से चुनाव जीतकर प्रधान (सरपंच) तो बन जाती हैं, लेकिन उनके संवैधानिक और सामाजिक अधिकार उन्हें नहीं मिल पाते। फिल्म दर्शाती है कि कैसे इन महिलाओं के अधिकार का प्रयोग उनके पति या परिवार के अन्य सदस्य करते हैं। जिससे महिला प्रधान केवल नाम की मुखिया बनकर रह जाती है। निर्माताओं के अनुसारए सरपंचिन का मुख्य उद्देश्य समाज को यह स्पष्ट संदेश देना है कि महिलाओं को उनके राजनीतिक और सामाजिक अधिकार मिलने चाहिए। यह फिल्म महिलाओं को स्वतंत्र रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करती है। शूटिंग स्थल पर फिल्म के कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील दृश्यों को फिल्माया जा रहा है। जिससे पता चलता है कि यह फिल्म दर्शकों के बीच एक गहन चर्चा का विषय बन सकती है। विक्रांत सिंह राजपूत और आम्रपाली दुबे की यह बहुप्रतीक्षित जोड़ी इस गंभीर विषय पर आधारित फिल्म के माध्यम से भोजपुरी सिनेमा में एक नया और सार्थक आयाम जोड़ने जा रही है।


शूटिंग के दौरान व्यवस्थाओं में जुटे कर्मचारी

### सनातन जनहित सेवा समिति ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सनातन जनहित सेवा समिति ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सक्षम अधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाया जाये, गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिया जाये, जनपद का नाम पूर्व नाम की तरह पांचाल नगर घोषित किया जाये, हमारे धार्मिक स्थलों से गैर हिन्दू प्रतिबंधित होने चाहिए, विद्यालयों में संस्कृति एवं रामायण को अनिवार्य विषय के रुप में पढ़ाया जाये, आदि मांगें शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में विशाल गंगवार, सत्य नरायण चतुर्वेदी, अरुण कटियार, भागीरथ मिश्रा, महंत ब्रह्म चेतन गिरि, हिमांशु गंगवार, सचिन शर्मा, रोहित राठौर, उदयवीर, सुरजीत, कुलदीप कटियार, मानिक शाक्य, राजेश, राजकुमार राजपूत, निशांत, राजू, मयंक कुमार, पवन, आसू, रमन देव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बैंडबाजा कर्मचारी की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पतौंजा निवासी 26 वर्षीय शकील अहमद पुत्र मतीन अहमद ने जिला अस्पताल लोहिया में दम तोड़ दिया था। डॉक्टरों ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सूचना दी थी। बैंडबाजा मालिक मोहम्मद फिरोज शाह ने सोमवार को बताया कि 22 नवंबर 2025 को वे नगला हरिदास गांव में कुलदीप पाल की बहन की शादी में बैंडबाजा लेकर गए थे। शकील अहमद उनके बैंडबाजा में काम करता था। उसी रात करीब 11 बजे गांव के शाकिब पुत्र शकील और अन्य लोगों ने शकील अहमद के साथ मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। शकील को पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि उसकी हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लोहिया ले जाया गया। 23 नवंबर 2025 की शाम को इलाज के दौरान शकील अहमद की मौत हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जहानगंज थाना थानाध्यक्ष राजेश राय ने सोमवार को बताया कि आरोपी शाकिब पुत्र शकील के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

# भू-माफियाओं की शिकायत मुख्यमंत्री से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीड़ित ने भू-माफियाओं के खिलाफ मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की गयी है।

जानकारी के अनुसार सतेंद्र सक्सेना पुत्र स्व0 गंगाशरण सक्सेना निवासी 4/51 सुभाष नगर थाना मऊदरवाजा ने मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में कहा है कि महेन्द्र कटियार पुत्र रमेशचन्द्र कटियार निवासी अल्लाहनगर बढ़पुर थाना कादरीगेट एक शातिर किस्म का अपराधी है। जो चर्चित भू-माफिया प्रवीन कटियार पुत्र स्व0 ओमप्रकाश कटियार का सहयोगी है। प्रवीन कटियार माफिया अनुराग दुबे उर्फ डब्बन का साथी रहा है। जिसके दम पर महेन्द्र कटियार व प्रवीन कटियार भूमि से सम्बन्धित कई साजिशों को अंजाम देते आये हैं। गाटा सं0 701 अल्लाहनगर बढ़पुर जिसमें 21 हिस्सेदार हैं जिसका रकबा 19 डिसमिल है। उसमें प्रवीन कटियार पुत्र ओमप्रकाश कटियार व महेन्द्र कटियार के पिता स्व0 रमेशचन्द्र कटियार का नाम खतौनी में दर्ज है। जबकि रमेशचन्द्र कटियार के चार लड़के है। अरविन्द, सुधीर, हरेन्द्र व महेन्द्र, लेकिन रमेशचन्द्र कटियार के निधन के बाद उनके हिस्से में पौन डिसमिल जमीन भी नहीं पड़ रही है। महेन्द्र कटियार ने अपने भाइयो सहित सभी का हिस्सा बेच दिया है तथा अपनी आराजी से ज्यादा ढाई डिसमिल का बैनामा किया है तथा विक्रय की राशि प्रवीन कटियार व महेन्द्र कटियार द्वारा हड़प ली गयी है। इसी तरीके से प्रवीन कटियार ने भी इसी गाटा सं0 701 में आयी भूमि से अधिक का विक्रय किया है। उसके हिस्से में पौन डिसमिल से कम जमीन आयेगी, लेकिन ढाई डिसमिल से अधिक का विक्रय किया है। माफिया का हाथ होने के कारण ये खुलकर जमीनों की हेराफेरी करता है। गाटा संख्या 701 से 702 गाटा लगी हुई है। गाटा सं0 702 सरकारी तालाब की है। जिस पर क्रेता को कब्जा भी इसने करा दिया है। दोनों व्यक्तियो के द्वारा बेची गयी भूमि क्रेता का आज तक दाखिल खारिज नहीं करा सके हैं। महेन्द्र कटियार स्व0 रमेशचन्द्र कटियार के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में 2016-17 में प्रवीन कटियार ने षड़यत्र करके ढाई लाख रूपये स्वीकृत कराया, लेकिन आज तक महेन्द्र कटियार के द्वारा न ही एक रूपये निर्माण कार्य में लगाया गया है, न ही प्रधानमंत्री आवास योजना का कोई बोर्ड लगवाया, अरविन्द कटियार, सुधीर कटियार, हरेन्द्र कटियार व महेन्द्र कटियार के नाम या उनके माता पिता शान्ति देवी पत्नी रमेशचन्द्र कटियार के नाम गाटा सं0 705, 692, 701 आदि में कम जमीन होने के बाद भी ये चारों भाई प्रवीन कटियार की मदद से एक जमीन को काई बार में बेच देते थे। एक या दो भाई मिलकर बिना गाटा सं0 डाले (चौहदी) के आधार पर विक्रय कर देते थे। इसके बाद में गाटा सं0 डालकर प्रवीन कटियार द्वारा दूसरे को बैनामा करा दिया जाता था। इस तरह हर गाटा सं0 में 2 बार विक्रय पत्र तैयार होते थे। इस काम में मदद करने वाले प्रवीन कटियार ही पैसों का बंटवारा करते थे। इन तीन गाटा सं0 में 692, 701, 705 में चारों भाईयों के हिस्से में कुल 24 डिसमिल जमीन है, लेकिन अभी तक 66 डिसमिल जमीन विक्रय कर चुके है न ही आज तक इन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इन व्यक्तियों का पूरा गिरोह है जो सिविल मुकदमों में उलझाकर अल्लाहनगर बढ़पुर में आम जनता को परेशान करने के उद्देश्य से धन उगाही का कार्य करता है। गाटा सं0 78 अल्लाहनगर बढ़पुर में अजय कटियार का नाम दर्ज है। जिसके द्वारा किसी को जमीन बेची गयी है। इसमें प्रवीन कटियार ने अपनी पत्नी सीमा कटियार के नाम महेन्द्र कटियार की माँ शान्ति देवी पत्नी रमेशचन्द्र कटियार से एक फर्जी बैनामा करा रखा है। अजय कटियार के द्वारा जिस क्रेता को जमीन बेची गयी। उस पर 128/18, 640/10, 595/10 इस तरीके से कुल 5 सिविल मुकदमे डाल रखे हैं। प्रवीन कटियार बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है। ऐसी स्थिति में जांच कर कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

# शत-प्रतिशत ईएफडिजिटाईजेशन करने वाले 3 बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित

## लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है मीडिया, भ्रान्तियों को दूर कर जन-जन तक पहुंचाए एसआईआर की सही जानकारी: डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत समयावधि से पूर्व ईएफ डिजिटाईजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 3 बीएलओ को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और अन्य कार्मिकों को भी इसी उत्साह के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर अपील की कि प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक एसआईआर के बारे में सही जानकारी पहुंचायें और भ्रान्तियों को दूर करने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

जनपद में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत ईएफ डिजिटाईजेशन का कार्य चल रहा है, जिसमें 192 कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या-140 नसरुल्लापुर निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ रंजीत कुमार, विधान सभा क्षेत्र 195 भोजपुर के भाग संख्या-267 दान मंडी निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ ममता दीक्षित व 195 विधान सभा भोजपुर के भाग संख्या 214 के बीएलओ मधूप कुमार शाक्य ने ईएफ डिजीटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, जिस पर जिलाधिकारी ने तीनो बीएलओं को सम्मानित किया। डीएम ने वार्ता करते हुए बताया कि जनपद में विधानसभा


डीएम के साथ मौजूद सम्मानित बीएलओ

निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य हो रहा है, मीडिया के माध्यम से जनता को यह संदेश पहुंचाना है कि एसआईआर के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 4 दिसम्बर है। बीएलओ के द्वारा सभी के घरों में गणना फार्म पहुंचाये जा रहे हैं, सभी लोग जल्द से जल्द अपना अपना फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, यदि फार्म भरने में कोई कठिनाई आ रही है तो इसके लिए पंचायत स्तर के कर्मचारी जैसे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, बीएलओ आदि की सहायता ले सकते हैं, ये कर्मचारी आपका फर्म स्वयं भरकर आपसे वैरिफाई कराने के उपरान्त हस्ताक्षर करायेंगें और जमा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रांति पर विश्वास न करें, किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं कटेगा।

डीएम ने एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराया गया गणना फार्म ऑफलाइन के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी भरा जा सकता है। निर्वाचक बेवसाइड पर विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली में अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं और गणना प्रपत्र से विवरण उपलब्ध करा सकते हैं। सहायता के लिए, निर्वाचक संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उन निर्वाचकों को नोटिस जारी करेगा, जिनका गणना-प्रपत्र में दिया गया विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली का विवरण या तो उपलब्ध नहीं है या डेटाबेस से मेल नहीं खाता है। नोटिस प्राप्त होने पर निर्वाचक को निम्नलिखित श्रेणियों के आधार पर अभिलेख उपलब्ध कराने होंगे। किसी भी केंद्र सरकार/राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमित कर्मचारी/ पेंशनभोगी को जारी किया गया कोई भी पहचान पर/पेंशन भुगतान आदेश। 1 जुलाई 1987 से पहले सरकार स्थानीय प्राधिकरणों/ बैंकों/ डाकघर/ एलआईसी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा भारत में जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र/ प्रमाणपत्र/ अभिलेख।

सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र।, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन शैक्षणिक प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी या कोई भी जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहाँ भी हो), राज्य स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा परिवार रजिस्टर तैयार किया गया। सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र। आधार के लिए आयोग के पत्र संख्या 23/2025-ईआरएस/खंड 09 सितम्बर 2025 (अनुलग्नक) द्वारा जारी निर्देश लागू होने। बिहार एसआईआर की मतदाता सूची का अंश, 01 जुलाई 2025 की संदर्भ तिथि के अनुसार। यदि भारत के बाहर जन्म हुआ है (विदेश में भारतीय मिशन द्वारा जारी जन्म पंजीकरण का प्रमाण संलग्न करें), यदि पंजीकरण/ नागरिकीकरण द्वारा भारतीय नागरिकता प्राप्त की है (नागरिकता पंजीकरण प्रमाणपत्र संलग्न करें)। डीएम ने अपील की कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है, एसआईआर को लेकर जनता में यदि कोई भ्रान्तियां फैली हों तो उन्हें दूर करें, सही जानकारी उन तक पहुंचाए और इस अभियान में जिला प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिलाधिलारी सदर, अपर उप जिलाधिकारी सदर व कर्मचारी व आदि उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु तेग बहादुर का मनाया गया शहीदी दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में मंगलवार को 350वां शहीदी दिवस धूमधाम से श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्र उच्चारण और दीप प्रचलन के साथ किया गया।

भैया बहनों ने गुरु तेग बहादुर के जीवन उनके बलिदान तथा धर्म और मानवता की रक्षा के लिए किए गए अतुलनीय योगदान पर आधारित भाषण, कविताएं और भजन प्रस्तुत किया। आचार्य प्रदीप अवस्थी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने समाज में धार्मिक संस्था सत्य साहब और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया जो आज पूरे


कार्यक्रम में मौजूद भैया बहन

विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने भैया बहनों को गुरु के बताएं मार्ग पर चलने और राष्ट्र समाज के हित में समर्पित के लिए संदेश दिया। मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार कटियार ने भी भैया बहनों को मार्गदर्शन किया है और वर्तमान चुनौतियों से लड़ने का साहस प्रदान करने और भारत माता के लिए सदैव अपने प्राणों के बलदान के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य आदि उपस्थित रहे।

### एक्सीडेंट में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित मूलचन्द्र पुत्र होरीलाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह ग्राम खुदागंज थाना कमालगंज का रहने वाला है। दिनांक 11.11.25 को शाम करीब 4 बजे मेरी पत्नी सन्ता खेत से वापस आ रही थी, तभी खुदागंज मोड़ पर कमालगंज की ओर से आ रही मोटर साइकिल गाडी सं0 यूपी74एडी4983 के अज्ञात चालक ने बाइक को तेजी व लापारवाही से चलाते हुये पत्नी सन्ता के सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने डायल 108 एम्बुलेस को सूचना दी। एम्बुलेंस ने पत्नी को सीएचसी कमालगंज में भर्ती किया। जहां पत्नी की हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# पुलिस लाइन में लगे मेडिकल कैम्प में 137 आरक्षियों का हुआ उपचार


कैम्प के दौरान मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद बजरंग शाखा फतेहगढ़ के तत्वावधान में पुलिस लाइन में निःशुल्क मेडिकल कैंप (आंख और दांत) का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के आदेश अनुसार आरआई अभिषेक पांडे ने किया। पुलिस अस्पताल के डॉ. उदय प्रकाश मिश्रा ने व्यवस्था की। डेंटिस्ट डॉ0 आशीष मल्होत्रा और डॉक्टर निशित भट्ट नेत्र विशेषज्ञ की टीम ने बहुत ही कुशलता के साथ लगभग 137 मरीज का उपचार किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अंजुम दुबे, सचिन कुमार उपाध्यक्ष, मनीष अग्रवाल, बिंदु दुबे, ताइक्वांडो सचिव अजय प्रताप सिंह, सदस्य माधव सिंह आदि मौजूद रहे। पुलिस लाइन से प्रमोद तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।


आलू खरीदता व्यापारी

# आलू की आमद रही 500 पैकेट, 501 रुपये प्रति पैकेट बिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर आलू मण्डी में आलू की आमद बढ़ती जा रही है, जिससे आलू व्यापारी काफी खुश है। मंगलवार का आलू की आमद एक मोटर लगभग 500 पैकेट रही। वहीं भाव 421 से 501 रुपए प्रति पैकेट में बिक्री हुई। जो दिनेश चन्द्र गुप्ता ने खरीदा है। अब मंडी में दिनों-दिन आमद बढ़ने से आलू कारोबार से जुड़े लोगों में रौनक देखने को मिल रही है। वहीं आलू मंदी से किसानों में चिंता सता रही है। दिनों-दिन मण्डी में आलू की आमद बढ़ रही है। आलू आढ़तियों की दुकान पर आमद बढ़ने से रौनक लौट आयी है।

# होममेड अगरबत्ती मेकिंग प्रशिक्षण का हुआ समापन

**विधायक भोजपुर ने प्रतिभागियों को वितरित किये प्रमाण पत्र**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को बेसिक्स ऑफ़ होममेड अगरबत्ती मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। मुख्य अतिथि भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक ओमेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएँ आज आत्मनिर्भरता और


प्रमाण के साथ प्रतिभागी व अन्य

प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और घरेलू उद्योग स्थापित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को अगरबत्ती निर्माण की मूल तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें स्व-रोजगार के लिए सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण एवं बाज़ार में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। संचालन संकाय सदस्य दिव्यांशु मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सहायक सोमेश शर्मा ने बताया कि संस्थान जल्द ही डेयरी फार्मिंग, सेल फोन रिपेयिरिंग एवं सॉफ्ट टॉय मेकिंग के नए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। ये सभी प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण प्रारंभ हो चुके हैं और इच्छुक ग्रामीण युवा फतेहगढ़ स्थित संस्थान के कार्यालय में पहुंचकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। प्रतिभागी महिलाओं ने संस्थान एवं मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण ने उनके आत्मविश्वास में वृद्धि की है और उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। बैंक ऑफ इंडिया भविष्य में भी महिलाओं एवं युवाओं के कौशल विकास और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए ऐसे उपयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला टीचर कालोनी रेलवे रोड निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह उम्र 40 वर्षीय पुत्र महेश चन्द्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए सिटी हॉस्पीटल ले जा रहे थे। रास्ते में शैलेन्द्र कुमार सिंह की मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी खुशबू सहित तीन बच्चे बड़ा बेटा सत्यार सिंह, बेटी अविका, बेटा सिद्धार्थ सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# नेशनल जंबूरी के प्रश्नोत्तरी में विजयी छात्र को विंग कमाण्डर ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नेशनल जंबूरी के विशेष कार्यक्रम में स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया। जल थल और वायु सेना के अधिकारियों व विंग कमांडर सुजाता तिवारी के द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कानपुर मंडल से फर्रुखाबाद के छात्र विवेक शाक्य ने सही जवाब दिया। जिस पर विंग कमांडर सुजाता तिवारी ने सम्मानित किया। कानपुर मंडल के मंडल कॉन्टिनेंट लीडर स्काउट के सर्वेश कुमार श्रीवास्तव व जनपद के जिला संगठन कमिश्नर गजेंद्र सिंह व पुष्पेन्द्र शर्मा, राहुल मैसी, संजय कुमार गंगवार के साथ जनपद से जंबूरी में


विवेक को सम्मानित करती विंग कमाण्डर सुजाता तिवारी

आए हुए स्काउट मास्टर ने बधाई व शुभ कामनाएं दी। जिला मुख्य आयुक्त दिनेश चंद्र वर्मा, जिला सचिव डॉ. महेशचंद्र राजपूत व जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार त्रिपाठी ने भी बधाई दी और कहा कि सभी के उचित मार्गदर्शन में जनपद का नाम रोशन हुआ है। विवेक शाक्य सेठ कन्हैयालाल रामशरण रस्तोगी इण्टर कॉलेज में कक्षा 11सी का छात्र है।

# कांग्रेसियों ने एसआईआर की समय सीमा बढ़ाने की मांग की


बैठक के दौरान कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व विधायक स्व. विमल प्रसाद तिवारी के निवास सेठ गली पर कांग्रेसियों ने एसआईआर की समय सीमा तथा आम जन मानस की समस्याओं को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। वार्ता के दौरान जिला प्रवक्ता वरुण त्रिपाठी ने बताया कि एसआईआर की समय सीमा बढ़ायी जाये, तथा आम जन मानस को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सोंची, समझी रणनीति के तहत एसआईआर लागू की गई है। सर्वदलीय बैठक होनी चाहिए थी और निर्णय के बाद ही एसआईआर को लागू किया जाता। ऐसे में वोटरों के सामने समस्यायें आ रही है, इसलिए समय सीमा और बढ़ायी जाये, ताकि आम जन मानस को राहत मिल सके। वार्ता के दौरान शिवाशीष तिवारी, हिलाल शफीकी, वरुण त्रिपाठी, तनमय मिश्रा, आदित्य मिश्रा, अशोक राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# संकेत राजकीय विद्यालय में बच्चों को यातायात नियमों की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यातायात माह के तहत यातायात प्रभारी द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान का आयोजन संकेत राजकीय विद्यालय फतेहगढ़ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, यातायात संकेतों की पहचान, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, साथ ही पैदल चलने के सुरक्षित तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। संकेत राजकीय विद्यालय फतेहगढ़ में प्रभारी यातायात द्वारा मूकबधिर विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया। बच्चों को यातायात सुरक्षा के महत्व


विद्यार्थियों को जागरुक करते यातायात प्रभारी

के बारे में बताया गया और हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक संकेतों का पालन करने के नियम विस्तार से समझाए गए। यातायात प्रभारी ने बच्चों को सड़क सुरक्षा का पालन करने के साथ-साथ दूसरों को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। बच्चों को सुरक्षित गति से वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा मोबाइल फोन के उपयोग से बचने के बारे में भी जानकारी दी गई। सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य मूकबधिर बच्चों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर उनके जीवन को सुरक्षित बनाना और उन्हें सामाजिक रूप से जागरूक नागरिक बनाना है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण तथा यातायात विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। यातायात पुलिस फतेहगढ़ इस प्रकार के कार्यक्रम जारी रखेगा, ताकि समाज के समस्त वर्गों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया जा सके।

### अस्पताल में आयी नई अल्ट्रासाउंड मशीन, जल्द शुरु होंगे मरीजों के अल्ट्रासाउंड

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के सरकारी अस्पताल में नई अल्ट्रासाउन्ड मशीन पहुंच चुकी है और इसका इल्ट्रॉलेशन कार्य तेजी से चल रहा है। बरेली से आए इन्जीनियर ब्रज किशोर द्वारा मशीन स्थापित की जा रही है। कुछ ही दिनों में यह जाँच शुरू हो जायेगी। अस्पताल में तैनात डा 0 जितेन्द्र बहादुर ने हाल में पीसीपीएनडीसी कोर्स पूरा किया है। हालांकि उनका परिणाम अभी आना बाकी है। वह नई मशीन पर अल्ट्रासाउन्ड जाँच शुरु करेंगे। चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य ने बताया की जल्द से जल्द लोगों के अल्ट्रासाउन्ड होने शुरु हो जायेंगे। अस्पताल में आए मरीजों ने प्रभारी के इस कार्य की काफी सराहना की। उन्होने कहा अब मरीजों को अल्ट्रासाउन्ड करवाने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। सारी सुविधा अस्पताल में ही उपलब्ध करवाई जायेगी।


इल्ट्रॉलेशन कार्य करते इंजीनियर

# अमृतपुर विधायक ने किया नये कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ


प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ करते विधायक

**अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जायेगा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमृतपुर में नये कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य ने किया। जिसमें सेक्टर मोटर वाहन, जॉब रोल इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) असेंबली ऑपरेटर में 25 व जॉब रोल इलेक्ट्रिक वाहन रखरखाव टेक्नीशियन में 25 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके अतंर्गत 18 वर्ष से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण कराकर रोजगार से जोड़ा जायेगा। व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, आशीष कुमार (जिला कौशल प्रबन्धक), रविन्द्र नाथ वर्मा कार्यदेशक एव समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।


बैठक में मौजूद भाकियू नेता

### संयुक्त किसान मोर्चा के 11 प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर 26 नवंबर समय सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन को लेकर के भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष कटियार ने ग्राम पंचायत करनपुर दत्त के मजरा मोकुलपुर में बैठक कर किसानों से अधिक से अधिक संख्या में आने का आवाहन किया और मुजफ्फरनगर के सोरम में हुई सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत में 11प्रस्ताव पारित हुऐ, जिन पर चर्चा हुई, बिंदु बार निम्न हैं। जिसमें मृत्यु भोज पर पाबंदी, दहेज प्रथा पर पाबंदी, नशा मुक्ति पर पाबंदी, भ्रूण हत्या पर रोक लगे, लिव इन रिलेशन पर पाबंदी, प्रेम विवाह बिना माता पिता की मर्जी के न हो, शिक्षा पर जोर, पर्यावरण पर जोर, गौवंश संरक्षण जरूरी है, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो, सर्व खाफ पंचायत 10 वर्षों में होगी। इस मौके पर भाकियू नेता मौजूद रहे।

### दंपति सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला सूदन निवासी शांताराम पुत्र जगमोहन सिंह ने गांव के ही इंद्रजीत, हंसराज, लेखराज पुत्रगण टीकाराम व इंद्रजीत की पत्नी चांदनी के विरुद्ध गाली-गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 22 नवंबर रात 7:00 बजे उपरोक्त आरोपितों ने हमारे खेत की मेड़ तोड़ दी। जब मैंने इसका विरोध किया, तो उपरोक्त आरोपित मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। शोर सुनकर हमारे पिता जगमोहन व बहन श्वेता कुमारी मौके पर पहुंची, तो उक्त आरोपितों ने इन लोगों के साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे हम लोगों के शरीर पर काफी चोटें आईं और उक्त आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# मार्ग दुर्घटना में दो सपा नेता सहित चार घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सैफई जाते समय सपा नेता सर्वेश अंबेडकर व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य विजय यादव की गाड़ी नील गाय से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसमें सवार सपा नेताओं सहित चार लोग घायल हो गये। सभी सैफई शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, किशनी रोड पर सामने से नील गाय के आने से टक्कर हो गयी। जिसमें सर्वेश अम्बेडकर वद उनका पुत्र अशोक अम्बेडकर, विजय यादव एवं कार चालक उमेश व घायल हो गया। सर्वेश अम्बेडकर को छिबरामऊ के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहीं विजय यादव के सिर में चोट आयी। उपचार के बाद वह अपने निवास पर आ गये। जहां पर मिलने वालों ने हालचाल लिया।


सर्वेश अम्बेडकर को देखते सपा जिलाध्यक्ष

अन्य घायलों के जल्द स्वस्थ होने की समाजवादी परिवार ने कामना की। अस्पताल में सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, जिला प्रवक्ता विवेक यादव आदि लोगों ने पहुंचकर घायलों के हालचाल लिये।

# 145 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

इटावा, समृद्धि न्यूज़।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कराया गया जिसमें कुल 145 जोड़ों की शादी करायी गयी जिसमें से 7 मुस्लिम जोड़ा शामिल था सभी जोड़ों की कन्याओ ने अपने अपने वर को मालायें पहनाई, मुस्लिम कन्याओं का मौलिवियों द्वारा मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार एवं हिन्दू कन्याओ का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सभी रस्में अदा कर करायी गयी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायका सरिता भदौरिया ने सभी वर, बधुओ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी जोड़े सलामत रहे आगे आने वाला आप सबका जीवन सुखमय हो यही कामना है। उन्होने कहा कि जितने जोड़े आज विवाह के बन्धन में बंध रहे हैं पत्नी पति का, पति पत्नी का सम्मान करें, घर के बड़े बुजुर्गो का सम्मान कर उनका भी आशीर्वाद लें जब आप एक दूसरे का सम्मान करेंगे तो समाज में आपका भी सम्मान होगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, निर्धन, परिवारो की पुत्रियों की शादी कराने का लिया गया निर्णय बहुत ही सराहनीय है। ऐसी कन्याओं की शादी कराना बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर समाज में सामाजिक गतिशीलता लाना है।

उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले है जो लोग ऋष्ण लेकर अपनी पुत्रियों की शादी करते है ऐसे लोगो के लिए सामूहिक विवाह योजना बहुत ही अच्छी सिद्ध होगी। एक तरफउनके पैसे बचेगें और वही उनको लोन लेकर अपनी बेटी की शादी में राहत मिलेगी। उन्होने कहा कि सामूहिक शादियो के आयोजन ब्लाक स्तर पर कराये जायेगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित,निर्धन परिवारों को शासन द्वारा 1 लाख रू. की धनराशि स्वीकृत हैं जिसमें कन्या को अनुदान के रूप में 60,000 हजार रू खाते के माध्यम से प्रदान किये जा रहे है इसके साथ 25000 हजार रू. का सामान दिया जाता है एवं 15000 रुपए खाना आदि व्यवस्था में किया जाता है। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, सचिन यादव जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि, प्रदीप तिवारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्यारानी बघेल सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज

**13 दिसंबर को होगा भव्य आयोजन**

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जिले में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 दिसंबर को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन करेंगे, जबकि आयोजन की तैयारियों की निगरानी विशेष न्यायाधीश, लोक अदालत नोडल अधिकारी संजय कुमार चतुर्थ व अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रूपेंद्र टोंगर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की लगातार समीक्षा की जा रही है और सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जा सके। लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर सिविल वाद, राजस्व वाद, क्रिमिनल कंपाउंडेबल दांडिक वाद, बिजली चोरी, स्टाम्प वाद, श्रम विवाद, धारा 138 एनआई एक्ट के वाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले, बैंक रिकवरी केस और नगर पालिका से संबंधित वादों सहित कई मामलों का निपटारा किया जाएगा।

# बीएलओ कर रहे बड़े स्तर पर मनमानी : कांग्रेस



इटावा, समृद्धि न्यूज।

**एसआईआर प्रक्रिया के लिए समय बढ़ाए जाने की मांग**

चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई एसआईआर प्रक्रिया में जनपद के कई क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं के कारण आम जनमानस अपने सबसे बड़े अधिकार मताधिकार से वंचित होता हुआ दिखाई दे रहा है। जिस तरह बिहार में चुनाव आयोग ने ग़लत एसआईआर कराके बीजेपी सरकार को फायदा पहुंचाया है। उसी की पुनरावृत्ति अब उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रही है। यह बात कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित एक प्रेसवार्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने चुनाव आयोग के प्रति अपनी नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि एक महीने के कम समयावधि में जिस तरह से एसआईआर प्रक्रिया कराई जा रही है उससे साफ़ ज़ाहिर होता है कि चुनाव आयोग की मंशा क्या है? इतने कम समय में एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकती इसके लिए उन्होंने चुनाव आयोग से समय बड़ाए जाने की भी मांग की। ताकि सभी मतदाताओं का नाम एसआईआर मे दर्ज़ हो सके।

प्रेस वार्ता में पूर्व शहर अध्यक्ष एड.पल्लव दुबे, पीसीसी सदस्य प्रमोद शंखवार, पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, प्रवक्ता प्रेरणा ज़ुबैरी, सरवर अली, प्रदीप दुबे, अनूप सिंह परमार एवं अंसार अहमद सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### डिवाइडर से टकराई कार, पांच घायल



**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर पिलखर के पास डंफर को ओवरटेक करने में क्रेटा कार डिवाइडर से टकरा कर उसके ऊपर चढ़ जाने से क्षतिग्रस्त हो गई, कार में सवार दो महिला समेत पांच लोग बाल बाल बच गए। बसरेहर के रहने वाले शिवम पुत्र सियाराम उसमे बैठी दो बहनें शालिनी और धूपमाला व मैनपुरी के बहनोई सुमित के साथ ड्राइवर समते कार में पांच लोग सवार होकर सोमवार दोपहर बाद औरैया के तरफसे इटावा की ओर जा रहे तभी गांव पिलखर के पास पहुचने पर आगे चल रहे डंफर को कार से ओवटेक करते समय कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगे अबरोधक पत्थर से टकरा कर उसके ऊपर चढ़ने से चीख पुकार मंच गए। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में बैठे सभी लोग बाल बाल बच गए। बो तो गलिमत रही कि उस समय डंफर ज्यादा तेज गति से नही आ रहा था नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हाइवे से हटवाकर कर किनारे कराया।

### लूट का खुलासा, एक गिरफ्तार, तीन आरोपी फरार

**जसवंतनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन दिन पहले हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसके तीन साथी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। घटना शनिवार दोपहर तीन बजे की है। ग्राम फुलरई निवासी गणेश दुबे इटावा से अपने गांव लौट रहे थे। तभी पल्सर और अपाचे बाइक पर सवार चार युवकों ने उनका पीछा किया और गांव के पास पहुंचकर उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने मारपीट करते हुए उनके गले से करीब दो तोले की सोने की चौन छीन ली, जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की। मंगल की दोपहर चेकिंग के दौरान जमुना बाग से धरवार जाने वाले मार्ग पर धरवार चौकी प्रभारी यशवीर तोमर ने आरोपी प्रशांत पुत्र अमृत सिंह निवासी बाजपेई नगर रेलवे स्टेशन, कस्बा भरथना को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी औरैया जनपद में आबकारी विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि फरार तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा बुजुर्ग दंपत्ति को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल करने वाले दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। बबेरू कोतवाली से सामने आया है। जहां बांदा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे, अभियान के क्रम में कल रविवार की रात्रि बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके द्वारा एक बुजुर्ग दंपति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। बता दे की कुछ दिन पहले बबेरू कस्बा क्षेत्र में दो व्यक्तियों के द्वारा एक बुजुर्ग दंपत्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके संबंध में बुजुर्ग दंपति के पुत्र के द्वारा बबेरू कोतवाली में प्रारंभिक अभियोग पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में पीड़ित बुजुर्ग दंपति की मेडिकल परीक्षण में दर्शित चोटों के आधार में घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्य तथा प्रत्यक्षदर्शी के गवाहों के बयानों के आधार पर बबेरू कोतवाली में अभियोग में विधिक रूप से आवश्यक गंभीर धाराओं की वृद्धि की गई थी, इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा दंपति के साथ मारपीट करने वाले संजय पुत्र अशोक निवासी भभुवा थाना मरका व अभिलाष पुत्र कमल निवासी अरथरा थाना बबेरू को बबेरू कस्बे के शिवाजी चौराहा अतर्रा रोड मोहल्ला अंबेडकर नगर कस्बा बबेरू से दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसमें अभियुक्तों की निशान देही पर घटना में प्रयुक्त की गई लकड़ी व डंडा व लोहे की रॉड बरामद की गई है, जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए आज सोमवार की दोपहर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक कस्बा इंचार्ज शिवरतन गुप्ता, कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, अमित कुमार मौजूद रहे।

## घायल युवक ने डाक्टर से की अभद्रता

बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज़। घायल युवक ने उपचार के दौरान 50 शैय्या में उपचार के दौरान उपचार करने वाले ईएमओ चिकत्सक से ही अभद्रता की। युवक शराब के नशे में सड़क किनारे गश्त के दौरान पुलिस को घायल अवस्था में पड़ा मिला था।युवक सीने पर सपा मुखिया का टैटू बनवाये था। सपा मुखिया का टैटू दिखाकर इलाज करते चिकित्सक से उलझा घायल युवक को पुलिस कर्मी उपचार के लिए रात पौन बजे 50 शैय्या अस्पताल ले गए थे। चिकित्सक ने इस संबंध में थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र भी दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सोमवार रात्रि करीब साढ़े 12 बजे कस्बा में बाइक से भ्रमण करती पुलिस को हाईवे के किनारे एक युवक सड़क पर घायलावस्था पड़ा मिला। उसके सिर में चोट लगी हुई थी पास में ही मोटरसाइकिल भी पड़ी थी। बताते हैं युवक नशे में होने के कारण बाइक के असंतुलित होकर गिर गया था। पुलिस घायल युवक को लेकर उपचार के लिए 50 शैय्या अस्पताल पहुंची जहां 50 शैय्या अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात ईएमओ डॉक्टर रविंद्र साहू जब उसे युवक का उपचार करने लगे तो नशे में युवक ने चिकित्सक से अभद्रता की। तथा चिकित्सक का गिरेवान पड़कर उलझ गया। जिससे चिकित्सक के गर्दन के पास खरोच के निशान आ गए। अस्पताल में उस समय एक मात्र पुरुष के रूप में ईएमओ चिकित्सक डॉक्टर रविंद्र साहू थे। शेष अन्य पैरामेडिकल स्टाफलेडीज था। डॉ साहू ने बताया कि जिस फार्माशिष्ट की रात्रि में इमरजेंसी में ड्यूटी लगी थी। वह नहीं आये थे। डॉक्टर रविंद्र साहू ने थाने पर रात में ही जाकर पूरे मामले की पुलिस से शिकायत की। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। घायल युवक को बाद में पुलिस ने उसके परिवार वालों को बुलाकर सौंप दिया था। अस्पताल की चिकित्सा के दिए गए प्रार्थना पत्र पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## स्व. महाराज सिंह को किया नमन

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।** भरथना विधान सभा क्षेत्र का लगातार पांच बार प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व विधायक स्व. महाराज सिंह यादव की 25वीं पुण्यतिथि पर समाजसेवियों सहित उनके परिजनों ने हवन पूजन अर्चन उपरान्त उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किये गये कार्यों का स्मरण किया।

पूर्व विधायक स्व. महाराज सिंह यादव की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड के एसएवी डिग्री कालेज के समीप स्थित स्व. महाराज सिंह स्मारक स्थल पर पहुँचकर समाजसेवियों व पूर्व विधायक स्व. महाराज सिंह यादव के परिजनों सहित अन्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इससे पहले परिजनों ने हवन पूजन भी किया तथा भरथना में जनहित में उनके द्वारा किये गये कार्यों का भी स्मरण किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का, सपा जिलाध्यक्ष औरैया सर्वेश बाबू गौतम, पूर्व विधान परिषद सदस्य रामनरेश यादव बाबाजी, एड. सुधीर यादव, विपिन यादव, सुरेश यादव लोकदल, प्रताप सिंह यादव, मुकेश यादव, ऋषभ यादव रिशु, पम्मी यादव, प्रधान शेरा यादव, बादाम यादव, रामनरेश यादव, अमन, मोहित, नागेन्द्र यादव, मनोज राठौर मौजूद रहे।

## लेखिका मंतशा को मिला नारी शक्ति सम्मान



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** ड्रीम्स आफ लाइफ फाउंडेशन के कार्य को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में 24 नवम्बर दिन सोमवार को राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश में नारी शक्ति सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज, संरक्षिका डा. संगीता, संरक्षक अरुणेश सिंह, सह संरक्षक डा. मनोज सह संरक्षिका डा. रीमा आर्या ने बताया संस्था के उत्कृष्ट कार्यो और साथ ही लेखनी को देखते हुए राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश में नारी शक्ति सम्मान 2025 से ड्रीम्स आफ लाइफ की संस्थापिका मंतशा को सम्मानित किया कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसमें मुख्अतिथि वन /पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# विधायिका ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

जसवंतनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।

संभागीय कृषि प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र के राजकीय कृषि शोध क्षेत्र नई जसवंतनगर में सोमवार को एक दिवसीय कृषि ज्ञान मेला, कृषक गोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत उप कृषि निदेशक शोध इटावा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा उप कृषि निदेशक एन. सिंह ने प्रस्तुत की। मेले में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में रासायनिक खादों पर अत्यधिक निर्भरता मानव स्वास्थ्य, मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण के लिए नुकसानदायक सिद्ध हो रही है। इसलिए किसान जैविक खाद, गोबर खाद और प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाएं। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज जैसे बाजरा, ज्वार, कोदो, कुटकी और जौ न केवल स्वास्थ्यवर्धक हैं बल्कि कम पानी, कम उर्वरक और कम लागत में उगाए जा सकते हैं। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और खेती टिकाऊ बनेगी। कार्यक्रम के अंत में किसानों को प्रमाणपत्र और सूचना पुस्तिकाएं वितरित की गईं। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक आर्यन सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम.के. सिंह, डॉक्टर पुष्पा सिंह, सहायक विकास अधिकारी बलवीर सिंह, शोध अधिकारी गजेंद्र सिंह तथा कृषि प्रबंधक एशलेंद्र सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

# खाद की समस्या को लेकर किसानों ने लगाया जाम

**सूचना पर समाजसेवी व प्रशासन ने लोगों को समझाकर खुलवाया जाम**

बांदा, समृद्धि न्यूज।



तहसील बबेरू के सहकारी समिति भदेहदू साथी से सामने आया है एक हफ्ते से लगातार किसान समिति के लगा रहे थे चक्कर फिरभी खाद न मिलने पर आज दिनांक 25 नवंबर को आक्रोशित भीड़ ने बबेरू बिसंडा मार्ग पर घंटों जाम लगाए रखने से दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गई आक्रोशित लोगों का कहना था कि जबतक सोसायटी से खाद वितरण नहीं शुरू किया जाता तबतक हमलोग सड़क से हटने वाले नहीं हैं स्थानीय तहसील प्रशासन ने समाजसेवी पीसी पटेल जनसेवक को जानकारी दी तभी पीसी पटेल मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास सफल रहा मौके पर नायब तहसीलदार मनोहर सिंह, कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह राजावत सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा समाजसेवी ने सहकारी समिति के कर्मचारियों को बुलवाकर टोकन वितरण करते हुए लगभग 300 लोगों को दो दो बोरी खाद वितरण करवाया शांति व्यवस्था कायम है साथ ही समाजसेवी पीसी पटेल जनसेवक ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों सहित माननीय जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि किसानों को हो रही परेशानी में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि किसानों की समस्याओं का समाधान हो सके जनसेवक ने आगे कहा कि किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा हम किसानों की समस्याओं के लिए अन्तिम सांस तक लड़ाई लड़ते रहेंगे।

## 60 वर्ष के बुजुर्गो के बनें आयुष्मान कार्ड : कुलदीप

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** समाजसेवी कुलदीप शुक्ला ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर साठ वर्ष या उससे अधिक के बुजुर्ग लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने की मांग किया है। समाजसेवी कुलदीप शुक्ला ने बताया कि अभी 70 वर्ष के सभी आय वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं। चूंकि औसत आयु सीमा घट रही है और लगभग पचास वर्ष में लोग रोजगार से दूर हो रहे हैं। ऐसे में 60वर्ष के सभी आय वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाय।70 वर्ष तक पहुंचते- पहुंचते बहुत से लोग अन्तिम यात्रा पर निकल जाते हैं। ऐसे में 60वर्ष के लोगों को भी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य का लाभ दिया जाए।

# डीएम-एसपी ने सिमौनी धाम मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**संबंधित अधिकारियों के साथ मीटिंग कर दिए गये दिशा-निर्देश**

बांदा, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी बांदा जे. रीभा एवं पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना बबेरु क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमौनी में आयोजित होने वाले परंपरागत मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मेला क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, प्रसाद वितरण स्थल, भीड़ नियंत्रण, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को लेकर विस्तृत बैठक की गई। जिसमें मेले के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात को सुगम बनाने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, रात में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं व आमजन के लिए सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित विभागों को व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह, एवं प्रभारी निरीक्षक थाना बबेरु राजेन्द्र सिंह राजावत सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसआईआर की समय बीमा बढ़ायी जाये : राजेश दीक्षित



**एसआईआर को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की पत्रकार वार्ता**

बांदा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय स्टेशन रोड बांदा में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में वर्तमान में उत्तर प्रदेश में चल रही एसआईआर प्रणाली को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में प्रेस से रूबरू होते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है समय सीमा एक माह पर्याप्त नहीं है साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में ऐसे अनेक गांव है जहां के मतदाता जागरूक नहीं है और प्रशासन की ओर से लगाए गए बीएलओ वहां पहुंच नहीं पा रहे हैं जबकि शासन प्रशासन इस बात के दावे कर रहा है कि 99 प्रतिशत मतगणना प्रपत्र घर-घर जाकर बीएलओ के द्वारा दिए जा चुके हैं जबकि सत्यता यह है की एसआईआर फार्म ही उपलब्ध नहीं करा पाए उन्होंने मांग की कि मतगणना प्रपत्र भरवा जाने की समय सीमा कम से कम तीन माह होनी चाहिए साथ ही उन्होंने कांग्रेस जनों से आवाहन किया कि आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में पूरे देश से कांग्रेस जन भारी शंख्या पहुंचेंगे राहुल गांधी के नेतृत्व में बहुत बड़ा प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है जनपद से कांग्रेस जन अधिक से अधिक संख्या में इस प्रदर्शन में शामिल हो कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने प्रेस वार्ता में अपनी बातें रखी की शहर के अंदर 31 वार्ड है मैं घर घर जाकर प्रत्येक वार्डो में प्रतिदिन अपने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर जायजा ले रही हूं साथ ही सभी बीएलओ से संपर्क कर उनसे आग्रह भी किया जा रहा है की फॉर्म समय के अंदर मतदाताओं के पास पहुंचा जाए जबकि अधिकांश वार्डो में ठस्व् नहीं पहुंच पाए हैं अधिकांश बीएलओ को फॉर्म भरने का प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया इस कारण उनका अशुद्ध हो रही है उन्होंने मांग की जिन वार्डों में महिला ठस्व्लगाई गई है उनके पास इस काम के अलावा भी अनेक घरेलू काम रहते हैं साथ ही कार्य की अधिकता के कारण महिला बीमार हो रही है अतः वार्डों में प्रत्येक बूथ में जहां पर महिला है वहां पर एक के स्थान पर दो महिला बीएलओ लगाई जाए। साथ ही इस अवसर पर मुमताज अली, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया।

# ग्राम शिवहद में जन जागरुकता अभियान का आयोजन




बांदा, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को ग्राम पंचायत शिवहद ब्लाक महुआ में असंगठित मजदूर मोर्चा के तत्वाधान में जन जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्करी, बचपन बचाओ आंदोलन, स्वास्थ्य शिक्षा, और जीरो पवर्टी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को श्रम विभाग से अपना रजिस्ट्रेशन कराने और इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, श्रम विभाग की सुमंगला मुख्यमंत्री आश्रित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जिनमें राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, और आवास आदि शामिल थे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व असंगठित मजदूर मोर्चा बांदा के जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद जी ने किया, जिनका मोबाइल नंबर 7408857516 है। इस अवसर पर मोर्चा के जिला महामंत्री भगवती प्रसाद नामदेव, जिला संयोजक मंत्री शिवकुमार विमल जी, और अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकली श्रीराम की बारात

**जगह-जगह हुई भव्य स्वागत आरती**

बांदा, समृद्धि न्यूज।



गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अयोध्या वासी मंदिर में श्री राम विवाह का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर में श्री राम की भव्य बारात निकली, बारात में शामिल हुए लोगों ने नृत्य भी किया।

श्री राम विवाह से पहले उनकी बारात धूमधाम से निकली। बाजे गाजे के साथ बारात शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकली। राम भक्तों ने जगह-जगह मंगल आरती कर प्रभु श्रीराम से आशीर्वाद प्राप्त किया।बारात जब अयोध्यावासी मंदिर पहुंची तो विवाह उत्सव के अंतर्गत मंडप पूजन कार्यक्रम तत्पश्चात महिलाओं ने प्रांगण में मंगल गीत गाए बाद में अन्य वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुए तथा कन्या भोज व भंडारा भी कराया गया।

इस अवसर पर प्रकाश द्विवेदी सदर विधायक बांदा, मालती गुप्ता बासु, कल्लू सिंह राजपूत, कमलेश, अमित, मेवालाल, रामचंद्र, विजय, आशीष, हरिओम, रामचंद्र, कैलाश, रजत, आशुतोष, हिमांशु, राकेश, किशोर, लल्लू भैया, राजकुमार, खाटूश्याम पदाधिकारियों में सुधीर, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## रामलीला में परशुराम व लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवाद



संकटमोचन मंदिर चल रही रामलीला के पांचवें दिन मंगलवार सुबह-सुबह धनुष भंग लीला का मंचन कलाकारों ने किया। परशुराम-लक्ष्मण संवाद को सुनने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही। जब परशुराम को भगवान राम के अवतार के बारे में ज्ञान हुआ तो उन्होंने अपने संदेह को दूर करने के लिए धनुष उन्हें दिया। पुत्री सीता के विवाह के लिए राजा जनक ने सीता स्वयंवर का आयोजन किया। उपस्थित राजा जब धनुष को उठाना तो दूर हिला तक नहीं सके तो परेशान होकर राजा जनक विलाप करने लगे उन्होंने कहा कि उन्हें आज पता चला कि पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है। जनक का विलाप सुन दर्शक भाव विभोर हो गए। जनक की बातें सुन लक्ष्मण क्रोधित हो उठे तब भगवान राम ने इशारे से उन्हें रोका और विश्वामित्र से आज्ञा लेकर धनुष का भंजन किया। धनुष टूटते ही सीता ने भगवान राम के लगे में जयमाला डाल दी। धनुष टूटने की आवाज सुनते ही परशुराम स्वयंवर में आ गए और धनुष तोड़ने वाले का नाम पूछने लगे, इस पर वहां सन्नाटा छा गया। वहीं परशुराम और लक्ष्मण के बीच जमकर शब्दों के बाण चले। परशुराम लक्ष्मण संवाद का लुत्फ उठाने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही। आयोजन समिति अध्यक्ष महंत उमाशंकर दास, धर्मेन्द्र त्रिपाठी ज्ञानेंद्र, जयराम, अवधेश, शिवकुमार , सुरेंद्र, संतोष, अशोक, पप्पू, छोटा सिंह, बल्लू, राधेश्याम, विवेक, मयंक, सुभम, लल्लू, पवन, सपन, अतुल, मृदुल, रंजीत, कमल, लाखन, रज्जन, प्रांशु, राहुल मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बाइक से भाई ने बहन को छोड़ने ससुराल जा रहा। तभी उमरहनी के पास चार पहिया वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज हेतु सामु स्वा केन्द्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गुरौली सपाहाई निवासी मोहन पुत्र चुन्नीलाल उम्र 30, कुंती पत्नी हीरालाल निवासी टोलकला उम्र 35 बेटा ,पुष्पेंद्र पुत्र हीरालाल 4 वर्ष, व भतीजा राहुल उम्र 12 ये सभी लोग बाइक में सवार होकर मामा के साथ टोलाकला गांव जाते समय उमरहनी के पास सामने से आ रही रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने आनन फानन में मोहन व पुष्पेन्द्र को सीधे जिला अस्पताल ले गए व कुंती देवी व, भतीजा राहुल को सामु स्वा केन्द्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां मोहन बाइक चालक की मेडिकल कालेज बांदा में मौत हो गई। मृतक ने पत्नी अंजू और एक बेटी को छोड़ गया।